e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 31

**सुविचार**
गलत तरीके अपनाकर सफल होने से यही बेहतर है, सही तरीके के साथ काम करके असफल होना!

# प्रभात मंत्र

शनिवार
01.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई/नई दिल्ली :** लगातार सात हफ्ते की गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़त दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 जनवरी को समाप्त हफ्ते में 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को आंकड़ों में बताया कि 24 जनवरी को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 1.89 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 24 जनवरी को समाप्त हफ्ते में देश विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.75 अरब डॉलर बढ़कर 537.89 अरब डॉलर हो गईं है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 70.4 लाख डॉलर बढ़कर 69.65 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड डॉलर बढ़कर 17.86 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 3.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.15 अरब डॉलर हो गया।

### सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल, राजनीति या किसी अन्य स्थान पर सूक्ष्म भेदभाव महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने महिला आयोग को इस विषय पर मंथन कर राष्ट्रीय दावा तैयार करने की सलाह दी।उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण हमारे पास पहली बार एक संवैधानिक नुस्खा है। महिलाएं हर सीमा को पार कर रही हैं और वे रक्षा बलों में युद्धक पदों पर हैं। चारों ओर एक ऐसा इकोसिस्टम है, जो उनके लिए सकारात्मक है।उन्होंने कहा कि आयोग को सूचना के प्रसार और रचनात्मक अनुनय का चलन शुरू करना चाहिए।

### शिवसेना शिंदे समूह के लापता पदाधिकारी का शव गुजरात के भिलाड़ में बरामद

**मुंबई :** शिवसेना शिंदे समूह के लापता पदाधिकारी अशोक ढोडी का शव शुक्रवार को पालघर पुलिस ने गुजरात के भिलाड़ में स्थित एक बंद खदान से बरामद कर लिया है। घोलवाड पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले में अशोक ढोडी के भाई अविनाश ढोडी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।पुलिस के अनुसार अशोक ढोडी 20 जनवरी से लापता थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान पता चला था 20 जनवरी उनकी कार पालघर से गुजरात की ओर जाते हुए देखी गई थी। इसी आधार पुलिस इस मामले की गुजरात में लापता अशोक ढोडी की तलाश कर रही थी।

### सैनी जब से सीएम बने तभी से उड़न खटोले पर हैं सवार : विज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने फिर से अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी को सीधे तौर पर घेर लिया है। शुक्रवार को जारी बयान में अनिल विज ने कहा कि नायब सैनी जब से मुख्यमंत्री बने है तब से उड़न खटोले पर हैं, ये सिर्फ उनकी नहीं बल्कि सभी विधायकों और मंत्रियों की आवाज है। विज बोले चुनाव के दौरान उन्हें किसी बड़े नेता ने हराने की कोशिश की और उन पर हमला हुआ। सौ दिन बीतने के बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब उन्हें फर्क नहीं पड़ता। मंत्री अनिल विज ने कहा कि फिर भी यह बहुत ही गंभीर बात है। गंभीर इसलिए है कि हमारे मुख्यमंत्री उड़न खटोले से नीचे नहीं उतरते, जिस दिन से मुख्यमंत्री बने हैं उसे दिन से उड़न खटोले पर ही है नीचे उतरे तो जनता के दुख दर्द को देखें।

### नेपाल सीमा के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर :** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के मोहना थाना क्षेत्र स्थित भारत-नेपाल सीमा के ककरहवा बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते समय एक चीनी नागरिक को सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का नाम झी युंग बोधिसत्व है। एसएसबी जवान और मोहना थाना पुलिस ने उसे ककरहवा बॉर्डर के पिलर संख्या 544 के पास से गिरफ्तार किया। चीनी नागरिक की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही सुरक्षा जांच एजेंसी भी अलर्ट हो गई हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

---

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर पुअर लेडी व बेचारी वाले बयान पर घिरी सोनिया गांधी

# सोनिया के बयान पर बवाल

**सोनिया गांधी की टिप्पणी को भाजपा ने राष्ट्पति का अपमान करार दिया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल मच गया। सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा। राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। इस पर भाजपा ने पलटवार किया और इसे राष्ट्रपति का अपमान करार दिया।

दरअसल, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं, वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।

सोनिया गांधी की टिप्पणी को भाजपा ने राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के खिलाफ जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया, मैं उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है?

#### प्रियंका ने सोनिया गांधी का किया बचाव

भाजपा के आरोपों के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि उनकी टिप्पणियों की गलत व्याख्या की जा रही है. यह विवाद एक वीडियो क्लिप के बाद सामने आया है, जिसमें सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ अनौपचारिक रूप से बात कर रही हैं और राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के बाद उनकी कथित थकावट को लेकर टिप्पणी करती हैं.कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी का बचाव करते हुए कहा,मेरी मां 78 वर्षीय महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा कि राष्ट्रपति जी इतना लंबा भाषण पढ़कर थक गई होंगी, बेचारी. मुझे लगता है कि वह उनके (राष्ट्रपति) प्रति अत्यंत सम्मान रखती हैं. मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया ने इस तरह की बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया है. वे दोनों सम्मानित लोग हैं, वे हमसे उम्र में बड़े हैं. यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उनका कोई अपमान करने का इरादा नहीं है.





#### कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार देश ने फिर देखा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी की टिप्पणियों की निंदा की. साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर सामंती और अभिजात्य मानसिकता बनाए रखने का आरोप लगाया, जो भारत के पहले आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान करती है.पीएम मोदी ने कहा,कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार देश ने फिर देखा. आज हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया. उन्होंने देशवासियों की उपलब्धियों के बारे में बताया, विकसित भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया. उन्होंने कहा, हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन भाषण दिया,लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है.मोदी ने कहा कि शाही परिवार के एक सदस्य ने कहा कि आदिवासी बेटी ने 'बोरिंग भाषण दिया और दूसरी सदस्य ने तो इससे भी एक कदम आगे बढ़ते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को बेचारी, गरीब, चीज और थकी हुई कहा. उन्होंने कहा,ये देश के आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है. भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोनिया गांधी की टिप्पणी की निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें.

#### राष्ट्रपति भवन ने सोनिया के बयान की निंदा की

राष्ट्रपति के कार्यालय ने एक औपचारिक बयान जारी कर इन टिप्पणियों की निंदा की. साथ ही उन्हें अस्वीकार्य बताया और कहा कि वे स्पष्ट रूप से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं. बयान में कहा,राष्ट्रपति भवन यह साफ करना चाहता है कि सच्चाई से दूर कुछ भी नहीं हो सकता है. राष्ट्रपति किसी भी वक्त थकी हुई नहीं थीं. वास्तव में उनका मानना है कि हाशिये पर मौजूद समुदायों, महिलाओं और किसानों के बारे में बोलना जैसा वह अपने संबोधन के दौरान कर रही थीं, कभी भी थका देने वाला नहीं हो सकता है. इसके साथ ही बयान में कहा गया कि ऐसा हो सकता है कि ये नेता हिंदी जैसी भारतीय भाषाओं के मुहावरे और विमर्श से वाकिफ नहीं हों, इसलिए इस तरह की गलत धारणा बना ली.

---

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने संसद में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण



**आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 10,700 गांव तक दूरस्थ क्षेत्रों में दिसंबर 2024 तक 4जी मोबाइल सेवाएं पहुंचाई गई हैं। 2031 किलोमीटर रेलवे नेटवर्क पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक कमीशन किया गया है। 17 नई वंदे भारत ट्रेन अप्रैल से अक्टूबर के बीच में चलाई गई हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा और राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2020 से 2025 के दौरान प्रमुख क्षेत्रों में ढांचागत निर्माण में सरकारी पूंजी व्यय 38.8 प्रतिशत बढ़ा है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि महत्वपूर्ण क्षेत्र में ढांचागत विकास की गति लगातार बनी हुई है। केंद्र सरकार का प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर पूंजीगत व्यय 2019-20 से 2023-24 तक 38.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। 2024-25 में पूंजीगत व्यय में जुलाई से नवंबर 2024 के बीच तेजी आई। इसके अनुसार बिजली क्षेत्र में स्थापित क्षमता 7.2 प्रतिशत (वर्ष दर वर्ष) बढ़कर 456.7 गीगावाट हो गई। कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में 15.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिसंबर 2024 (वर्ष दर वर्ष) में यह 209.4 गीगावाट तक पहुंच गई। शहरी क्षेत्रों में दैनिक औसत बिजली आपूर्ति वित्त वर्ष 2014 में 22.1 घंटे से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 23.4 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्त वर्ष 2014 में 12.5 घंटे से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 21.9 घंटे हो गई। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 10,700 गांव तक दूरस्थ क्षेत्रों में दिसंबर 2024 तक 4जी मोबाइल सेवाएं पहुंचाई गई हैं। 2031 किलोमीटर रेलवे नेटवर्क पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक कमीशन किया गया है। 17 नई वंदे भारत ट्रेन अप्रैल से अक्टूबर के बीच में चलाई गई हैं। 5853 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग अप्रैल से दिसंबर के दौरान तैयार किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों को पाइप से पेयजल उपलब्ध कराया गया है।

---

## सचिन को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड शनिवार को नमन पुरस्कार समारोह के दौरान सचिन तेंदुलकर को सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित करेगा, जबकि रविचंद्रन अश्विन को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।खेल के दिग्गज खिलाड़ी तेंदुलकर ने भारत के लिए 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी20 मैच खेले और सभी प्रारूपों में 34,000 से ज़्यादा रन बनाए। वह भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे और अपने शानदार करियर में तेंदुलकर देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के भी प्राप्तकर्ता रहे हैं।सचिन से पहले लाला अमरनाथ, सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे, केएन प्रभु, हेमू अधिकारी, सुभाष गुप्ते, मंसूर अली खान पटौदी, बीबी निंबालकर, चंदू बोर्डे, बिशन सिंह बेदी, एस वेंकटराघवन, ईएएस प्रसन्ना, बीएस चद्रशेखर, मोहिंदर अमरनाथ, सलीम दुरानी, अजीत वाडेकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, दिलीप वेंगसरकर, सैयद किरमानी, राजिंदर गोयल, पद्माकर शिवालकर, के. श्रीकांत और फारुख इंजीनियर, और रवि शास्त्री ने सी.के. नायडू पुरस्कार प्राप्त किये हैं.अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अश्विन को एक विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में 15 लोगों की मौत

**चंडीगढ़-गाजीपुर :** पंजाब के फिरोजपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को जिले में कोहरे के बीच एक पिकअप वैन ने कैंटर ट्रक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि पिकअप वैन और ट्रक के बीच ये दुर्घटना गुरुहरसहाय उप-मंडल के गोलू का मौर गांव के पास हुई है।गुरुहरसहाय के पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने कहा कि मामले की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा बल की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। इधर गाजीपुर में भी सड़क हादसा में छह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रयागराज से महाकुंभ स्नान के बाद तीर्थ यात्रियों को लेकर आ रहा वाहन गाजीपुर जिले के नन्दगंज थाना क्षेत्र के कुसुम्ही कला के पास हाई-वे पर हादसे का शिकार हो गया। इसमें छह लोगों की मौत और 15 लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के मरीजों के इलाज की विशेष व्यवस्था रखें : सीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के संक्रमण की रोकथाम एवं चिन्हित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के दुष्प्रभाव, लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी से ग्रस्त मरीजों की पहचान करने एवं अस्पतालों में उनके समुचित ईलाज की विशेष व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जीबीएस के संक्रमण से बचने के लिए राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से बचाव के लिए आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है। यह बीमारी दूषित जल और कच्चा भोजन सेवन करने से फैलता है। लोगों में इस बीमारी को लेकर कोई भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित किए जाएं। यह बीमारी कोरोना संक्रमण की तरह एक-दूसरे से नही फैलता है, इस बीमारी को लेकर बहुत घबराने की जरूरत नही है, लोगों के बीच यह संदेश पहुंचाएं। जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बेहतर माध्यम है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस राज्य, शहर या जगहों पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के मरीज ज्यादा पाए गए है उन क्षेत्रों से झारखंड पहुंचने वाले व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के किसी स्थान पर गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जांच की एक निःशुल्क सेंटर स्थापित करें।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में बेड, दवा, मेडिकल ऑक्सीजन इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी से संबंधित कोई भी केस मिलने पर तत्काल रिम्स रेफर करें।

संदिग्ध मरीजों को रिम्स तक पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अलर्ट रखें ताकि ससमय मरीज को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि इस बीमारी से संबंधित न्यूज, एक्टिविटीज एवं अपडेट पर पैनी नजर रखें ताकि बीमारी के खतरे की तैयारी समय रहते की जा सके। बीमारी के इलाज में किसी को कई दिक्कत न हो यह भी सुनिश्चित करें।

## 10 खूंखार नक्सलियों ने किया सरेंडर

एजेंसी



**बीजापुर :** 10 माओवादियों ने बीजापुर पुलिस के सामने हथियार डाल दिए. सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 6 माओवादियों पर 6 लाख का इनाम घोषित था.

सरेंडर करने वाले माओवादियों का कहना है कि वो सरकार के चलाए नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित हैं. जिस तरह से बीजापुर और बस्तर में विकास का काम हो रहा है, सुविधाएं मिल रही है उससे वो काफी खुश हैं. हिंसा के रास्ते पर चलते चलते थक चुके हैं.10 खूंखार माओवादियों का सरेंडर- सरेंडर करने वाले माओवादियों का कहना है कि उनका मोहभंग नक्सली संगठन से हो चुका है. हिंसा का रास्ता छोड़कर अब वो समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर जीवन जीना चाहते हैं. आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने बताया कि नक्सल संगठन में आपसी विवाद बढ़ा है.

हथियार डालने वाले नक्सलियों में एओबी डिवीजन के पार्टी सदस्य, सीएनएम अध्यक्ष, डीएकेएमएस अध्यक्ष, पीएलजीए सदस्य, जनताना सरकार सदस्य, कुटीर शाखा, कृषि शाखा अध्यक्ष और सदस्य शामिल हैं. सरेंडर करने वाले सभी नक्सलियों को तत्काल 25 - 25 हजार की आर्थिक मदद गई है. शासन की ओर से सभी सरेंडर करने वाले माओवादियों को बाकी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी. सरेंडर करने वाले नक्सलियों को हर महीने 10 हजार की आर्थिक मदद भी मिलेगी.

## आप के 7 विधायकों ने छोड़ा पार्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिगं से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के सात विधायकों ने पार्टी छोड़ दी।आम आदमी पार्टी को यह बड़ा झटका ऐसे समय में लगा है जब दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग में महज पांच दिन बाकी रह गए हैं। दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होगी जबकि वोटों की गिनती 8 फरवरी होगी। हालांकि पार्टी छोड़ने वाले इन विधायकों को इस चुनाव में आप ने टिकट नहीं दिया था। इस्तीफा देने वालों में विधायक नरेश यादव, राजेश ऋषि, रोहित कुमार मेहरौलिया, मदन लाल, भावना गौड़, पवन कुमार शर्मा और भुपेंद्र सिंह जून हैं। आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देनेवाले इन विधायकों का कहना है कि पार्टी अपनी ईमानदारी की विचारधारा से पूरी तरह भटक चुकी है। भ्रष्टाचार मिटाने की बुनियाद पर खड़ी हुई पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में धंसी जा रही है।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## महात्मा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** गांधी विचार मंच द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. मंच ने बिश्रामपुर थाना चौक पर स्थापित बापू के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा का मार्ग आज पूरा विश्व अपना रहा है.उनके विचारों को आत्मसात कर के ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है. मौके पर सोना देवी, राजेश चौबे, राहुल चौबे, अभिषेक उपाध्याय, पुरुषोत्तम चौबे, अशर्फी चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## घूसखोर राजस्व निरीक्षक निलंबित

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपायुक्त ने की कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मोहम्मदगंज के अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जमीन म्यूटेशन के एवज में घूस लेते वीडियो वायरल होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया एवं उपायुक्त को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो की जांच रिपोर्ट पर उपायुक्त ने कार्रवाई करते हुए अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। 24 घंटे के भीतर हुई इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। बता दें कि गुरूवार को हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडिहरी गांव की रहने वाली ऐशुन बीबी से म्यूटेशन के एवज में रिश्वत



लेते हुए मोहम्मदगंज के अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार का वीडियो वायरल हो गया था। पीड़िता विधवा महिला है। महिला गिड़गिड़ाती रही, लेकिन राजस्व निरीक्षक ने एक नहीं सुनी और म्यूटेशन करने के लिए 12 हजार रुपये की मांग की थी। महिला ने किसी तरह 10 हजार रुपये दिए थे। वीडियो को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्वीटर हैंडल पर टैग करके कार्रवाई करने की मांग की गयी थी। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया एवं उपायुक्त शशि रंजन को कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने हुसैनाबाद एसडीओ को जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। एसडीओ की जांच में घूस लेने का मामला सही साबित हुआ, जिसके बाद कार्रवाई की गयी। बता दें कि पूर्व में भी ऐसा ही एक मामला उजागर हुआ था, लेकिन जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस बार सिर्फ ऐशुन बीबी ही नहीं, बल्कि अन्य सात मामलों में कुल 42 हजार रुपये की रिश्वत वसूली गई थी। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश था।

## अबुआ आवास के लाभुक अब स्वयं कर सकेंगे निर्माणाधीन आवास का जियो टैग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 317 दिनांक 30 जनवरी 2025 गुरुवार को पत्र जारी कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में प्रगति देने एवं लाभुकों को स-समय किस्त की राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने हेतु ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा बेनिफिशियरी लेवल जियो टैग ऐप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से लाभुक आवास निर्माण की प्रगति अनुसार स्वयं अपने निर्माणाधीन आवास का जियो टैग अब से कर सकेंगे। उक्त पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ऐप डाउनलोड के पश्चात लाभुकों को अपना मोबाइल नंबर प्रखंड के लॉगिन में अपडेट करना अनिवार्य होगा। उक्त लाभुक द्वारा स्वयं से किए गए जियो टैग की प्रकिया को संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक द्वारा एक सप्ताह के अंदर स्थल सत्यापन किया जाएगा इसके पश्चात ही वह अप्रूव या रिजेक्ट कारण सहित कर सकते हैं।

## कांडी टीम ने सोनेहारा को हराकर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 08 का मैच शुक्रवार को परसोडीह में चल रहे सेमी फाइनल मुकाबला कांडी बनाम सोनेहारा के बीच टूर्नामेंट खेला गया। शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करते हुए सुनहरा के टीम ने 18 ओभर खेल कर 138 रन का लक्ष्य कांडी टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए कांडी की टीम ने 06 विकेट खोकर 11.3 ओभर में 139 रन बना कर मैच को जीत लिया और फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। इस दौरान राज कुमार को बेहतर बल्लेबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया वही विजेता एवं उपविजेता टीम को संविधान का किताब देकर आयोजन कर्ता अनिल कुमार पासवान, के द्वारा हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, कॉमेंटेटर लव वर्मा, एके मौर्या, अंपायर रमेश रजक, कुश वर्मा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर केतार थाना में हुआ शांति समिति की बैठक




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर केतार में शुक्रवार को आगामी सरस्वती पूजा पर्व मनाने को लेकर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ किया गया। इस दौरान राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम एवं एसआई विकटेश शर्मा उपस्थित रहे। सरस्वती पूजा को लेकर उपस्थित हुए जनप्रतिनिधि, डीजे संचालक एवं ग्रामीणों से पूजा कार्यक्रम विद्वत रूप से संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था कायम रखकर हर्ष के साथ मनाने की बात कही गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि डीजे साउंड पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही विसर्जन कार्यक्रम निर्धारित समय पर ही किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भार्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज वह वीडियो,. फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप, ट्विटर,फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था भंग ना हो। प्रभावित करने वाले भार्मक सूचना,फोटो,वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को हर सम्भवतः मदद करें। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उपप्रमुख शंभू सिंह, राजेंद्र सिंह, हकीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, शिक्षक राजेश्वर ठाकुर, अखलेश मिश्रा, शिवकुमार सिंह, रामविचार साहू, उदय प्रसाद,मोजाहिम अंसारी, रवि गुप्ता, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जियारत के लिये जायरीनों का जत्था रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** इराक शहर के बगदाद शरीफ व कर्बला इमाम हुसैन शहर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की जियारत के लिये जायरीनों का जत्था गुरुवार की रात्रि में रवाना हुआ. इस जत्था में कुल छह जायरीन शामिल हैं.जामिया इस्लामिया जब्बरिया मदरसा में सभी जायरीनों को माला पहनाकर स्वागत कर रवाना किया गया.जायरीन गढ़वा रोड स्थित रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली पहुंचकर वहां से फ्लाइट से बगदाद शरीफ के लिये रवाना होंगे. रवानगी के मौके पर उमरा यात्रियों ने इमाम हुसैन रजी अल्लाह तला अन्हु और गौस ए पाक बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की एवं अमन चैन की दुआएं मांगेंगे. मौलाना एजाज अंजुम ने कहा की इस्लाम को मानने वाले सभी लोगों को दिली ख्वाहिश होती है कि वह अपने आप को एक बार मक्का मदीना एवं बगदाद शरीफ की जियारत जरूर करें. युवा समाजसेवी महमूद आलम ने कहा कि उस पवित्र स्थल पर पूरी दुनिया से मुस्लिम धर्म के लोग जाकर अपनी मन्नत मांगते हैं और उनकी दुआ कबूल होती हैं. बगदाद शरीफ जाने वालों में हाजी अतिकुल्लाह खलीफा, हाजी तजमुल अंसारी, हाजी नाजिर हुसैन, हाजी इस्लामुदिन अंसारी, हज्जन रेहाना प्रवीण, हज्जन जरीना बीबी के नाम शामिल है. मौके पर युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, मौलाना अब्दुल कादिर साहब,हाजी अब्दुल्लाह खलीफा, हाजी अमानुल्लाह खलीफा, मुन्ना शाह, डॉ. कुतबुद्दीन अंसारी, असग़र अंसारी, फिरदौस आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


## अपराधी ने किसान को गोलियों से भूना, आरोपी अरेस्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जिले के हैदरनगर में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है. शुक्रवार को दिन दहाड़े एक अपराधी ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के बहरवा खांड निवासी 45 वर्षीय किसान इमामुद्दीन अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी है. अपराधी ने किसान को चार गोली मारी और पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग की तरफ भाग निकला. घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायल इमामुद्दीन अंसारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. जिस समय गोली चली उस समय इमामुद्दीन अंसारी के साथ गांव के मोहम्मद अब्बास भी थे. मोहम्मद अब्बास ने बताया कि इमामुद्दीन अंसारी घर से बाजार आए थे. चौक बाजार की ओर से दोनों रेलवे गुमटी की ओर आ रहे थे. तभी जगदंबा कॉम्प्लेक्स के पास एक व्यक्ति चौक बाजार की ओर से आया और उसने इमामुद्दीन को बोला कि बहुत हीरो बनते हो, बॉस बनते हो, बोल कर गोली चला दी. गोली लगने के बाद इमामुद्दीन अंसारी वहीं गिर गया. तत्काल ग्रामीणों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर पहुंचाया व हैदरनगर पुलिस को सूचना दी. घटना के बाद हैदरनगर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली. एसआई विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है. अपराधी की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. मृतक के गांव वालों ने बताया कि इमामुद्दीन अंसारी पांच साल पहले तक अन्य राज्यों में प्लांट में मजदूरी करता था. अब उनके पुत्र बाहर काम करते हैं. इमामुद्दीन पांच वर्ष से घर पर ही रहते थे. लोगों ने बताया कि उसका किसी के साथ कोई विवाद की जानकारी नहीं है. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

## डंडीला के हनुमान मंदिर का मनाया गया प्रथम वर्षगांठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम वर्षगांठ शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया गया.धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोग खासे उत्साहित थे. अहले सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित होने लगे थे.प्रातःकाल व संध्या काल में महाआरती हुआ.दिन में विशेष पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारण की कथा का श्रवण किया.बतौर मुख्य यजमान सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला सपत्नीक पूजा संपन्न कराया. दोपहर दो बजे के बाद महाभंडारा की शुरुआत हुयी. जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. इसके अलावा शाम छः बजे से 12 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ, जो शनिवार सुबह छःबजे तक चलेगा. धार्मिक मंत्रीचरणों व जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा. जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था. मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के कुंदन शुक्ला, रामाश्रय शुक्ला, अशोक शुक्ला, पवन शुक्ला, प्रो. नंदलाल शुक्ला, पंडित विजय शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, लालाबाबू शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, विक्की शुक्ला,अरुण शुक्ला, विगन शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, ललन शुक्ला, गोरख शुक्ला, शिवलाल शुक्ला, राजू शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, ऋषि कुमार शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर थाना अंतर्गत आगामी सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रजनी रंजन की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम की संचालन अख्तर खान ने किया। थाना थाना प्रभारी रजनी रंजन ने शांति समिति के बैठक के उपरांत दोनो समुदायों के लोगो ने शांति के साथ मिलजुलकर सरस्वती पूजा मनाने की अपील किया साथ ही अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किया गया, जिसमे कोर्ट के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक लगा दिया गया है। डीजे बजाते पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाई की जायेगी। प्रशासन ने दोनों समुदायों के लोगो से अपील किया कि इस सरस्वती पूजा में किसी तरह का विवाद नही होना चाहिए, भ्रामक खबर न फैलाये, शराब पीकर विवाद न करे। इन सभी पर प्रशासन की पैनी नजर होगी। अगर किसी को विवाद करते या निर्देशो का उल्लंघन करते देखा गया तो दोषियों को बख्शा नही जायेगा। उक्त बैठक में एसआई दिनेश कुमार सिंह, नारायण प्रसाद, परवेज आलम, बीडीसी चंदन ठाकुर, उर्मिला देवी, कुंती देवी, मुखिया बेबी देवी, मनोज राम, राकेश राम, सुनील सिंह, शैलेश चौबे, उपेंद्र मेहता, मंजय विश्वकर्मा, विशाल राम, नारायण, दिनेश सिंह,कुश कुमार सोनी, मुखलाल पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांकी थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केकरगढ़ के लिमला टोला, पुरबारी टोला एवं लम्बीटांड़ टोला में अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के खिलाफ पांकी पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्रों में वन क्षेत्र भूमि एवं गैर मजरूआ भूमि पर अवैध पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर 31 जनवरी 2025 को पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया और करीब 3 एकड़ क्षेत्र में फैली अवैध अफीम/पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। अभियान के दौरान पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध खेती के कानूनी दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अवैध नशीले पदार्थों की खेती किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पांकी थाना प्रभारी ने कहा कि इस अभियान में पुलिस एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित संबंधित थाना बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पाटन प्रखंड परिसर में पंचायत सचिव हुये सेवानिवृत, आयोजित हुआ विदाई समारोह




**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड सभागार में सेवानिवृत पंचायत सचिव विनय शर्मा को बीडीओ अमीत कुमार झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव के द्वारा माला पहनाकर साल ओढ़ाकर साथ में अटैची देकर भाव भिन विदाई किया गया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपीएस अहमद हुसैन की। कार्यक्रम की संचालन जन सेवक आलोक पांडे ने किया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति पंचायत सचिव की बीडीओ ने खूब प्रशंसा की गई। इनके 26 वर्षो का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। कुछ कर्मियों द्वारा इनकी उपलब्धता भी बताई गई। इस कार्यक्रम में सीओ राकेश श्रीवास्तव ने कहा सेवानिवृत होने पर अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखते हुए परिवार जनों सॉन्ग समय व्यतीत करेंगे। मौके पर बीपीओ स्वीटी सिन्हा, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, पूर्व मुखिया शिव शंकर साव, कन्या अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त के स्टेनोग्राफर व आदेशपाल हुए सेवानिवृत्त

# समाहरणालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त कार्यालय पलामू के स्टेनोग्राफर बीरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं आदेशपाल दिलीप कुमार 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गये। इस उपलक्ष्य पर समाहरणालय सभागार में सेवानिवृत्त हुए दोनों कर्मियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डीसी श्री शशि रंजन ने दोनों ही कर्मियों को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया।इसके अतिरिक्त दोनों ही कर्मियों को बतौर सम्मान अन्य उपहार भी प्रदान किया गया।उपायुक्त शशि रंजन ने दोनों ही कर्मियों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों से भविष्य में अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखते हुए परिवारजनों संग समय व्यतीत करने की बात कही।ज्ञातव्य है कि श्री बीरेन्द्र कुमार ठाकुर 16 नवंबर 1990 को समाहरणालय में अपना योगदान दिया।इसके बाद पहली पोस्टिंग के रूप में अपर समाहर्ता के कार्यालय में अपनी सेवाएं दी इसके बाद एसडीओ लातेहार,एसडीओ सदर सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय में अपनी सेवायें प्रदान करने के पश्चात आज सेवानिवृत्त हुए।उन्होंने कुल 34 वर्ष तक अपने कार्यो का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया।इसी तरह उपायुक्त के आदेशपाल दिलीप कुमार ने भी 33 वर्ष की सेवा प्रदान करने के बाद आज सेवानिवृत्त हुए।इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त,अपर समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक हथियार से लैस आंदोलनकारी महिला, वार्ता करते एएसआई प्रदीप उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** टाउनशिप स्थित सेल के क्रशिंग प्लांट की नीलामी के पश्चात प्लांट कटिंग को रोकने सहित आठ सुत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति व तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों का सेल के प्रशासनिक भवन पर 41 वें दिन धारना प्रदर्शन जारी रहा। हालांकि 41 वें दिन शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विस्थापित संघर्ष समिति व तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों ने विस्थापित संघर्ष समिति संरक्षक सह इंटक त्रिपाठी गुट जिलाध्यक्ष शुशील कुमार चौबे के नेतृत्व में टाउनशिप स्थित सेल उपमहाप्रबंधक का आवास को चार



घंटे तक घेरे रखा। जब पता चला कि उपमहाप्रबंधक आंदोलनकारी के भय से एक दिन पूर्व ही भवनाथपुर छोड़ कर भाग खड़े हो गए हैं, तब आंदोलनकारी आवास का घेराव छोड़कर पुनः प्रशासनिक भवन चले गये, जहां धारना प्रदर्शन जारी है। विस्थापित संघर्ष समिति व तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों ने प्रशासनिक भवन से सैकड़ों की संख्या में पैदल मार्च करते हुए सेल प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए टाउनशिप स्थित उपमहाप्रबंधक आवास का घेराव किया। इस दौरान विस्थापित सदस्यों को में महिला, पुरुष भी थे जो लाठी-डंडे, तलवार,गडांसा से लैस थे। उपमहाप्रबंधक के आवास पर सीआईएसएफ के जवानों तथा स्थानीय पुलिस के जवानों ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया था। सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा मधुसूदन महेश्वरी तथा थाना पुलिस के एएसआई प्रदीप उरांव ने आंदोलनकारियों से अनहोनी से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का कमान संभाला था। विस्थापित संघर्ष समिति संरक्षक सह इंटक त्रिपाठी गुट जिलाध्यक्ष शुशील कुमार चौबे ने आवास घेराव स्थल पर कहा हम सभी आंदोलनकारी के भय से डीजीएम भवनाथपुर छोड़ कर भाग गया । आगे कहा भागने से समस्या का समाधान नहीं होगा बल्कि सामने बैठ कर समस्या का समाधान करने से होगा।।कहा जब-तक हमारी मांगे पुरी नहीं होती है तब-तक आंदोलन जारी रहेगा। प्लांट निलामी को रद्द करने, विस्थापितों के समस्या का समाधान तथा तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों का रिटरेचमेंट को सुधारने सहित अन्य मांगों को जब-तक पुरा नही करते हैं हमारी आंदोलन और उग्र होगा। हमलोग 40 दिन से धरना पर बैठे हुए हैं लेकिन सेल प्रबंधन अपनी हठधर्मिता तथा अड़ियल रवैया अपनाते हुए हमलोग की मांग को नजरंदाज कर रहा है तो हमलोग अब चुप नहीं बैठेंगे। अभी तो आवास घेराव किया है अगली बार भवनाथपुर से बाहर नहीं जाने देंगे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### सीता सोरेन का झामुमो में पुनर्वापसी की सुगबुगाहट हुई तेज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन की बहू दिवंगत विधायक दुर्गा सोरेन की पत्नी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बड़ी भाभी सीता सोरेन एक बार फिर से चर्चा में है। बता दे की जमा की पूर्व विधायक रही सीता सोरेन जो सोरेन परिवार की बहू है वे व्यक्तिगत कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई थी और दुमका लोकसभा चुनाव भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लड़ी थी। लेकिन वे असफल रही , इतना ही नहीं परिवार में इतना दूरियां बन गई की विधानसभा चुनाव भी हुए जामताड़ा से भारतीय जनता पार्टी के बैनर ताले लड़ी और कांग्रेस की उम्मीदवार डॉक्टर इरफान अंसारी से पराजित हो गई। लेकिन अब सोशल साइट्स पर यह चर्चा है कि सीता स्वयं घर वापसी कर रही है। हालांकि इस संबंध में सीता सोरेन के करीबियों से संपर्क किया गया , लेकिन वे इसइ बात से इनकार करते रहें, बताया जा रहा है कि सीता स्वयं और उनकी दोनों बेटियां फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने के लिए 2 फरवरी को सदस्यता कार्यक्रम में शामिल होंगी और सदस्यता ग्रहण करेंगी।

### 10 दिवसीय मलखंब प्रतियोगिता शुरू

**रांची :** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड के तत्वावधान में 38 वीं राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत मलखंब खेल का प्रशिक्षण शिविर बिरसा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में चल रहा है। आज प्रशिक्षण शिविर का 10वां दिन खिलाड़ियों ने पिरामिड का निर्माण किया। प्रशिक्षण शिविर में बारह पुरुष, बारह महिला एवं तीन प्रशिक्षक के देखरेख में चल रहा है। झारखंड टीम राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 फरवरी को राँची से प्रस्थान करेगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 11 से 13 फरवरी तक खटिमा (उत्तराखंड) में आयोजित है। झारखण्ड टीम को 9 फरवरी को खटीमा में रिपोर्ट करना है।

# सड़क दुर्घटना होने से रोकने के लिए स्कूलों के पाठ्यक्रम में यातायात नियमों की पढ़ाई शुरू हो : दीपक बिरुवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ शुक्रवार को होटल रेडिशन ब्लू में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार सड़क सुरक्षा 2025 परवाह कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन कराने के लिए सर्वप्रथम स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, ताकि स्कूल टाइम से ही छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी हो सके। इसके साथ ही एमवीआई जल्दबाजी में किसी के पैरवी, दबाव में वाहनों की फिटनेस नहीं दें। ड्राविंग लाइसेंस कम उम्र के युवाओं को नहीं दे लेकिन यह भी ध्यान दें कि वैसे युवक युवतियों को भी ड्राविंग लाइसेंस नहीं दे जिसे यातायात नियमों की जानकारी नहीं हैं। ड्राविंग लाइसेंस देने के दौरान यातायात नियमों का पालन हो यह अधिकारी ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि सेमिनार में आनेवाले महत्वपूर्ण सुझावों को सरकार धरातल में उतारने की दिशा में काम करेगी।

**सचिव कृपानंद झा ने कहा :** वहीं परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने झारखंड में होनेवाले सड़क दुर्घटना में कमी होने की बात पर जोर दी।उन्होंने कहा कि वाहन चालक बार बार हार्न का प्रयोग करने से बचे।इसके साथ ही यातायात नियमों के प्रति परिवहन विभाग से पहले यातायात पुलिस को ध्यान देने की जरूरत है सड़क पर वही तैनात रहते हैं। सभी स्कूलों में रोड सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो। सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल ले जाने की पहल हो सके इस पर जोर दिया जाए। कहीं सड़क दुर्घटना हो तो तुरंत पुलिस, एंबुलेंस पहुंचे और घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने पर जोर देने की आवश्यकता है।

**सचिव कृपानंद झा ने कहा:**वहीं डीआईजी धनंजय सिंह ने कहा कि अभी जो सड़क हादसे की रिपोर्ट है




जिसमें झारखंड इसमें पीछे है यह सुखद है। मृत्यु दर और कम हो इसके लिए गुड सेमेरटन पॉलिसी के तहत घायल को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी हर एक नागरिक है वे इसका पहल करें और 102 हॉट स्पोर्ट्स चिन्हित हैं उन चिन्हित जगहों के करीब पांच सौ मीटर दूरी पर आम लोगों, मुखिया, सरपंच के साथ जागरुकता अभियान चलाये और उन्हें बताये कि सड़क हादसे में घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करें, आप पर कोई केस मुकदमा नहीं होगी और न ही पूछताछ किया जायेगा, आप डरें नहीं। इस सेमिनार में परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, परिवहन सचिव कृपानंद झा, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार , संयुक्त सचिव ट्रासपोर्ट संगीता लाल, ट्रासपोर्ट आयुक्त प्रवीण प्रकाश, गिताम तिवारी आईआईटी दिल्ली, जीत नरेन्द्रा तिवारी सीआई रोड ट्रांसपोर्ट पुने, ट्रासपोर्ट अपर सचिव इरशाद आलम, रांची डीटोओ अखिलेश सहित विभिन्न जिलों से एमवीआई, डीएसपी आदि उपस्थित थे।

**झारखंड में सड़क हादसे की आंकड़े :** 2023 में झारखंड में 5315 सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें सबसे ज्यादा रांची में 768,धनबाद 435 ,गिरिडीह 342 जिले में हुई। सबसे कम सड़क हादसे जामताड़ा 64 एवं पलामू में 71 दुर्घटना हुई है। झारखंड में जिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में हुई मृत्यु वह अगर देखा जाए तो 2023 में तो सड़क हादसे में कुल 4173 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिसमें अत्यधिक मृत्यु रांची जिला में 521,धनबाद में 306 एवं गिरिडीह में 284 और सबसे कम मौत जामताड़ा 46,लोहरदगा 73 एवं साहिबगंज 70 में मृत्यु हुई है। इसके अलावा 2023 में कुल 5315 सड़क दुर्घटनाएं झारखंड में घटी है, जिसमें सबसे अधिक सड़क दुर्घटना नवंबर महीने में 495 एवं मई के महीने में 494 दुर्घटनाएं हुई है, सबसे कम दुर्घटना 2023 में ही अगर देखा जाए तो अगस्त के महीने में 384 दुर्घटनाएं हुई है।

## 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का नहीं है कोई हिसाब : भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने स्वास्थ्य विभाग की ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड अब भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। यह एक ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दिन नए-नए घोटालों के इनोवेटिव तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जननी सुरक्षा योजना और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन झारखंड की भ्रष्ट व्यवस्था इन योजनाओं की राशि का दुरुपयोग कर रही है, जिससे आम जनता को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।अजय साह ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग में हुए घोटालों में योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार के अनोखे तरीके अपनाए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, मोतियाबिंद के नाम पर फर्जी कैंप लगाकर करोड़ों रुपये का गबन किया गया। एक ऐसी कंपनी को जीएसटी का भुगतान किया गया, जिसका रजिस्ट्रेशन पहले ही रद्द हो चुका था, फिर भी उसे देवघर में लाखों रुपये का भुगतान किया गया। यह एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जो सरकारी तंत्र में गहरी अनियमितताओं को दर्शाता है।ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का कोई हिसाब नहीं मिल रहा है। यह स्पष्ट रूप से एक संगठित घोटाले की ओर इशारा करता है। अजय साह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पूरा प्रदेश कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था, तब झारखंड में कुछ लोग स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विभाग में भी भ्रष्टाचार करके पैसा बनाने में लगे थे।अजय साह ने 2012 में कांग्रेस सरकार के दौरान हुए महाघोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस समय कैग ने कांग्रेस के घोटालों को उजागर किया था, वैसे ही झारखंड पैग यदि व्यापक रूप से जांच करे, तो झारखंड में भी एक बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।भाजपा ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा कि अगर इन भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो झारखंड की जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## आईपीएस अधिकारी ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईपीएस अधिकारी एम0एस0 भाटिया ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। हलांकि यह कायास लगाया जा रहा है कि वे झारखंड के अगले डीजीपी हो सकते हैं।

## तीन दिवसीय हीरानागपुर नाट्य महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कला संस्कृति व वसुंधरा आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय हीरानागपुर नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया। नाट्य महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन नाटककार डॉ शंकर शेष का नाटक फंदी किया गया जिसका निर्देशन दीपक चौधरी ने किया। संगीत संयोजन पवन कुमार , लाईट प्रदीप बोस और सेट सह मंच सहयोग नीरज मिश्र, अभिराज कुमार, अरुण नायक, संतोष चंचल, नाटक फंदी पात्र परिचय फंदी की भूमिका में पंकज सिन्हा, वकील दीपक चौधरी, वॉर्डर संजय शर्मा, मंच संचालन सूरज खन्ना शामिल रहे।



**कथासार :** ये नाटक ÷फंदी÷ नामक कैदी के दोषी और निर्दोष के मझधार पक्ष में घिरे कहानी को बयाँ करता है। दरअसल फंदी एक ट्रक ड्राइवर है। परिवार में पत्नी, पुत्र और वृद्ध पिता हैं। फंदी का निम्न मध्यमवर्गीय परिवार हँसी-खुशी रहा होता है। कहानी में मोड़ तब आता है जब फंदी के पिता को कैंसर हो जाता है। फंदी के पिता को कैंसर से असहनीय पीड़ा होती है। फंदी ईलाज का हरसंभव प्रयास करता है, मंबई में की ईलाज करवाता है। पर लाभ नहीं होता। कैंसर के असहनीय दर्द से छुटकारा दिलाने के लिए बेहोशी की महंगी दवा दी जाती। इलाज करवाने में फंदी आर्थिक तंगी का शिकार हो जाता है। आगे चलकर बेहोशी की दवा खरीदने के लिए भी फंदी के पास पैसे नहीं होते। इधर दवा के अभाव में पिता को कैंसर के दर्द से बेहतर मौत लगने लगती है। वो अपने बेटे से गला घोट देने की प्रार्थना करने लगते हैं। फंदी रोज दर्द के तड़पते पिता को देखकर असहाय मससूस करता है। पिता भी असहाय, फंदी भी असहाय । पिता की बात मानकर एक दिन फंदी अपने बाप को गला दबाकर मार देता है। इसी इलजाम में फंदी जेल में बंद है। एक उदारमना वकील है भगतराम । भगतराम को फंदी से हमदर्दी हैं। वो फंदी का केस मुफ्त में लड़ते हैं।

## रांची ने समीक्षा प्लेटफॉर्म की 24वीं बैठक की किया मेजबानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 31 जनवरी 2025 को समीक्षा प्लेटफॉर्म की 24वीं बैठक की मेजबानी की गई, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समीक्षा प्लेटफॉर्म की स्थापना 2010 में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी , स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन ), टेरी , और एमएसएमई मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से की गई थी। वर्तमान में शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन इस पहल का समर्थन कर रहा है।यह पहली बार था जब इस प्लेटफॉर्म की बैठक झारखंड में आयोजित की गई। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में भारत सरकार और झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची, जिला उद्योग केंद्र, रांची और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

जेआरईडीए के निदेशक के. के. वर्मा ने झारखंड में ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। बीईई के निदेशक श्याम सुंदर ने भारत में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने की योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया। एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, इंद्रजीत यादव ने इस क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए उनके विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। गौरव, सहायक निदेशक, एम एस एम ई -विकास कार्यालय, रांची द्वारा कार्यक्रम समापन पर धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## डीसी ने सेवानिवृत हुये शिक्षकों को मोमेंटो देकर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में 31 जनवरी 2025 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा सेवानिवृत हुए कुल 28 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल अढ़ा कर सम्मानित किया। जानकारी हो की जिला का यह सबसे पहला कार्यक्रम रहा जिसमें सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के ही दिन सेवानिवृत्ति के सारे लाभ दे दिए गए। सुरेश चौधरी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,श्याम किशोर सिन्हा, सहायक शिक्षक, सुखदेव पंडित, सहायक शिक्षक, तल्लत तसनीम, सहायक शिक्षिका,मरिया रश्मि



कण्डुलना, सहायक शिक्षिका,शरत कुमार दत्ता, सहायक शिक्षक, बेरोनिका टोप्पो, सहायक शिक्षिका, पार्वती गुप्ता, सहायक शिक्षिका, अदीबा हसन, सहायक शिक्षिका, वीणा कुमारी बड़ाईक, सहायक शिक्षिका, अशोक कुमार मेहता, सहायक शिक्षक, अंजु कुमारी, सहायक शिक्षिका, इन्दु रानी तिर्की, सहायक शिक्षिका, दिलीप कुमार झा, सहायक शिक्षक, मिथिला बाला, सहायक शिक्षिका, सहदेव उराँव, सहायक शिक्षक, थानेश्वर उराँव, सहायक शिक्षक, रामचरण महली, सहायक शिक्षक, ठाकुर दास गोंझू, सहायक शिक्षक, नेहरू महतो, सहायक शिक्षक, दुखू उराँव, सहायक शिक्षक, राम रतन सिंह मुण्डा, सहायक शिक्षक, शान्ति प्रफुला टोप्पो, सहायक शिक्षिका, सुड़लेन पुर्ती, सहायक शिक्षिका, निर्मला सिंह, सहायक शिक्षिका, राम रतन साहु, आदेशपाल। उपायुक्त ने इस आयोजन में सभी सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों से कहा की सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी जीवन में एक नए स्टेज में जा रहे है। सेवानिवृत्ति के ही दिन रिटायरमेंट बेनिफिट का सारा लाभ दिया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, विनय कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज उपस्थित थे।

## सन्मार्गम फाऊंडेशन ने जरूरत मंद छात्रों के बीच कॉपी, पेन एवं पेंसिल का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सन्मार्गम फाऊंडेशन के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रांची जिला के ओरमांझी ब्लॉक के मुन्ना पतरा के एक स्कूल में जरूरतमंद 100 बच्चों के बीच कॉपी, पेन एवं पेंसिल बॉक्स, कलर बॉक्स का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, कलर बॉक्स इत्यादि का वितरण हमारे संस्था द्वारा किया गया। जिससे कि हर तबके के बच्चे अच्छे से पढ़ सके और आगे



बढ़ सके। इस मौके समाजसेवी प्रदीप कुमार राणा ने अपने हाथों से बच्चो के बीच कॉपी,कलम, पेंसिल बॉक्स एवं कलर बॉक्स का वितरण किए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष रोशन कुमार के साथ स्कूल के सभी शिक्षक एवं संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय जतरा महोत्सव शुरू


**रांची:** मोरहबादी मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज शुक्रवार को हुआ। हातमा मौजा के प्रमुख पाहन जगलाल पाहन, मुकेश मुंडा, महादेव मुंडा ने संयुक्त रूप से जतरा का आदिवासी रूढ़िवादी परंपरा के तहत पूजा पाठ कर विधिवत शुरुआत की। राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति आयोजन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। महोत्सव में 24 जिले से 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में खोडहा दल का आना शुरू हुआ है। इस दौरान मोरहाबादी मैदान में आदिवासी संस्कृति, परंपरा की झलक दिखी।

# झारखंड के वीर सपूतों की तस्वीरों को कैनवास पर कलाकारों ने उकेरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में धरती आबा बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उत्सव समारोह स्वरूप 29 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक झारखंड के जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन के लिए राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान मोराबादी में आयोजित किया गया है । यहां पर करीब 20 से अधिक चित्रकारों के द्वारा कैनवास पर झारखंड के जनजातीय वीर सपूतों की तस्वीर को कैनवास पर उकेरी जा रही है, जो लगभग पूरी हो चुकी है और अपने समापन की ओर बढ़ रहा है । इस मौके पर खूंटी जिला नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने भी चित्रकारों से मुलाकात की और चित्रों को देखकर प्रभावित हुई और अपने वीरों की इतिहास को जानने की कोशिश की और गौरवान्वित महसूस किया ।

**कलाकारों ने कहा :** इस मौके पर प्रसिद्ध चित्रकार दिलेश्वर लोहरा ने बताया कि झारखंड सरकार और जनजाति कल्याण विभाग मंत्रालय



का यह सराहनीय पहल है , आज यह जो कार्य हो रहा है यह अलग झारखंड के बाद से ही शुरू हो जाना चाहिए था।

20 साल बाद अगर यह हो रहा है तो यह भी सराहनीय पहल है हमारे जनजातीय वीर सपूतों की वीरगति और उनकी तस्वीरों का कैनवास पर उतर जा रहा है। यह अपने आप में बेहतरीन काम है। वहीं सुमन टोप्पो ने बताया कि 1872 के कोल्हान विद्रोह के नायक दिवा सोरेन की पेंटिंग बना रही है , अपने कैनवास में लगभग उतार चुकी है, अब देर रात तक यह पूरी तरह से तैयार भी हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि 1995 में बीएचयू से मास्टर डिग्री प्राप्त की है और मूल रूप से लोहरदगा के रहने वाली है । इसके अलावा जतरा टाना भगत को अपने कैनवास पर उतरने वाली अनुकृति टोप्पो ने बताया कि वह बचपन से इसी कला को देखते हुए बड़ी हुई है ,उसके लिए यह नया नहीं है, बावजूद एनआईडी अहमदाबाद से सेरेमिक एंड ग्लास डिजाइनिंग में मास्टर इसके अलावा बीएचयू से भी उन्होंने डिग्री प्राप्त की है।प्रारंभिक शिक्षा रांची के केंद्रीय विद्यालय हिनू से प्राप्त की है। मसि ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से झारखंड में जो हमारे वीर सपूतों ने जो बलिदान दिया हैं, उनकी तस्वीर को कैनवास पर उतरने और इतिहास को जिंदा करने की एक सार्थक पहल है, ताकि झारखंड के लोग अपने वीर सपूतों की तस्वीर को देखकर उनके गौरवशाली इतिहास को पहचान सके, इसके लिए झारखंड सरकार का यह प्रयास सराहनीय प्रयास है।

## अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के शिविर में जाये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 15, मेन रोड स्थित रोशपा टावर में होल्डिंग टैक्स एवं म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस के नए आवेदन/भुगतान के निमित्त विशेष शिविर लगाया गया। जिसमे आज ट्रेड लाइसेंस से संबंधित कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए व होल्डिंग से संबंधित कई लोगों ने जानकारी प्राप्त की। इच्छुक व्यक्ति इस शिविर में आकर होल्डिंग टैक्स का भुगतान, नए होल्डिंग के लिए आवेदन, इससे सम्बंधित दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा ट्रेड लाइसेंस के अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन, नवीकरण व दस्तावेजों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते




हैं।इसके साथ ही आज सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम के द्वारा रोशपा टावर एवं आस-पास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों / दुकानों में ट्रेड लाइसेंस व होल्डिंग से संबंधित दस्तावेजों के जांच हेतु जांच अभियान चलाया गया तथा प्रतिष्ठानों को शिविर से संबंधित सूचना भी दी गई। सूचना प्राप्त करने के उपरांत भी रोशपा टावर के 08 प्रतिष्ठानों द्वारा ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं दिया गया जिसके पश्चात् उन सभी 08 प्रतिष्ठानों में निगम द्वारा नोटिस निर्गत कराया गया। बता दें कि 03.02.2025 को वार्ड नंबर 27, मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल में निगम द्वारा शिविर लगाया जाएगा। सभी भवन मालिकों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जल्द से जल्द अपने घृतिकर का भुगतान व प्रतिष्ठानों में लिए ट्रेड लाइसेंस हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त कर लें। जांच अभियान के क्रम में होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर निगम द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## झारखंड विस के तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में सभा सचिवालय के तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के तीन कर्मियों को विदाई दी गई । विक्रम कुमार पासवान वाहन पर्यवेक्षक, मणिराम मांझी,वाहन पर्यवेक्षक एवं शिवशम्भु राम,अवधायक विदाई समारोह के अवसर पर अधिकारियों/सहकर्मियों ने उनके सम्मान में अपने उद्गार व्यक्त किए।



झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेमब्रम ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले तीनों विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी अपने कार्यक्षमता,सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए हमेशा जाने गए।वे सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से किए हैं। हम सभी उनके सेवानिवृत्ति के उपरांत अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

## झारखंड तीरंदाजी टीम के प्रशिक्षक प्रकाश राम को कोच नियुक्त किया गया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 38वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए सिल्ली तीरंदाजी सेंटर के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम को झारखंड तीरंदाजी टीम का कोच नियुक्त किया गया है यह प्रतियोगिता 1 से 8 फ़रवरी तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित है। ज्ञात हो कि सिल्ली से तीरंदाजी में 3 तीरंदाज शामिल है वहीं वूशु से 1 खिलाड़ी, और लॉन बॉल में 3 खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे है झारखंड टीम का कोच बनने पर कोच शिशिर महतो,रोहित कोइरी ,रोहित भारद्वाज,रोहित महतो के साथ साथ सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## रेलवे स्टेशन में जान जोखिम में डालकर करते हैं काम



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रेलवे स्टेशन परिसर में नया पुल निर्माण का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। काम के दौरान लेबर बिना सेफ्टी के ही खम्भे में चढ़कर काम करते नजर आ रहे हैं। इस तरह के काम को देखकर ना रेलवे अधिकारी कुछ बोल रहे हैं। और ना ही ठेकेदार कुछ बोल रहे हैं। अगर किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा? प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात खम्भे में चढ़कर काम करने के दौरान एक लेबर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर मिलते ही काम कर रहे कर्मचारी द्वारा घायल को सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया ।इस घटना की खबर किसी भी रेलवे अधिकारी को नहीं मालूम। पुछने पर मुंशी अपना नाम वंटी बताया। जबकि घायल कर्मचारी के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार किया ।ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं प्रशासन एवं ठिकेदार का मिलीभगत से काम चल रहा है।

## यक्ष्मा आरोग्यशाला के सेवानिवृत प्रधान लिपिक को दी गई विदाई



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के सेवानिवृत प्रधान लिपिक सैयद जलाल अशरफ को एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। शुक्रवार को आरोग्यशाला के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सैयद अशरफ द्वारा आरोग्यशाला में सेवा काल में की गई उल्लेखनीय कार्यो की चर्चा करते हुए सराहना की गई साथ ही सेवानिवृत के बाद उनके बचे जीवन में खुशहाली का कामना किया गया। कार्यक्रम में आरोग्यशाला प्रशासन और कर्मचारियों द्वारा उन्हें कई उपाहार भेंट की गई। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ पीके भगत , डॉ सालिक जमाल, प्रिय रंजन, कौसर आलम, राकेश गोप, शमीम अंसारी, निर्माला तिर्की, कंचन माला, अब्दुर्र राजिक राजू, मनोज कुमार, सुरेश ठाकुर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर शुक्रवार को सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर हंसे उरांव ने की। पूजा आयोजन को लेकर सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर एवं मुरी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने पूजा के आयोजन को लेकर हाई कोर्ट के ध्वनि प्रदूषण से आदेश से अवगत कराया। अधिकारियों ने सदस्यों से आग्रह किया कि अपने आसपास के इलाकों में पूजा के आयोजन पर सभी सदस्य निगरानी रखें। अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने कहा कि सरस्वती पूजा का आयोजन मुख्यत विद्यार्थी वर्ग के युवा ही शामिल रहते है इसलिए उनको शांति पूर्ण आयोजन के लिए जरूरी सलाह जरूर दें। इसमें रात के दस बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाये। सड़कों पर पंडाल नहीं लगाएं। डीजे नहीं बजाएं। विसर्जन के समय विशेष अनुशासन का ध्यान रखें। कोई तरह की अव्यवस्था की सूचना पुलिस को अविलंब दें। प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने भी पूजा को लेकर जरूरी सलाह दिए। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, गोकुल महतो, जसरुद्दीन मोमिन, फारूक मोमिन, भागवत सोनार, रमजान, अरविंद कुशवाहा, फकरुद्दीन, मनोज साव, गोपाल केडिया, समेत गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक का संचालन मो फारूक ने किया।

## टाटीसिलवे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सरस्वती पूजा को लेकर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार के द्वारा की गई।थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में समितियों के पदाधिकारियों से कहा कि सरस्वती पूजा को शांति एवं सदभाव के साथ मानना है। डी जे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर हमारी विशेष नजर रहेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मनोज कुमार,मिंटू भारती,रवि कुमार,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,राजेश मिश्रा,गिरिधर मिश्रा, मुखिया कृष्णा पाहन,राजेश यादव इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस बैठक को सफल बनाने में थाना से राजकुमार यादव,मनीष कुमार इत्यादि अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# नगर पंचायत की योजनाओं का समीक्षा बैठक संपन्न, दिये गये कई आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार आज अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नगर पंचायत, खूंटी द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर में वाहन पार्किंग हेतु 1.20 एकड़ भूमि की आवश्यकता पर चर्चा हुई, चिन्हित भूमि के किए पत्र प्रेषित कर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा, नगर में कई मकान मालिकों द्वारा अपने बेसमेंट को पार्किंग के अलावा अन्य कार्यो में उपयोग किए जाने की जानकारी दी गई। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित मकान मालिकों को दस दिनों के भीतर अपने बेसमेंट खाली करने हेतु नोटिस जारी किया जाए, अन्यथा सीलिंग की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर पाइप लाइनों में लीकेज की शिकायतों के संबंध में भी चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने इन शिकायतों के निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए और पाइप कनेक्शन से छेड़छाड़ करने वालों को समझाने पर जोर दिया। कचरा प्रबंधन के अंतर्गत नगर में कचरा उठाने के लिए लगे वाहनों की संख्या को बढ़ाने पर भी सहमति बनी। अनुमंडल पदाधिकारी ने ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# आदिवासी संगठन ने चकला पंचायत भवन में की बैठक
## 28 फरवरी को सरना कोड लागू करने के लिए देश स्तर पर जंतर मंतर में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे : रमेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** गुरुवार को रांची जिला अंतर्गत प्रखण्ड के चकला पंचायत भवन में अध्यक्ष ग्राम प्रधान महासंघ झारखंड प्रदेश सह मुख्य संरक्षक झारखंड प्रदेश सरना पड़ाह समाज मुन्ना पतरा चकला के रमेश उरांव की अध्यक्षता में आदिवासी समाज की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक पूर्व मंत्री देव कुमार धान उपस्थित थे। इस बैठक में विशेष रूप से चर्चा कर सरकार से मांग किया गया कि झारखंड सरकार पेसा कानून शीघ्र लागू करें। और केंद्र सरकार आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें। एवं झारखंड के विभिन्न जिलों,प्रखंडों में आदिवासियों का जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाकर भू्माफिया द्वारा या गैर आदिवासी ने अवैध कब्जा किया हुआ है उसको हेमंत सरकार तत्काल चिन्हित कर आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा उसको हटाकर रैयत को दखल दिलाए। बैठक में सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को लागू हुआ है उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं भारत देश के अधिसूचित क्षेत्र में पांचवी अनुसूची लागू उसके बारे में भी बताएं और कहा कि 28 फरवरी 2025 को सरना कोड लागू करने के लिए देश स्तर पर दिल्ली के जंतर मंतर के पास विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा और केंद्र सरकार से मांग किया जाएगा की शीघ्र आदिवासियों के लिए अलग से सरना कोड लागू करें श्री धान ने यह भी कहा कि अधिक से अधिक आदिवासी सरना समाज के लोग दिल्ली में हो रहे धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किए। इस दौरान बैठक में ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें इसलिए की विभाग के द्वारा नियमावली बनकर तैयार है। नियमावली प्रारूप बनी हुई है। और नियमावली का प्रारूप विधि विभाग से भी स्वीकृति मिल चुका है। तो सरकार लागू करने में विलंब क्यों कर रही है। इस कानून को लागू करने के लिए सरकार को आनाकानी नहीं करनी चाहिए। पेसा कानून शीघ्र लागू करें। तथा कई ग्राम प्रधान एवं आदिवासी नेताओं ने अपनी बात रखें। इस बैठक में पूर्व मंत्री देव कुमार धान, रमेश उरांव आदिवासी नेता बलकु उरांव ग्राम प्रधान सुखराम पहान, जगमोहन मुंडा बालेश्वर उरांव मनसा उरांव, पड़हा समाज के उपाध्यक्ष काशीनाथ पहान, पूर्व मुखिया विनीता कुजूर, जेठू मुंडा सतीश उरांव, कलेश्वर मुंडा, घणेनाथ करमाली ,शंकर करमाली, कैलाश बेदिया, लक्ष्मण उरांव एतवार उरांव तुल्का उरांव इत्यादि कई लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव उड़ान 2024-25



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल दिवस, उड़ान 2024-25 का आयोजन किया। इस खेल प्रतियोगिता में छात्रों और शिक्षकों ने एथलेटिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुई। विद्यालय के बच्चों ने एक शानदार छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया। इस नृत्य में मार्शल आर्ट, लोक परंपरा और कहानी कला का अद्भुत मिश्रण था। यह नृत्य भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150वीं जयंती पर समर्पित था। नृत्य में बिरसा मुंडा के जीवन की कहानी और उनकी देशभक्ति की भावना को बच्चों ने बखूबी दर्शाया। प्रतियोगिताओं में ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएँ शामिल थीं। 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, बाधा दौड़ और धीमी साइकिल दौड़। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगन्नाथन थे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रोफेसर (डॉ) विजय कुमार सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची, श्री समरजीत जाना, प्राचार्य जेवीएम श्यामली, श्री नीरज कुमार सिन्हा, प्राचार्य, फिरायालाल पब्लिक स्कूल, रांची शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मार्च पास्ट था। एनसीसी के छात्रों के साथ प्रत्येक हाउस के छात्रों ने गर्व से अपनी खेल भावना और एकता का प्रदर्शन किया। विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में यजुर्वेद हाउस ने सर्वश्रेष्ठ सदन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और अनुशासन को बढ़ावा देने में खेल के महत्व पर जोर देते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल दिवस हमारे स्कूल के कैलेंडर का एक अभिन्न अंग है, और हम अपने छात्रों को अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए देखकर रोमांचित हैं। अपने समापन भाषण में मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें खेल के प्रति अपने जुनून को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पिपरवार मे विदाई समारोह आयोजित कर एक अधिकारी सहित दस रिटायर कामगार को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस समारोह में पिपरवार एरिया से सेवानिवृत हुए एक सीसीएल अधिकारी सहित दस सीसीएल कर्मियो को विदाई दी गई।अशोक परियोजना के अधिकारी शेषनाथ प्रसाद,जीएम युनिट के ओएस सशांको सरकार, जेवियर केरकेटा,अशोका के सीनियर ईपी देवेन्द्र प्रसाद, ओएस मोहम्मद नौशाद,ग्रेडर ऑपरटेर जुगेश उरांव, सीएचपी के कन्वेयर ऑपरेटर भोला दास,ओएस जमुना महतो,पिपरवार युनिट के ईपीएफ ऑपरेटर इश्तियाक उल्लह और मैकेनिकल हसन खान के रिटायर होने पर उन्हे विदाई दी गई।कार्यक्रम मे सबसे पूर्व सेवानिवृत कर्मियों को बुके देकर स्वागत किया गया,जिसके बाद सभी को शॉल,श्रीफल,सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मान के साथ विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की,साथ ही सभी के कार्यो की प्रशंसा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि कंपनी में योगदान देने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि सुनिश्चित हो जाती है।सभी अधिकारियों और कर्मियों को एक दिन रिटायर होना है, लेकिन बेहतर स्वास्थ्य के साथ रिटायर होना गर्व की बात है।उन्होंने कहा कि कंपनी से पुराने एवं अनुभव कर्मियो के रिटायर होने से कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है।नए कामगारों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि रिटायर के बाद भी कर्मियों का कंपनी विशेष ख्याल रखती है।रिटायर के बाद मिलने वाले सभी सुविधा को निर्धारित समय तक पूरा करने का काम किया जाता है।कुछ कागजी प्रक्रिया में परेशानी होने के कारण किसी फाईल में विलंब होता है,लेकिन कंपनी समय पर सभी को मान और सम्मान देने का काम करती है।

## आरटीसी हाई स्कूल बूटी में 10वीं की छात्र-छात्राओं की विदाई



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी हाई स्कूल बूटी राँची में शुक्रवार को दसवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ रुद्र नारायण महतो एवं विद्यालय के प्राचार्या डॉ शांति कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई गीत एवं रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र- छात्राओं को अभिनंदन तिलक लगाकर एव गुलाब दे कर किया गया। डॉ. रुद्र नारायण महतो ने कहा कि आप अभी दसवीं की परीक्षा देने जा रहे हैं तन मन से पढ़ाई करें ओर उन्होंने सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ शांति कुमारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। और अपना रिजल्ट अच्छा करें । आप सबों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल कूद का हो या कला कौशल का प्रतिभा के क्षेत्र में इस विद्यालय के पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अव्वल हैं। मंच का संचालन वर्षा कुमारी एवं अंजलि कुमारी ने की । इस मौके पर स्कूल का समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

## पिपरवार के बहेरा गांव मे होने वाले जलसा की तैयारी जोरो पर



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव मे 6 फरवरी को होने वाले जलसा दस्तारबंदी व पयामे इंसानियत कॉन्फ्रेंश (दीक्षांत समारोह) को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।जलसा को लेकर आयोजन स्थल पर भव्य पंडाल और स्टेज का निर्माण कराया जा रहा है।आयोजन समिति के सभी लोग इसकी तैयारी में लगे हुए हैं।इस संबंध में आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि जलसा को लेकर बनाये जा रहे पंडाल में करीब दस हजार से अधिक लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था की जा रही है।इसके अलावे जलशा देखने व सुनने मे किसी को परेशानी नही हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है।आयोजन स्थल पर कई जगह पर एलईडी स्क्रीन लगाया जाएगा।आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि इस जलसा में देश के बड़े विद्वान और चारों वेद के जानकार हजरत मौलाना अब्दुल्लाह सलीम चतुर्वेदी सहित देश के कई उलेमा, मौलाना एवं नातखां शामिल होगे।आयोजन समिति के लोगों ने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।जलसा की तैयारी में आयोजन समिति के इकबाल हुसैन,कासिम उर्फ मुन्ना,सलीम जावेद,मोहम्मद असलम,मोहम्मद जुलफाम, हाजी तनवीर,मोहम्मद अनवर सहित आयोजन समिति के सभी लोग इसकी तैयारी में लगे हुए हैं।

## बुंडू में डिजिटल पंचायत वीएलई के लिए आयोजित पंचायती राज विभाग का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 सफल क्रियान्वयन हेतु ई- ग्राम स्वराज, टी एम पी, पी डी आई तथा जी ई एम पोर्टल संचालन हेतु बुंडू प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण 30 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया था जिसमें कुल 48 डिजिटल पंचायत वीएलई ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोनाहातु प्रखंड के 14 विएलई, तमाड़ प्रखण्ड से 23 विएलई और बुंडू प्रखंड से 11 विएलई ने भाग लिया। प्रशिक्षण हेतु डिजीग्राम के ब्लॉक मो. खालिद अंसारी और गौतम कुमार को मास्टर ट्रेनर के रूप में भेजा गया। ट्रेनर खालिद अंसारी ने बताया कि बुंडू रेस्टर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित पंचायत वीएलई ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही शांति और आदर्श के साथ अपना प्रशिक्षण लिया। वीएलई में सीखने और जानने की ललाट ने ट्रेनर को काफी उत्साह बढ़ाया जिससे दोनों ट्रेनर ने काफी मन लगा कर प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम आयोजन में तमाड़ प्रखण्ड में पदस्थापित पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक वाजिद अली ने अपना पूरा सहयोग दिया साथ ही ऑपरेटर रविन्द्र नाथ ने भी अपना सहयोग किया।

## छात्रों ने स्वर्णरेखा जल विद्युत निगम लिमिटेड में इंडस्ट्रियल भ्रमण किया



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर.टी.सी. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी के इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच द्वारा छात्रों के लिए रांची स्थित स्वर्णरेखा जल विद्युत निगम लिमिटेड में एक दिवसीय इंडस्ट्रियल शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं और आधुनिक तकनीकों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस सफल विजिट के लिए इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार ने छात्रों को उद्योग के व्यावहारिक पहलुओं और उनके ज्ञान में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 卐ऐसे इंडस्ट्रियल विजिट से छात्रों को अपने ज्ञान से वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें अपने क्षेत्र में नई तकनीकों और इनोवेशन को समझने का मौका मिलता है।卐 इस विजिट को सफल बनाने में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दिलीप कुमार, जीतेन्द्र चौधरी और मीनूति श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी ने छात्रों को गाइड किया और उन्हें स्वर्णरेखा जल विद्युत निगम लिमिटेड के संचालन और उपकरणों के उपयोग के बारे में गहराई से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ करियर के अवसरों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया।

## पिपरवार के बेंती पंचायत के तोरहद गांव मे 50 गरीबो के बीच बांटा गया कंबल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अर्न्तगत आने वाले ग्राम तोरहद मे शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर गांव के गरीब असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम मे बेंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी गणेश कुमार भुइयां ने गांव के करीब 50 गरीब असहाय और वृद्ध लोगो के बीच कंबल का वितरण किया।इस संबंध में गणेश कुमार भुईयां ने बताया कि सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत पंचायत को कंबल उपलब्ध कराया गया था, जिसके लिए तोरहद गांव में जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उनके बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कंबल मिलने के बाद गरीबों को ठंड में काफी राहत मिलेगी।साथ ही कहा कि पंचायत के प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचने के लिए उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है।सरकारी योजनाओं का लाभ पंचायत के प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाया जाएगा।

## सरस्वती पूजा को लेकर पिपरवार थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया।बैठक में पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों के अलावा आवासीय कॉलोनी में होने वाले सरस्वती पूजा को लेकर चर्चा की गई एवं जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस से अवगत कराया गया।बैठक में पूजा के दौरान भी पिपरवार पुलिस के द्वारा नियमित रूप से गस्ती करने,सभी पूजा पंडालो में सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम करने,डीजे साउण्ड का प्रयोग नही करने सहित अन्य कई बातो पर निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी ने कहा कि पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है।सोशल मीडिया पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहेगी।किसी भी प्रकार के धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।शरारती तत्व एवं मनचलों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

## पाइका टीम हरप्रिया महतो एंड ग्रुप ने रांची में राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में किया नृत्य प्रस्तुत



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार अंतर्गत झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 अन्तर्गत हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 जनवरी से 2 फरवरी तक रांची के मरांग गोमेक जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम, मोहराबादी, रांची,मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बरिहातु एवं साउथ ईस्टर्न रेलवे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, हटिया, रांची में किया जा रहा है। शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड के शुक्ला गांव के पाइका टीम हरप्रिया महतो एंड ग्रुप ने मरांग गोमेक जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम, मोहराबादी, रांची में प्रतियोगिता के संस्कृतिक संध्या में नित्य प्रस्तुत किया। 9 सदस्यों पाईका टीम को कार्यक्रम में नित्य प्रस्तुत करने के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आमंत्रित किया गया था।

## एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में कथक नृत्य कार्यशाला आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की एस एस प्लस टू हाईस्कूल पटमदा में शुक्रवार को रुट टू रूट और बीएमडब्ल्यू फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का नेतृत्व प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना, तरित सरकार ने किया। उन्होंने कथक नृत्य की विधाओं, गानों के प्रकारों और उनकी प्रस्तुति पर चर्चा की। कार्यशाला में तरित सरकार ने छात्रों को कथक नृत्य के विभिन्न स्टेप्स सिखाए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नृत्य की बारीकियों को समझा। प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी में इसकी रुचि पैदा करना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस दौरान विद्यालय के अन्य सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

## बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में वीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड बोड़ाम कार्यालय में सबकी योजना सबका विकास 2025-26 के सफल क्रियान्वयन हेतु ई ग्राम स्वराज, टीएमपी, पीडीआई तथा जीईएम पोर्टल के संचालन हेतु संकुल स्तर पर बोड़ाम, पटमदा तथा जमशेदपुर ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों के वीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को संपन्न हुई। प्रशिक्षक के रूप में मास्टर कार्तिक प्रधान और मोहम्मद शमीम के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बोड़ाम प्रखंड के बीडीओ कीकू महतो एवं प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह के द्वारा सभी वीएलई को उचित दिशा निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में प्रखंड समन्वयक नीलम कुमारी, पंचायत समिति सदस्य देवजानी दास समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल खासमहल के छात्रों ने किया मत्स्य पालन विभाग का भ्रमण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को संत जेवियर्स, इंग्लिश हाई स्कूल खासमहल के कक्षा 8 के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर छात्रों को मत्स्य पालन विभाग ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मत्स्य पालन की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं इसमें आने वाली चुनौतियों के विषय में मास्य प्रसार प्रभारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा और डीएफओ अल्का पन्ना के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को रंगीन मछ्ली पालन यूनिट का भ्रमण करवाया गया तथा इसके विभिन्न पहलूओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के एडमिन के.सी. भारती, कोआर्डिनेटर स्वाति कुमारी झा, शिक्षिका सानिया परवीन तथा शिक्षक नागेन्द्र प्रताप सम्मिलित हुए।

## गुड़ाबांदा स्कूल में सहायक अध्यापक को दी गई विदाई



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा उत्क्रमित उच्च विद्यालय गुड़ाबांदा के सहायक अध्यापक विद्याधर साव सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने शानदार नृत्य - गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार हांसदा, सहायक शिक्षक नव कुमार गिरि, दीपक कुमार मंगल, जगदीश चन्द्र माहली, पीयूष कुमार धाउड़िया, संतोष कुमार देहुरी, कृष्ण हांसदा, अनुराग पांड्ये विजन कुमार मालिक, कालिकिंकर भुईया, शिल्पा रानी पाल, नागराज मुर्मू, सुनाराम हांसदा, सीआरपी गौरांग महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## स्विगी डाइनआउट ने जमशेदपुर में रखा कदम

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने स्टील सिटी जमशेदपुर में स्विगी डाइनआउट सर्विस शुरू की है। इस लॉन्चिंग के साथ शहर के स्वाद के दीवानों को एक्सक्लूसिव डाइनिंग ऑफर्स का आनंद मिलेगा। इस सर्विस की शुरुआत से शहर के लोग अब अपने डाइनिंग बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं। फर्स्ट-टाइम यूजर्स को 250 रुपये की अतिरिक्त छूट के साथ स्विगी डाइनआउट ने डाइनिंग आउट के हर अनुभव को रिवार्डिंग बना दिया है। 2024 में स्विगी डाइनआउट ने भारत के 48 शहरों में 2.2 करोड़ से ज्यादा लोगों को जोड़ा और उन्हें रेस्टोरेंट बिल पर कुल 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत करने में सहायता की।

## सैमसंग ने लॉन्च की 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सैमसंग ने आज अपनी नई 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर सीरीज लॉन्च की। अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन से लैस इस सीरीज में 19 नए मॉडल शामिल हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। विंडफ्री कूलिंग तकनीक से लैस ये एयर कंडीशनर 23,000 माइक्रो होल्स के जरिए ठंडी हवा को समान रूप से फैलाते हैं, जिससे सीधा हवा का झोंका महसूस नहीं होता। एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर ऊर्जा बचाने के लिए कूलिंग को ऑटोमैटिक एडजस्ट करता है। सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज सीनियर डायरेक्टर गुरफान आलम ने कहा कि यह नई सीरीज भारतीय गर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर विकसित की गई है और कूलिंग अनुभव को नए स्तर पर ले जाती है।

# सोनारी पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार, अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी पुलिस ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अपराधियों में सोनारी के न्यू रूपनगर निवासी ऋतिक कुमार और निर्मल नगर निवासी अजय गौड़ शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक कारतूस और एक स्मार्टफोन बरामद किया है। अजय गौड़ का आपराधिक इतिहास पहले से ही काफ़ी लंबा है। उसके खिलाफ सोनारी थाने में कुल 6 मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी शिवाशीष कुमार ने शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि गुरुवार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्वाला बस्ती इलाके में दो संदिग्ध बदमाश हथियारों के साथ घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

**अजय गौड़ के खिलाफ 6 अलग-अलग मामले दर्ज**

सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अजय गौड़ एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ सोनारी थाने में पहले से ही 6 अलग-अलग मामले दर्ज हैं। इन मामलों में चोरी, लूटपाट और मारपीट जैसी गंभीर घटनाएं शामिल हैं। अजय के रिकॉर्ड को देखते हुए पुलिस का मानना है कि वह इलाके में और भी अपराधों में संलिप्त हो सकता है।

**पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी**

सोनारी पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों का उद्देश्य क्या था और वे किन-किन अपराधों में संलिप्त थे। साथ ही, पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है, जो इस साजिश में शामिल हो सकते हैं।

## श्रीराम कथा की तैयारी हेतु सूर्य मंदिर समिति की बैठक आज, शामिल होंगे पूर्व सीएम रघुवर दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में स्थापित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर आगामी फरवरी माह में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार, संध्या 6 बजे सूर्य मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक सुनिश्चित की गई है। इस बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कथावाचक चयन, आयोजन की रूपरेखा, दायित्व निर्धारण, महाभण्डारा एवं अन्य अनुष्ठानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने मित्रों सहित बैठक में शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें और श्रीराम कथा के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# अजय सिंह के जन्मदिन पर युवाओं ने नशा मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

### - कांग्रेस नेता अजय सिंह ने अपना जन्मजिन युवा शक्ति दिवस के तौर पर मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता अजय सिंह ने अपना जन्मदिन युवा शक्ति दिवस के तौर पर मनाया। नौजवान साथियों के साथ युवा नेता अजय सिंह ने आदित्यपुर स्थित अपने आवास से मोटर साइकिल जुलूस निकाला और बिस्टूपुर पदयात्रा करते हुए राम मंदिर में एक सभा के रूप में परिणित हो गया। समारोह में केक तलवार से काट कर युवा शक्ति दिवस के रूप में जन्मदिन मनाया गया। नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम, दीपक महतो, विशाल सिंह, युवराज सिंह ने कहा अजय सिंह हम युवाओं के हृदय सम्राट हैं। उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है वह नशा नहीं करते हैं। राजनीति में करप्शन नहीं करते हैं। अस्पष्ट और और पारदर्शी राजनीति करते हैं। समारोह में हर राजनीतिक दल के लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, पूर्व मंत्री बना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय , कमलेश, रविंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार यादव, राजा भाई, इंटक नेता राकेश्वर पांडेय, आनंद बिहारी दुबे, धर्मेंद्र सोनकर, अमरप्रीत सिंह काले, शिवशंकर सिंह, अन्य लोग शामिल थे।

## दिल्ली से लौटने पर पीएम श्री केजीबीवी की छात्राओं का प्रखंड स्तर पर किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा की पाइप बैंड टीम का नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने के बाद पटमदा लौटने पर शुक्रवार को पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सभी छात्राओं को बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ. राजेन्द्र कुमार दास व पंचायत प्रतिनिधियों ने फूल माला व बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित की गई। बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने कहा कि पटमदा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाओं का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बैंड प्रतियोगिता में अव्वल होना पूरे झारखंड वासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सीओ डॉ. राजेन्द्र कुमार दास ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। यह साबित कर दिखाया है यहां की बेटियों ने। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी जारी रखें और इसी तरह नाम रोशन करते रहें। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, वार्डन रजनी मुर्मू, शिक्षिका सारो हांसदा, करमु गोप समेत आदि मौजूद थे।

## तिरुलडीह थाना में बसंत पंचमी पूजा को शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरुलडीह थाना परिसर में अंचलाधिकारी सत्येन्द्र नारायण पासवान की अध्यक्षता में बसंत पंचमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, पुजा समिति सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में बसंत पंचमी पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष चर्चा किया गया। वहीं अफीम खेती को लेकर विशेष चर्चा किया गया। पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, प्रयाप्त रोशनी का व्यवस्था करने, डीजे नहीं बजाने आदि निर्देशो का अनुपालन करने के संबंध में थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने जानकारी दिया एवं निर्देशो का अनुपालन करने का अपील किया गया। मौके पर कुकड़ू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला सिहं पातर, एस आई सोमा उराव, एस आई कार्तिके सिंह, एस आई नौवेल एक्का, स. अ. नि रंजित प्रसाद, तिरुलडीह मुखिया रामबालक सिंह मुण्डा, मुखिया, रामलाल सिंह, चित्त रंचन सिंह, इंद्रजीत सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि तपन सिंह मुण्डा, गोरा सिंह , सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरायकेला खरसावां जिला राजद का सदस्यता अभियान शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिला राजद सरायकेला खरसावां की ओर से सदस्यता अभियान शुरू किया गया। इसके लिए जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजद के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश महासचिव सह सरायकेला खरसावां जिला राजद के सदस्यता अभियान प्रभारी कमलदेव सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव सह जिला सदस्यता अभियान के सह प्रभारी राजेश कुमार यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डीएन सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित राजद के राज्य परिषद सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष , पंचायत अध्यक्ष के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर श्री सिंह ने सभी पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को राजद की सदस्यता दिलाने की अपील की। इस अभियान में रमेश यादव, नीरज कुमार, दिनेश यादव, कविलाश यादव, जगाई गोप, अमित कुमार सिंह, शारदा देवी, गुणबंती देवी, बापी दास, लखन प्रामाणिक, सुषमा मिश्रा, पूनम शर्मा, संगीता दास, कविता दास, शकुन्तला दास, कुंदन कुमार प्रसाद, अजय दास, जानकी गोप, पंकज कुमार, राजा कुमार आदि ने राजद की सदस्यता ग्रहण की।

## केमिकल डिजास्टर, गैस लिकेज से बचाव हेतु मॉक ड्रिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार टाटा स्टील मेन गेट, साकची के पास केमिकल डिजास्टर/ गैस लिकेज से बचाव हेतु मॉक ड्रिल किया गया । मौके पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे । एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील द्वारा संयुक्त रूप से किए गए इस मॉक ड्रिल में आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने के तरीके, क्या करें, क्या न करें, पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान करना, ससमय अस्पताल पहुंचना आदि ड्रिल किया गया। एसडीएम धालभूम ने कहा कि मॉक ड्रिल से आपातकालीन स्थिति में कई लोगों की जान, संपत्ति और आसपास की सुरक्षा होगी। अभ्यास से ऐसी घटनाओं का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। अभ्यास से मैन पावर, रिसोर्स में कितना गैप है इसका पता चलता है। एनडीआरफ के पदाधिकारी ने केमिकल डिज़ास्टर और उसके फ्रेमवर्क तथा मॉक ड्रिल पर बताते हुए कहा कि यह भारत की एक विशेष टीम है जो आपदाओं से निपटने और उनके बाद के कामों को मैनेज करने के लिए काम करती है। यह प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए त्वरित, पर्याप्त, और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में माहिर है। केमिकल डिज़ास्टर और गैस लिकेज पर प्रभावी कार्रवाई तथा लोगों में जागरूकता लाने के लिए मॉक ड्रिल किया गया।

## मायुमं मंडलीय क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टील सिटी शाखा बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच (झाप्रांमायुमं) के मंडलीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मायुमं स्टील सिटी शाखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में स्टील सिटी शाखा ने 10 ओवरों में 199 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें हर्ष शारदा ने अकेले 119 रन बनाए। जवाब में मायुमं जमशेदपुर शाखा की टीम 10 ओवरों में 184 रन ही बना सकी। हर्ष शारदा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। इसमें कुल 5 टीम क्रमशः चाईबासा शाखा, चक्रधरपुर शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा, जमशेदपुर शाखा और स्टील सिटी शाखा ने भाग लिया। यह टूर्नामेंट 30 जनवरी को टेल्को स्थित टीएमसी क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलीय उपाध्यक्ष हर्ष सुल्तानिया ने टूर्नामेंट की सफलता पर बधाई दी और स्टील सिटी शाखा के आयोजन की सराहना की। मौके पर स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने प्रतिभागी टीमों और प्रायोजकों क्रमशः शंकर सिंघल एवं वाटिका डिस्ट्रीब्यूटर्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी विजय आनंद मूनका, नन्द किशोर अग्रवाल, अरुण गुप्ता, सुगम सरायवाला, विकास अग्रवाल, दिनकृत अग्रवाल, मोहित मूनका, हर्ष सुल्तानियां, कविता अग्रवाल, लिप्पु शर्मा, बिमल रिंगसिया आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का बिल्डर मिट एवं एमएसएमई कस्टमर आउटरिच कार्यक्रम संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा 30 जनवरी, 2025 को साकची एक होटल में बिल्डर मिट एवं एमएसएमई कस्टमर आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के कॉर्पोरेट, रिटेल एवं एमएसएमई क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के ऋण प्रोसेसिंग प्रक्रिया,संबंधी ब्याज दरों एवं ऋण संवितरण से जुड़े विभिन्न आयामों तथा सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्राहकों को बड़ौदा नकद प्रबंधन सेवाएं के बारे में अवगत कराते हुए प्रस्तुति दी गई । चर्चा सत्र के दौरान ग्राहकों से प्राप्त सुझाव मिले जिनके आधार पर बैंक आगे की कार्यनीति स्थिर कर अधिक से अधिक सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी। बैठक में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों में अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर अंचल से महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख स्वप्ना बंदोपाध्याय, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक मनीष प्रकाश सिन्हा, उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार साहा अन्य उपस्थित रहें ।

## विद्या भारती उच्च विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विद्या भारती उच्च विद्यालय, गम्हरिया में योग वेदांत सेवा समिति की ओर से विद्यालय के बच्चों और अभिभावकों के साथ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा अपने- अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनसे आशीष लिया गया। इस दौरान बच्चों ने सर्वप्रथम अपने- अपने माता-पिता का तिलक कर उन्हें माला पहनाया और उनका मुंह मीठा करवाया। साथ ही, सुबह उठकर अपने माता पिता का चरण छूकर अपने दिन की शुरुआत करने और गुरुजनों का सम्मान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर योग वेदांत सेवा समिति के अभय बेहरा और पुष्पा झा ने इस कार्यक्रम के महत्व के बावत बच्चो को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष सुधांशु सरकार, सचिव हिमांशु सरकार, प्रधानाचार्य दिनेश जोशी, राधा पॉल, चंद्रशेखर कुमार, जयंती नायक, रंजीता कुमारी समेत समस्त शिक्षक व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# जलवायु संकट में बच्चे

**यह** तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।


रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृशि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।


### चीन भारत के सीमावर्ती क्शेत्र में कभी गलवान में सैनिक घुसपैठ कराता है

# ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध निर्माण की चीन ने चली चाल

**प्रमोद भार्गव**


चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध को बनाने की स्वीकृति दे दी है। इस बांध परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बांध संरचना परियोजना बताया जा रहा है। इसकी लागत का अनुमान 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अधिकारी ने देते हुए कहा है कि 'चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्षेत्रों में एक जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी


**चीन** ने भारत के साथ मधुर संबंध बनाने के बीच एक नई विस्तारवादी चाल चल दी। चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध को बनाने की स्वीकृति दे दी है। इस बांध परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बांध संरचना परियोजना बताया जा रहा है। इसकी लागत का अनुमान 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अधिकारी ने देते हुए कहा है कि 'चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्शेत्रों में एक जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। यहां ब्रह्मपुत्र नदी एक बड़ा मोड़ लेती हुई अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है। यह सामाचार हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपा है। भारत के प्रति चीन का आचरण हमेशा ही संदिग्ध रहा है। चीन इस नाते अपने हितों और विकास के लिए जो भी निर्णय लेता है, वे सीमाई देशों के लिए संकट का सबब बन जाते हैं। ऐसी शंकाएं इसलिए पैदा होती हैं, क्योंकि चीन भारत के सीमावर्ती क्शेत्र में कभी गलवान में सैनिक घुसपैठ कराता है, तो कभी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर गांव बसा देता है। उसके ये कृत्य उसकी साम्राज्यवादी मंशा उजागर करने वाले हैं। अब ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ा बांध बनाने की मंशा ने भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि बांध में भरे पानी से चीन प्रतिवर्श 300 अरब किलोवाट प्रतिघंटे बिजली पैदा करेगा। सिंचाई के लिए भी यह जल उपयोग में लाया जाएगा। इसके पहले से भी चीन ब्रह्मपुत्र के मूल उद्गम स्थल यारलुंग जांग्बो नदी पर 60 हजार मेगावाट क्शमता का जल विद्युत संयंत्र लगा रहा है। इस लक्श्य की पूर्ति के लिए वह विशालकाय बांध के निर्माण में लगा है। आशंका है कि चीन इस बांध में भरे जाने वाले जल का इस्तेमाल भारत के विरुद्ध जल युद्ध के रूप में कर सकता है। इसकी काट के लिए भारत ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग क्शेत्र में 11,200 मेगावाट क्शमता की पनबिजली परियोजना पर काम शुरू कर



दिया है। 1.10 लाख करोड़ रुपए की इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (पीएफआर) भी बन गई है। एक अन्य 9,380 मेगावाट क्शमता की पनबिजली परियोजना अरुणाचल में पहले से ही निर्माणाधीन है।

इस पहल से चीन शिनजियांग के रेगिस्तानी इलाके को उपजाऊ भूमि में बदलना और इस क्शेत्र की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराना चाहता है। दक्शिणी तिब्बत की यारलुंग जांग्बो नदी के जल प्रवाह को रेगिस्तान की ओर मोड़ा जाएगा। इसे मोड़ने के लिए चीन के अभियन्ता ऐसी तकनीकों के परीक्शण में जुटे हैं, जिनका प्रयोग कर ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह को 1000 किमी लम्बी सुरंग बनाकर मोड़ दिया जाए। इस योजना के जरिए चीन की मंशा अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगे तिब्बत से शिनजियांग में पानी ले जाने की है। भारत सरकार के साथ दुनिया भर के पर्यावरण प्रेमी चिन्तित हुए थे, क्योंकि सुरंग खुदाई से हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। लेकिन चीन ने अपने रुख में बदलाव नहीं किया। हालांकि ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा कई बाँध बनाए जाने को लेकर भारत बीजिंग को पहले ही अपनी चिन्ताओं से अवगत करा चुका है। ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बाँध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबन्ध कर लिये हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। चीन यदि बांधों से ज्यादा पानी छोड़ देता है तो यह पूर्वोत्तर भारत की कृशि व्यवस्था तहस नहस कर सकता है। चीन के बांध भारत की पर्यावर्णीय व्यवस्था पर भी विपरीत असर डाल सकते हैं।

एशिया की सबसे लम्बी इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लम्बी नदियों में 29वाँ स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्शेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊँचाई पर तिब्बती क्शेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्शीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएँ निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बाँधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापारिक, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बाँधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृश्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल भी हो सकता है ? दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 शहरों में से 110 शहर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृशि सम्बन्धी जरूरतों के लिये भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिये पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिये उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएँ प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, वे सब अटक प्रभावित हो सकती हैं ? ये परियोजनाएँ पूरी हो जाती हैं।

दृश्टि कोण

# दुनिया की दुखती रग पर चोट दी ट्रंप ने

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के प्रति ऐसी हेठी उनके पहले कार्यकाल के दौरान में भी स्पष्ट थी, जब दुनिया कोविड महामारी की मार से जूझ रही थी। स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए उन्होंने इस स्वास्थ्य एजेंसी को सीधे तौर पर दोषी ठहराया था। ट्रम्प ने इसको दिए जाने वाले अमेरिका के अंशदान को ऐसे वक्त पर रोक दिया था जब वह सदी के सबसे बुरे वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल से जूझ रहा था। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका की अंतिम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर भी दी थी, लेकिन ऐसा होने से पहले, वे चुनाव हारकर सत्ता से बाहर हो गए थे। उनके बाद आए जो बाइडेन ने उक्त आदेश को उलट दिया और डब्ल्यूएचओ को अमेरिका का वित्तीय अंशदान बहाल कर दिया था। अब नए जारी किए गए कार्यकारी आदेश का मतलब है कि अमेरिका एक साल के भीतर संगठन को अपनी वित्तीय सहायता बंद कर देगा। वर्तमान में, डब्ल्यूएचओ के कुल वित्त पोषण में अमेरिका का अंशदान लगभग 18 फीसदी है। दो साल (2024 और 2025) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का बजट 6.8 बिलियन डॉलर है।

डब्ल्यूएचओ का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, स्वास्थ्य और बीमारियों के महत्वपूर्ण मामलों से निपटने के मंतव्य से एक विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के रूप में किया गया था। इसे वैज्ञानिकों, चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य नीति निर्माताओं के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क युक्त एक तकनीकी एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके मुख्य कार्यों में एक है नए पैदा हो रहे संक्रमणों पर निगरानी एवं सूचना साझा करना। दशकों से, इस एजेंसी के काम ने चेचक, यॉस, पीला बुखार, कुष्ठ रोग और पोलियो जैसी बीमारियों के उन्मूलन और नियंत्रण में मदद की है। यूएन एड्स नामक एक नई एजेंसी के माध्यम से इसकी एचआईवी/एड्स पर की वैश्विक कार्रवाई भी उल्लेखनीय रही। अब, इसका ध्यान तपेदिक उन्मूलन पर है।

वर्ष 2000 से नए संक्रमणों के उभरने और पुराने संक्रमण- जैसे कि सार्स, बर्ड फ्लू, एमईआरएस, इबोला, एमपॉक्स और कोविड 19 के लिए उभरने से एजेंसी का काम अधिक ध्यान खींच रहा है। एक वैश्वीकृत, एक-दूसरे से बहुत अधिक जुड़े एवं परस्पर निर्भरता वाले विश्व में, स्वास्थ्य सुरक्षा सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था के साथ जुड़ी हुई है। डब्ल्यूएचओ से हटने का फैसला वैश्विक समुदाय के अलावा खुद अमेरिका के लिए भी बुरा रहेगा। यह अमेरिका की दवा निर्माता कंपनियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी, इनफ्लुएंज़ा तंत्र से मिलने वाले रोग के प्रकोप और स्वास्थ्य आपात स्थिति संबंधी महत्वपूर्ण डेटा से वंचित कर देगा। यह निर्णय आगे वैश्विक महामारी संधि और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन जैसे अन्य तंत्रों में चल रही वार्ताओं से अमेरिका के हटने की राह खोलेगा। डब्ल्यूएचओ के साथ काम कर रहे दर्जनों अमेरिकी विशेषज्ञों को भी वापस बुलाकर अन्यत्र नियुक्त किया जाएगा। दो अमेरिकी संस्थान- सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ- महत्वपूर्ण मुद्दों पर डब्ल्यूएचओ के साथ काफी गहरे तक जुड़े हैं। ऐसी साझेदारियों का खत्म होना परस्पर हानिकारक रहेगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए, अपने सबसे बड़े दानदाता का चले जाना एक गंभीर झटका है, वह भी ऐसे समय में जब अन्य देशों का योगदान पहले से ही कम होता जा रहा है। अमेरिका के बाद, अगला सबसे बड़ा दानदाता देश जर्मनी है, जिसका एजेंसी के वित्त पोषण में योगदान लगभग 3 प्रतिशत है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, डब्ल्यूएचओ को कुछ गैर-राजकीय दानदाताओं से मिलने वाले धन में काफी वृद्धि हुई है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन इस सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद नंबर आता है यूरोपियन आयोग और विश्व बैंक का। गेट्स फाउंडेशन पोलियो उन्मूलन और टीकों जैसे क्षेत्रों में काम में मदद कर रहा है। यदि अमेरिका द्वारा वित्तीय मदद बंद करने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन को मिलने वाला राष्ट्रीय वित्त पोषण नहीं बढ़ता, तो इसकी निर्भरता गेट्स जैसे निजी दानदाताओं पर बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के स्वतंत्र कामकाज के लिए यह स्थिति अच्छी नहीं होगी। आलोचकों का मानना है कि निजी वित्त पोषण के साथ कुछ शर्तें जुड़ी होती हैं, जो बदले में वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडे को प्रभावित कर सकती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के कामकाज को और अधिक कुशल, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए इसमें सुधार की मांग करना जायज है। महामारी के मद्देनजर, भारत ने भी 2020 में जी-20 और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाया था। भारत का सुझाव है कि डब्ल्यूएचओ को कोविड-19 जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित करने के लिए वस्तुनिष्ठ मानदंड और मापदंड तैयार करने चाहिए। अन्य देशों ने भी इसी प्रकार की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र निकाय होने के नाते, डब्ल्यूएचओ आलोचना के लिए खुला है और सुधारों के विचार को आगे बढ़ाने के लिए मंच मौजूद हैं, लेकिन इसे भंग करना या इसे फंड से वंचित करना समाधान नहीं है। वहीं सुधार संबंधी मांग का जवाब देते हुए, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि उसने अपने इतिहास में सुधारों का सबसे बड़ा सेट लागू किया है, जिसमें 'जवाबदेही, लागत-प्रभावशीलता और देशों में प्रभाव' शामिल हैं।

कुछ अलग

# अस्थाई राहत

**उच्चतम** न्यायालय ने आम आदमी पाटा (आप) के पूर्व पार्षद और फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को राहत देते हुए हिरासत में पैरोल पर चुनाव करने के लिए 6 दिनों की अनुमति देकर साबित कर दिया कि भारत को लोकतंत्र कितना उदार है ! उल्लेखनीय है दिल्ली के दंगे में 53 लोग मारे गए थे और अरबों की संपत्ति जलाकर राख कर दी गईं थी। ऐसे महाअपराधी ने जब उच्चतम न्यायालय में चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की और शीर्ष अदालत से अनुरोध किया कि उसकी इच्छा पूरी की जानी चाहिए क्योंकि चुनाव लड़ना उसका मौलिक अधिकार है तो उच्चतम न्यायालय ने उसकी इच्छापूर्ति के लिए ऐसा तरीका अपनाया जो सराहनीय है। अदालत ने उसे जेल से बाहर तो निकाल दिया ताकि वह अपने क्षेत्र के वोटरों के बीच जाकर वोट मांग सके किन्तु उसे पुलिस हिरासत में ही रखा ताकि उससे नाराज मुस्तफाबाद चुनाव क्षेत्र की जनता उसको शारीरिक क्षति न पहुंचा सके। असल में ताहिर जैसे दरिंदे अपराधियों के खिलाफ चल रहे 'वाद' को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना चाहिए ताकि उनके भाग्य का पैसला जल्दी हो सके। जहां तक रही बात ताहिर की तो अदालत ने बिल्वुल ठीक किया कि उसे खुली छूट न देकर पुलिस हिरासत में ही रखा और सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती का खर्च वैदी से ही वसूल करने के लिए कहा। अब 6 दिनों तक ताहिर प्रातिदिन दो लाख 41 हजार का भुगतान करके जब सुरक्षा खरीदेगा तब उसे पचा चलेगा कि 'स्वतंत्रता' कितनी महंगी होती है। एक अपराधी प्रावृत्ति का व्रूर व्यक्ति इस बात का श्रेय लोकतांत्रिक व्यवस्था को नहीं देगा क्योंकि उसे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को तोड़ने मरोड़ने की आदत है। वह अपने स्वार्थ के लिए जिस लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का इस्तेमाल करता है, उसी पर प्राहार करने में कोई संकोच नहीं करता। आप जरूर ताहिर को अपने चुनाव का प्राचार करने की मिली अनुमति पर उच्चतम न्यायालय के पैसले पर हैरानी जता सकते हैं, किन्तु उन्हें इस बात का एहसास होना चाहिए कि भारतीय न्यायशास्त्र सभी की भावनाओं का सम्मान करता है, चाहे वह किसी भी वर्ग या समाज का हो। कानून की दृष्टि में आरोपी भी तब तक अपने मानवाधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जब तक कि उसका दोष सिद्ध न हो गया हो। ताहिर संवैधानिक संस्था की उसी सद्भावना का लाभ उठा रहा है। लब्बोलुआब यह है कि ताहिर ने दंगाग्रास्त क्षेत्र में हिसा का जो नंगा नाच किया उसका निषेधात्मक पुरस्कार तो उसे मिल ही रहा है साथ ही भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था होने के कारण सभी के मौलिक अधिकारों की संवेदनशीलता को महसूस कराता है। यही कारण है कि आजकल आदतन अपराधी भी लोकतांत्रिक सद्भावनाओं का फायदा उठाने के लिए अवसर का तलाश करते रहे हैं। किन्तु यह भी सत्य है कि अपराधी चाहे जितना भी शातिर हो, उसे इस तरह के घिनौने अपराध के लिए सामाजिक न्याय की प्रातीक्षा करनी होगी। उसे 6 दिन का चुनाव प्राचार खत्म करके फिर वैदी के रूप में उसी जेल में जाना है। वुल मिलाकर ताहिर को अस्थाईं राहत मिली है।

देश दुनीया से

# मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाएगी खपत

**इन** दिनों पूरे देश के साथ-साथ मध्यम वर्ग की निगाहें वित्तमंत्री द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2025-26 की ओर लगी हुई हैं। दरअसल, देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में धन की कमी के कारण उनके निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से विकास दर प्रभावित हो रही है। उम्मीद है कि वित्तमंत्री आगामी बजट में टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाएंगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि वित्तमंत्री नए टैक्स रिजीम के तहत 10 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री कर सकती हैं। इससे मध्यम वर्ग के हाथ में जो अतिरिक्त धनराशि बचेगी, उससे खपत बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी।

वस्तुतः मध्यम वर्ग के खर्च और निजी उपभोग का देश की विकास दर की रफ्तार से सीधा संबंध है। कोरोना-19 के बाद से मध्यम वर्ग के पास अपने उपभोग खर्च के बाद निवेश के लिए खर्च में लगातार कमी आ रही है। मध्यम वर्ग की जीवनशैली को बनाए रखने की लागत में अत्यधिक तेज वृद्धि ने इस वर्ग की वित्तीय मजबूती कम की है। बढ़ती हुई, खुदरा महंगाई ने भी मध्यम वर्ग के परिवारों पर वित्तीय दबाव को बढ़ा दिया है। पिछले वर्ष 2024 में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से अधिक रही है। स्थिति यह है कि निजी उपभोग में कमी ने निजी पूंजीगत व्यय के चक्र की रफ्तार घटा दी है। कोविड-19 के बाद मध्यम वर्ग की कमाई की रफ्तार में कमी आई है। साथ ही बढ़ती वित्तीय देनदारी और कर्ज की किस्त अदायगी का बोझ बढ़ने से मध्यम वर्ग चिंतित है।

निःसंदेह, सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉर्पोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के ज़रिए बहुत कम रिटर्न मिला है, ऐसे में यह अपेक्षा की जा रही है कि आगामी बजट सरकार के लिए लक्षित कर सुधारों को आगे बढ़ाने, शहरी उपभोग मांग को बढ़ाने और मध्यम वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाने वाली सेवाओं को बढ़ाने वाला बजट होगा। उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र बन सकता है। निस्संदेह, मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले 10 वर्षों में लगातार



आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर, 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण करीब 16 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16 फीसदी से भी ज्यादा है। इस परिप्रेक्ष्य में आईसीआरए की रिपोर्ट कहती है कि आगामी बजट में सरकार व्यक्तिगत आयकरदाताओं को राहत दे सकती है, इससे कर संग्रह पर असर पड़ने का खतरा नहीं है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इस अनुमान का आधार आय और कॉर्पोरेट कर राजस्व में इजाफा होना है। अप्रत्यक्ष करों में 9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। जीएसटी संग्रह में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। सीमा शुल्क में भी 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

ऐसे में मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दे सकती है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में और बदलाव हो सकता है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। 30 प्रतिशत की दर को 20 लाख रुपये से अधिक की आय वालों पर लागू किया जाना अत्यधिक लाभप्रद होगा। नए बजट के तहत आयकर से संबंधित पुराने टैक्स रिजीम के अंतर्गत धारा 80सी के तहत छूट बढ़ाई जा सकती है। नए बजट 2025-26 में पुराने टैक्स रिजीम के तहत भी स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट बढ़ाई जा सकती है। अभी पुरानी व्यवस्था में नौकरीपेशा लोगों और पेंशनधारकों को 50,000 रुपये तक की छूट दी जाती है। नई टैक्स रिजीम के तहत 75,000 रुपये की कटौती का लाभ मिलता है।

वहीं दूसरी ओर अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है।

वित्तमंत्री आयकर सुधारों के तहत वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में नया आयकर कानून पेश कर सकती हैं। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 को आसान, स्पष्ट और समझने योग्य बनाना है। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा।

आप का नजरीया

# मनरेगा की विसंगति

**इस** में दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगतियों को ही दर्शाती है। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए।

# गैरमजरुआ भूमि होने को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

- ➲अंचल द्वारा संदेहास्पद पंजी खोल की जाएगी अग्रेतर कारवाई : गौरव कुमार राय
- ➲खाता 52 प्लॉट 191/1125 को अवैध जमाबंदी करा कर अग्रहा नाने की की जा रही कोशिश : ग्रामीण
- ➲खाता 52 प्लॉट 1125 में 17 लोगों को दी गई है बंदोबस्ती
- ➲अपने अपने बंदोबस्त भूमि को चिन्हित कर करें लाभुक जमीन का उपयोग : अंचलाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड सह अंचल क्षेत्र के मुर्वे गांव के रेलवे क्रॉसिंग के समीप गैरमजरुआ भूमि में किसी के द्वारा रेकड रुम में फर्जी जमाबंदी कर ऑनलाइन रसीद निर्गत करा लेने को लेकर ग्रामीणों ने बवाल काटा है। यह कारनामा अंचलाधिकारी छुटेश्वर दास के कार्यकाल में कर दी गई है। यहां तक कि एक ही रसीद में लगातार कई वर्षों का मालगुजार वसुली कर दी गई है। मामले को लेकर अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय द्वारा खाता 52 प्लॉट 191/1125 को चिन्हित कर मापी किया गया है। जबकि खाता 52 के प्लॉट 1125 में 17 भूमिहीनों को अंचल कार्यालय द्वारा दो दो एकड़ भूमि भूमिहीनों को बंदोबस्ती पर्चा दिया गया है। वहीं खाता 52 के प्लॉट 191 में लगभग 2 एकड़ 75 डिसमिल भूमि गैरमजरुआ भूमि अभी भी परती है। उक्त भूमि पर एक पक्ष द्वारा पंजी टू और ऑनलाइन रसीद के आधार पर दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने दावे को खारिज करते हुए उक्त भूमि को सरकारी कामकाज के लिए लड़ रहे है। वहीं कब्जा करने से रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि गैरमजरुआ खास भूमि है। सदियों से इस भूमि हम लोग मवेशी चराने का कार्य किया करते आ रहे है। इस भूमि को किसी एक खास व्यक्ति के नामें कर लेने से यहां का धरोहर पर प्रहार होगा वैसे में इस भूमि के लिए चाहे जो भी हो हम लोग किसी खास को होने नहीं देंगे। आपको बता दें कि खाता 52 प्लॉट 191/1125 पैरु गोप के नाम 2.75 एकड़ भूमि ऑनलाइन पंजी टू और ऑनलाइन रसीद अब तक निर्गत है। इधर मामले को लेकर अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने बताया कि उक्त भूमि को मापी कर ली गई है अब संदेहास्पद पंजी खोल कर अग्रेत्तर कारवाई की जाएगी।

# जंगल विभाग के द्वारा अवैध बालू भंडारण को किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलरी बक्सी जंगल से शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर लगभग 25 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त किया है।छापेमारी अभियान प्रभारी वन पाल रूपलाल कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया है।प्रभारी वन पाल रूपलाल कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। कि बलरी बक्सी जंगल में अवैध बालू भंडारण किया गया है।गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू जब्त व रेंज ऑफिस चतरा ले जाया गया है।वन विभाग की इस करवाई से अवैध बालू भंडारण करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा है। तो दूसरी तरफ सवाल उठता है कि वन अधिकारियों की मुस्तादी रहते हुए भी इस प्रकार की भंडारण कैसे होती है। आखिर किसकी छत्रछाया में इस प्रकार की कार्य माफियाओं के द्वारा किया जाता है। और पुण्न जप्त कर कानूनी प्रक्रिया की जाती है। छापेमारी अभियान में प्रभारी वन पाल पीतिज्ञ कमल किशोर, वनरक्षी संजय कुमार, खुर्शीद आलम, धर्मेंद्र मिश्रा समेत अन्य वन कर्मी मौजूद थे।

## सुलभ सस्ता संसाधन और भयमुक्त वातावरण बाहरी ठेकेदारों को कर रहा आकर्षित

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में संचालित दो महारत्न कंपनियां सीसीएल और एनटीपीसी के कार्य गुणवत्ता पर लोग सशंकित दिखाई दे रहे हैं। जिसके लिए, सर्वाधिक बड़े वजहों की बात करें तो सिविल वर्क में लगभग 50 प्रतिशत से भी ज्यादा कम रेट में लेकर संवेदक काम कर मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। वहीं उनके बचत और कमीशन काटकर देखा जाये तो धरातल पर होने वाले कार्य की गुणवत्ता में आमलोगों द्वारा लगाये जा रहे सवालिया निशान पूरी तरह से स्वाभाविक है। ये अलग बात है कि स्थानीय प्रबंधन कार्य गुणवत्ता की परख में मौनव्रत साधकर केंद्रीय जांच एजेंसियों को भनक नहीं लगने देने में अबतक सफल रही है जिससे बड़े पैमाने पर टेंडर लेने की होड़ में अब दूर-दराज के ठेकेदार भी आकर्षित होकर यहां काम लेने में इन दिनों काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। हां , इससे चिंता लकीरें सिर्फ और सिर्फ एक तबके में विशेष तौर पर दिखाई देता है जो पिछले एक दशक से यहां नियमित काम कर रहे थे। वैसे ठेकेदारों के माथे में शिकन आना भी लाजिमी है जो इन दिनों हो रहे भारी प्रतिस्पर्धा के कारण यहां एकछत्र राज करने के उनके मंसूबों पर अब ग्रहण लगने लगा है। **आकर्षित कर रहा है संवेदकों को सुलभ मजदूर और सस्ता बालू :** धूल फांकने के लिए मजबूर कामगार पेट पालने के लिये स्थानीय परियोजनाओं में हीं काम करना उचित समझते हैं। डेरा जमाये सैंकड़ों प्रवासियों के जत्थे को सदैव ताक में बैठा रहना स्थानीय कामगारों के अवसरों को सदैव चुनौती देता है। इसी स्थिति का बड़ा फायदा यहां संवेदक भुनाते हैं। दूसरी ओर, उपलब्ध बांग्ला ईंट और क्षेत्रीय नदियों में मौजूद बालू का प्रचुर भंडार जो सस्ते दर में सुलभ जो शायद अन्यत्र कहीं नहीं होता। **भारी बचत और भयमुक्त वातावरण संवेदकों को कर रहा आकर्षित :** प्रशासन के सख्ती और प्रयास से भयमुक्त वातावरण का निर्माण बाहरी ठेकेदारों को यहां काफी आकर्षित कर रहा है। वहीं सुलभ सस्ता संशाधन और निर्धारित टेंडर में 50 से 70 प्रतिशत का मार्जिन उन्हें खूब प्रेरित करता है।

## सेवानिवृत्त पंचायत सेवक को अधिकारी व कर्मीयों ने दी भावभीनी विदाई



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव मिथलेश कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय, उपप्रमुख दामोदर गोप ने सेवानिवृत्त पंचायत सेवक को बुके, शॉल एवं मोमेंटो भेट कर ग्रहस्त जीवन में जाने की सफल कामना किया। अंचल और प्रखंड कर्मियों ने माला, रामचरितमानस व उपहार देकर विदाई दिया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है, उसी दिन सेवानिवृत्ति तय हो जाता है। मिथलेश सिंह कर्मठ व ईमानदार कर्मी रहे। इनसे काफी कुछ सीखने को मिला। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत पंचायत सचिव ने प्रखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेदाग सेवानिवृत्त होना बहुत ही बड़ी बात है। ऐसे कर्मी हम सबों के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। अंचल अधिकारी ने उनके दिर्घायु व हमेशा स्वस्थ रहने का कामना किया। मौके पर मुखिया शकुंतला देवी गोपाल महतो लखन साव, जागेश्वर कुशवाहा, सभी पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, आंगनवाड़ी, जेएसएलपीएस, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, सभी चौकीदार, सभी अभियंता ने माला पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन 15वीं वित के प्रखंड समन्वयक नेहाल वारसी ने किया।

# सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** सरस्वती पूजा के लेकर प्रतापपुर थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पूजा पंडाल के आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। थानाध्यक्ष कासिम अंसारी ने पूजा के काई निम्न बिंदुओं पर विस्तार रूप से जानकारी दिया। वही सीओ विकाश कुमार टुडू ने डीजे नहीं बजाने तथा पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और इस संबंध में नियमों का पालन करने की बात पर जोर दिया। बीडीओ अभिषेक पांडे ने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने को कहा, बैठक में बुद्धिजीवियों की ओर से शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती से पेश आने की मांग थानाध्यक्ष से की। बैठक में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का भौगोलिक स्थिति व समस्या को लेकर भी अधिकारीगण रु-ब-रु हुए। साथ ही हरहाल में पूजा के दूसरे दिन ही प्रतिमा विसर्जन किए जाने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बल दिया। सभी लोगों से इसमें सहयोग मांगते हुए किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत थाना सहित प्रशासन को इससे अवगत कराने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रशासनिक अधिकारियों के अलावे मिस्टर आलम, सुरेश पासवान, फिरोज आलम, नंदकिशोर यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# पूजा को लेकर सड़क पर नहीं होगी चंदा, ना रात्रि 10 बजे के बाद बजेगी डीजे साउंड : थाना प्रभारी

**सभी अभिभावक अपने अपने अपने बच्चों को करें सतर्क वर्ना जाएंगे जेल : मानव मयंक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी मानव मयंक ने किया। पूजा को लेकर थाना प्रभारी ने कहा कि किसी युवक द्वारा सड़क पर चंदा यदि की जाती है तो जानकारी मिलने पर युक्त युवक के विरुद्ध कानूनी कारवाई की जाएगी। साथ हीं पूजा दौरान अश्लील गाना पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी, रात्रि के 10 बजे के बाद साउंड पूर्ण रूपेण बंद रहेगी। इस मामले को लेकर यदि किसी ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिलेगी तो उक्त समिति पर कारवाई किया जाएगा। पूजा के दूसरे दिन प्रतिमा विसर्जन करवाना अनिवार्य है, साथ हीं तालाब में प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्त सुरक्षित रहे, इसे लेकर शाम होते ही प्रतिमा विसर्जन करने का निर्णय लिया गया। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर जिप सदस्य देवनंदन साहु, एसआई एसएन सिंह, एसआई राजू राणा, एसआई चंद्र मौली, शलिम अख्तर, नेमधारी महतो, गोपाल महतो, ऐनुल हक, दिवाकर महतो के अलावे विभिन्न अखाडो के सदस्य सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मेला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक, डॉ. अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर ध्रुव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में रक्तचाप, एनसीडी जांच, स्क्रीनिंग, मातृ स्वास्थ, शिशु स्वास्थ्य, टीबी, मलेरिया आयुष्मान कार्ड बनाने समेत सामान्य रोगियों की जांच की गई। जिसमें कुल 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जिनके बीच मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें लोगों का मुफ्त जांच एवं मुफ्त दवा का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर इस तरह का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कराया जाता है। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता रहा है। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सेमत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# आवास मित्र के द्वारा अवैध तरीके से पैसे निकासी की आरोप, उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जनमन आवास योजना के तहत फर्जी तरीके से मनरेगा की राशि निकालने का मामला सामने आया है। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत अंतर्गत ग्राम ओपाग के ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच की मांग की है। लाभुकों–भुखल परहिया, सुनीता देवी, सरिता देवी, राजमनी देवी, रीता देवी, सुकनी देवी, और ललिता देवी–ने आरोप लगाया कि उनके आवास निर्माण के लिए आवंटित राशि बिना उनकी जानकारी के निकाल ली गई। उन्होंने आवास मित्र संतोष सिंह पर आरोप लगाया है कि उसने अवैध तरीके से पैसे निकाल लिए, जिसका प्रमाण भी उन्होंने संलग्न किया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर रीता कुमारी, सरिता देवी, ललिता देवी, राजमणि देवी, भुखल परहिया समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# डॉक्टर व मरीज की बाट जोह रहा लाखों की लागत से बना भवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** विकास के नाम पर सरकार लाख दावा कर लें परन्तु धरातल पर इसका कुछ अलग ही रूप देखने को मिलती है। एक ऐसे ही अजीबो गरीब मामला दुरूप पंचायत के दुरूप गाँव का है। जहाँ वर्ष 2023 में लगभग 25 लाख की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जो निर्माण से लेकर अबतक डॉक्टर व मरीज की बाट जोह रहा है। जहाँ आस पास मरीज तो हैं लेकिन डॉक्टर के नहीं होने के कारण भवन सुनसान पड़ा है। जबकि पंचायत के लिए एक एएनएम व एमपीडब्लू प्रतिनियुक्त हैं। जो कभी कभार भवन के दर्शन के नाम पर जाते हैं। जिससे कि पंचायत के ग्रामीण जनता मजबूर होकर झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर हैं. शुरुआती दौर में भवन निर्माण से ग्रामीणों में ख़ुशी थी कि लोग गाँव में ही हर छोटी बड़ी बीमारी का इलाज करा पाएंगे पर लोगों का यह सपना सपना बनकर ही रह गया।



**क्या कहते हैं चिकित्सा प्रभारी?**

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी अमित खलखो ने बताया कि दुरूप गाँव में बने अस्पताल भवन के लिए एक एनएम व एक एमपीडब्लू है, जो पिछले एक माह से बीमार से ग्रसित हैं। जिसके कारण अस्पताल बंद रहता है। चौकाने वाली बात तो यह है कि एक ही साथ एनएम व एमपीडब्लू दोनों बीमार कैसे हो सकते हैं।

## दिशा की बैठक में प्रमुख सुशीला देवी अहम मुद्दों पर रखी बात



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय समाहरणालय सभागार में गुरुवार को सांसद चतरा कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेटर एंड मॉनिटरिंग कमेटी दिशा की समीक्षात्मक बैठक हुई जिसमें चेयरमैन पूनम देवी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के द्वारा बरवाडीह के अहम मुद्दों को उठाया गया।इस दौरान प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने विद्यालय खेल सामग्री क्रय राशि के आवंटन में अनियमितता और वेंडर राहुल ट्रेडर्स के बैंक खाते की जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची में छेड़छाड़ करने और योग्य लाभुकों को बिना वजह हटाने और अयोग्य लाभुकों को भ्रष्टाचार करते हुए उन्हें आवास का लाभ देने संबंधित मामले को सदन में रखा और जांच की मांग की।वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत चयनित लाभुकों द्वारा उनके बैंक खाते में अनुदान की राशि नहीं डाले जाने और विभाग द्वारा लाभुकों के खाते में राशि भेजे जाने के बाद उनके बैंक खाते होल्ड कर दिए गए हैं जिसे लेकर विभाग के द्वारा होल्ड हटाने की बात कही गई।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जागरूकता अभियान




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना, बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार, झारखंड के तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने किया, जिसमें महाविद्यालय की इशरत बानो, डॉ. नरेश कुमार पांडे, और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अभियान के दौरान, स्वयंसेवकों ने बानपुर में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, जिला सड़क सुरक्षा समिति लातेहार द्वारा जनहित में पंपलेट का वितरण किया गया। परिवहन विभाग, झारखंड ने सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतिम दिन यह अभियान सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

# विद्युत सर का व्यक्तित्व अनुकरणीय : तृप्ति भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के वरीय शिक्षक विद्युत कुमार ओझा 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गये। उनकी सेवानिवृति के उपरांत विद्यालय के सभागार में एक विदायी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने कहा कि विद्युत सर का व्यक्तिव हम सबों के लिए अनुकरणीय है। कार्य के प्रति उनका समपर्ण हम सबों के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहा है। हम सबों को उनके साथ काम कर बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला है। उन्होंने 32 साल इस विद्यालय में अपनी सेवा दी है। इतना सीनियर होने के बाद भी उनमें जरा सा भी अहम का भाव नहीं था।वे हमेशा सबों से हंस कर घुलमिल कर मिलते थे। वे अपने नाम के अनुरूप ही गतिमान थे। हमें उनके कार्यों से सीख लेने की जरूरत है। उप प्राचार्य नरेंद्र पांडेय ने कहा कि वे विद्युत सर के छात्र रह चुके हैं। उनके कई छात्र आज देश में विभिन्न पदों में आसीन हैं। श्री पांडेय ने कहा कि विद्युत सर ने हमेंशा हम लोगों को अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहने की शिक्षा दी। उन्होंने आज तक उन्हें कभी थका हुआ नहीं देखा। हमेशा उर्जावान रहते थे। सेवानिवृत शिक्षक केदारनाथ पाठक ने कहा कि विद्युत ओझा की जितनी प्रशंसा की जाये कम है। वे उनके साथ प्रारंभ से ही विद्यालय में जुडे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं। रिटायरमेंट के बाद भी समाज के लिए पथ प्रदर्शक बने रहते हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर विद्युत ओझा ने कहा कि वे इस विद्यालय में 1993 में योगदान दिया था। आज 32 साल हो गये। उनके लिए इस विद्यालय में बीताया गया हर पल उनकी स्मृति में है और इसे वे कभी भूल नहीं पायेगें। उन्होंने कहा कि यहां उन्हें बहुत स्नेह मिला। इस विद्यालय के सभी शिक्षक व अन्य कर्मी उनके परिवार के समान हैं। कार्यक्रम में कई बार भावक पल भी आये। कार्यक्रम को शिक्षक दशरथ सिंह, विजेता मिंज, रौशन लकड़ा, संतोष पासवान, एवलिन कुजूर व सुमन कुमारी आदि ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन प्रिया सिन्हा, आरजू परवीन व सार्मथ्य कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।

# अपर समाहर्ता ने किया सदर अंचल का औचक निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अंचल कार्यालय लातेहार का शुक्रवार को अपर समाहर्ता रामा रविदास ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने म्यूटेशन स्वीकृति एवं भू मापी स्वीकृति से संबंधित मामलों की जांच की। इसके बाद अपर समाहर्ता ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी मामलों की जांच सरकार के बताए नियमानुसार समय सीमा के अंदर करते हुए लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करें। साथ ही उन्होंने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि अंचल आने वाले आम जनमासन की समस्याओं को प्राथमिकताओं के साथ निदान करें। मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, आईटी मैनेजर उमा शंकर और अंचल कार्यालय के संबधित कर्मी उपस्थित रहे।

# ग्यारह हजार वोल्ट के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के ग्राम बिशनपुर निवासी संजय यादव 35 वर्षीय पिता नरेश यादव ग्यारह हजार वोल्ट के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार अपने गेहूं के खेत से जानवर निकालने के लिए गए थे। ग्यारह हजार वोल्ट का बिजली का तार वहीं से गुजरा था और ट्रांसफार्मर भी वहीं था अनजाने में मृतक व्यक्ति उसके समीप गया और बुरी तरह झुलस गया आनन फानना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पीछे 31 वर्षीय पत्नी प्रतिमा देवी,12 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी,10 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार और 8 वर्षीय पुत्र का रोरो कर बुरा हाल है।परिवार में ग़म का माहौल है।

## पंसस प्रवीण कुमार ने डीएम एफटी फंड से स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर उपायुक्त को लिखा पत्र

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के पंसस बरवाडीह पुर्वी प्रवीण कुमार ने उपायुक्त को पत्र लिखा है और पत्र के माध्यम से डीएमएफटी फंड से बरवाडीह बाजार के विभिन्न चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के बेतला में लगे स्ट्रीट लाइट के तर्ज पर बरवाडीह बाजार के मुख्य पथों बाजार स्थित दुर्गा मंडप के पास, गढ़वा टॉड दुर्गा मंडप, परिसर समेत अन्य स्थानों पर स्ट्रीट लाईट लगाया जाए ताकि रात्रि में आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी नहीं हो राहगीर बेखौफ रात्रि में भी आवागमन कर सके। कहा कि लाइट नहीं रहने की वजह से ऐसे संवेदनशील स्थानों पर भय बना रहता है आमजनों की सुविधा के लिए लाइट का होना अति आवश्यक है।

# हजारीबाग का इतिहास, सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी सभी जानकारियां आम आवाम को भी सुलभ हो : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा शुक्रवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद इनडोर स्टेडियम, हजारीबाग में हजारीबाग की विरासत थीम पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में हजारीबाग के सभी पत्रकार एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय शामिल हुईं। सेमिनार कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत नैंसी सहाय,आनन्द, डॉ शत्रुघ्न पांडे, शुभाशीष दास, बुलू इमाम के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि आज के इस हजारीबाग लिगेसी पर आधारित कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग की पुरानी ऐतिहासिक विरासत को करीब से समझने का अवसर मिला है। हजारीबाग की विरासत और संस्कृति के अनछुए पहलुओं को हमारे बीच उपस्थित वक्ताओं के द्वारा सुनने और समझने का भी अवसर मिला है। पत्रकार साथियों से भी यह अपेक्षा है कि आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से जितनी भी जानकारियां हजारीबाग की सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी साझा की जाएगी उन्हें प्रमुखता से आम आवाम को सुलभ हो सके इसके प्रयास जरूर करे। जिला प्रशासन भी हमेशा इस प्रकार के आयोजन कर वृहत जानकारी और सकारात्मक पहल को लेकर प्रयासरत रहेगा। उपनिदेशक,जनसंपर्क आनंद कुमार ने सेमिनार का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हजारीबाग में मानव सभ्यता के प्रारंभ से लेकर आधुनिक काल तक के मानक संदर्भ इस प्रकार से सुलभ है जिससे सभ्यता के विकास की व्याख्या हो सकती है। इस्को गुफा चित्र के अंकन की बारीकियां स्थानीय कोहबर एवं सोहराय चित्रकला में उपस्थित है, जो सभ्यता के विकास की निरंतरता को दर्शाती है। पद्मश्री बुलू इमाम ने हजारीबाग क्षेत्र के विभिन्न पुरातात्विक स्थलों यथा दैहर, बहोरनपुर, इचाक, इटखोरी से प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों पर विस्तार से




प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग का इलाका बौद्ध धर्म का प्रसिद्ध केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के चरण भी यहां पड़े हैं। जैन धर्म की भी ऐतिहासिकता इस क्षेत्र में उपलब्ध रही है। उन्होंने कहा कि प्रागैतिहासिक काल से होकर बाद के समय में मानव सभ्यता के विकास के चिन्ह भी इस धरती पर मौजूद है। अंतः उन्होंने इन धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दिया। मेगालिथ पर अपने किए गए विभिन्न शोधों का हवाला देते हुए शुभाषीश दास ने कहा कि पूरी दुनिया में मेगालिथों को लेकर लोग अत्यंत संवेदनशील है। कई देशों में वहां के मेगालिथ साइटों को विशेष धरोहर की सूची में शामिल किया जा चुका है। परंतु भारत में खास करके झारखंड में मेगालिथों को लेकर स्थानीय स्तर पर लोगों को जानकारी नहीं है। जिसका नतीजा है कि झारखंड के दुर्लभ मेगालिथ साइटों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में प्रयास नगण्य हैं। उन्होंने सबों से अपनी धरोहर के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। स्थानीय संत कोलंबस कॉलेज के प्राध्यापक डॉ शत्रुघ्न कुमार पांडे ने स्वतंत्रता आंदोलन में हजारीबाग के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भी हजारीबाग जेल में नजर बंद किए जाने की योजना थी। उन्होंने संबंधित अभिलेखों का संदर्भ देते हुए कहा कि तत्कालीन ब्रिटिश सरकार को यह भय था कि नेता जी को हजारीबाग जेल में नजर बंद किए जाने के बाद भयानक रूप से विद्रोह हो सकता है और हजारीबाग जेल में उस समय बंद क्रांतिकारियों को लोग छुड़ा लेंगे। जिसके कारण यह योजना स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने अपने वक्तव्य में हजारीबाग जेल में बंद किए गए देश के विभिन्न प्रांतो के क्रांतिकारी के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक विवरण में हजारीबाग को निर्वासित भूमि एवं जंगल-कला पानी की संज्ञा दी गई है। जहां वर्मा, थाईलैंड, सिंगापुर, पंजाब, राजस्थान, मणिपुर, मेघालय सहित कई राज्यों के कैदियों को बंदी बनाकर रखा गया है। सभा में अतिथियों के वक्तव्यों के बाद ओपन सेशन आयोजित किया गया जिसमें पत्रकार बंधुओं ने अपने वक्तव्य को सबों के समक्ष साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार ने कहा कि आज के इस सेमिनार में प्रस्तुत वक्ताओं के अभिभाषण को पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

## बकसपुरा में आयोजित ग्रामसभा में योजनाओं का किया गया चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बकसपुरा पंचायत सचिवालय में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बकसपुरा मुखिया नन्हकू महतो ने की,तथा संचालन पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी ने किया। ग्राम सभा मे मुखिया नन्हकू महतो बकसपुरा पंचायत से जुड़ी समस्याओं से रूबरू होते,उस पर विस्तृत चर्चा करते योजनाओं का चयन किया गया। ग्रामसभा में 15वें वित्त से,मनरेगा से आवास संबंधी समस्याओं को विशेष प्राथमिकता दी गई। इस मौके पर मुखिया नन्हकू महतो ने ग्रामसभा को सम्बोधित करते हुए कहा, कि जितने भी जरुरतमंद आमजन है,सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ मिलेगा,और उसका समय पर समाधान का प्रयास किया जायेगा। पंचायत में जर्जर सड़के जितना हो सकेगा उसको ठीक करने का प्रयास किया जाना मेरी प्राथमिकता में है। ।मनरेगा से अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ा जायेगा जिससे पलायन की समस्या पर लगाम लगाई जा सके ।इस मौके पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों समेत काफी संख्या में लाभुक व ग्रामीण मौजूद थे।

## मरीजों की उत्तम उपचार करना हमारी पहली प्राथमिकता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त उपचार से दुर्घटना में घायल मरीज का सफल ऑपरेशन हुआ एवं चेहरे पर मुसकान लौटी। घायल व्यक्ति गोपाल प्रसाद यादव गिरिडीह जिला का रहने वाला है। सीढ़ी से गिरने से मुंह खोलने और बंद करने में दर्द और दिक्कत हो रही थी। चेहरे के दाहिनी ओर दर्द और सूजन थी और नाक से खून बह रहा था। रेडियोग्राफ़ पर उनके दाहिने इन्फ्राऑर्बिटल रिम और निचले चेहरे पर कई फ्रैक्चर थे। गिरिडीह में प्राथमिक उपचार के बाद मरीज के परिवारजनों ने हजारीबाग डेंटल कॉलेज भर्ती करवाया। डेंटल कॉलेज में सामान्य एनेस्थीसिया के तहत उनका ऑपरेशन किया गया और हड्डियों को जगह-जगह पर जोड़ा गया। ऑपरेशन ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के डॉ. जयेश और डॉ. अली के नेतृत्व में किया गया। सुजन एवं दर्द से राहत मिला। सफल ऑपरेशन एवं इलाज के बाद खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज परिवार एवं अस्पताल परिवार का आभार व धन्यवाद जताया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मरीजों की उत्तम उपचार करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारे यहां दांतों एवं जबड़े की हर जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज आधुनिक रूप से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि दांतों एवं जबड़े की हर छोटी सी छोटी समास्याओं का नजरअंदाज ना करें, बल्कि सही समय पर विशेषज्ञ दंत चिकित्सक से जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ लें।

## हाथियों के हमले से किसान की मौत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड में हाथियों के झुंड ने एक किसान को पटककर मार डाला। यह घटना बहेरी पंचायत के चानों गांव में गुरुवार को रात करीब एक बजे हुई। मृतक की पहचान 57 वर्षीय छोटू महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी गांव पहुंची है।

**खेत में ठहरे थे किसान, हाथियों ने कर दिया हमला।**

बहेरी पंचायत के मुखिया पवन कुमार यादव ने बताया कि छोटू महतो खेत में ही रहते थे, क्योंकि वह सीजनल खेती करते थे। गुरुवार की रात भी वह अपनी पत्नी के साथ खेत में बने घर में ठहरे हुए थे। रात करीब 12 बजे हाथियों का झुंड छोटू महतो के खेत में घुस आया और घर को तोड़ दिया। डर के मारे छोटू महतो भागने लगे, लेकिन एक हाथी ने उन्हें सूंड से पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गयी। वहीं, उनकी पत्नी ने दीवार के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई।

**गांव में दहशत, वन विभाग पर लापरवाही का आरोप**

मुखिया ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले एक हफ्ते से गांव में आतंक मचा रहा है। कई बार वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसानों की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने और किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

## जीपीडीपी के तहत बसरिया पंचायत सचिवालय में बैठक सम्पन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत सचिवालय में जीपीडीपी के तहत समीक्षा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी ने किया व संचालन पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने किया, पदाधिकारी के बीच यहां वार्ता हुई की जीपीडीपी के तहत ग्राम वाइज ग्राम सभा कर योजनाओं का चयन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्या सुमिया देवी,पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, ग्रामीण रोजगार सेवक कालेश्वर प्रजापति, पंचायत सहायक सिकंदर कुमार, आंगनबाड़ी सेविका अनीता देवी आशा रजक, कलावती देवी,शिक्षक सुनील यादव, संजय कुमार दुबे, दसरथ कुमार, प्रेम कुमार, कृषक मित्र नागेश्वर कुमार रजक ,सहिया मीना देवी सविता देवी, जलसहिया कलावती देवी सहित सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधी समेत प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव घूस लेते रंगे हाथ हुआ गिरफ्तार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ईचाक प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत के सचिव रामेंद्र कुमार सिन्हा को मनरेगा मजदूरी भुगतान के एवज में 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध मे जानकारी दी गयी की पंचायत सचिव ने एक लाभार्थी से मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान के लिए रिश्वत की मांग की थी। लाभार्थी ने इस अवैध मांग को स्वीकार करने के बजाय हजारीबाग एसीबी में शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी की टीम ने एक सुनियोजित योजना बनाई और जाल बिछाया। जैसे ही सचिव ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। वर्तमान में आरोपी पंचायत सचिव से गहन पूछताछ जारी है और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर अग्रेतर कार्यवाही की जा रही थी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया है। एसीबी ने जनता से अपील की है कि रिश्वत मांगने वालों की तुरंत शिकायत करें, ताकि भ्रष्टाचार पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## विष्णुगढ़ प्रखण्ड में वनविभाग की तीन जगहों पर बड़ी कार्यवाई

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नरकी जंगल में अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। जंगल में अवैध झोपड़ी बनाकर होटल चला रहे झोपड़ी को वन विभाग द्वारा तोड़ दिया गया। इस संबंध में वनपाल संजीत कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि जंगल में अवैध रूप से झोपड़ी बनाकर रह रहा था और होटल भी चला रहा था। वन विभाग द्वारा कई बार सूचना देने के बावजूद भी खाली नहीं कराया गया। फलस्वरूप शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने अवैध झोपडी को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा नरकी के बोरो जंगल में अवैध पत्थर खनन किया जा रहा था जिसके विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे रंभा, कोड़ी, कुदाल, सबल, कड़ाई ,गायता को जब्त किया गया। तथा अवैध खनन कर रहे सुबोध सिंह, रवि सिंह, दिनेश तुरी के विरुद्ध कारवाई किया गया। वहीं अरजरी जंगल से अवैध रूप से काटा गया लकड़ी समेत एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। लकड़ी तस्करी के मामले में बंदखारो के कैलाश महतो, बगोदर के गुड्डू जायसवाल के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में वनपाल संजीत कुमार दास, गोमियां वनपाल रजा अहमद, विनोद गंझू, विशाल कुमार, परमेश्वर कुमार, विकास दास, सरिता कुमारी आदि शामिल थे।

## सेवानिवृत्त जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सेवानिवृत्त जिला कल्याण पदाधिकरी सुभाष कुमार को शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में भावभीनी विदाई दी गई। समाहरणालय में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद सहित कई पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि वे जिला कल्याण पदाधिकारी को और उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं। इन्होंने दो साल से ज्यादा समय से हज़ारीबाग में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व लगन से किया है। चुनाव के समय भी इनका दायित्य बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है। इनका कार्य कल्याण विभाग के दायित्वों के अनुरूप बड़ा चैलेंजिंग रहता है जिसे इन्होंने बखूबी निभाया है। वंही डीडीसी इश्तियाक अहमद ने जिला कल्याण पदाधिकारी



को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन्होंने पहले भी मेरे साथ काम किया है ये बडी शालीनता के साथ समन्वय बनाते हुए अपने काम को करते हैं। कार्यालय और कार्यालय के बाहर भी इनका व्यवहार अच्छा रहता है। कार्यक्रम में कई पदाधिकारियों ने भी जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार के साथ किये कार्यो के अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे, डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, सदर एसडीओ राजकिशोर प्रसाद सहित कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार ने प्रधानाध्यापक को दी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकसपुरा के पूर्व प्रधानाध्यापक मो0 निजामुद्दीन अंसारी की सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक को शॉल ,पुष्प माला पहनाकर, कलम भेंट देकर विदाई दी गई। विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत शिक्षक को जीवन की दूसरी पारी के



लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना की। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मो0 निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास के विभिन्न कार्यो सहित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सभी शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिला। कहा कि अपने सेवा काल के दौरान बच्चों एवं स्थानीय लोगों द्वारा मिले स्नेह एवं प्यार को ताउम्र भूल नहीं पाउंगा।इतना कहते ही भावुक हो गए और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उपस्थित शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से आत्मीय भेंट कर विदा लिए।

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कल, 101 जोड़ें एक साथ लेंगे सात फेरे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग को हज़ार बागों और इंटरनेटशल रामनवमी के नाम से तो जाना जाता ही है इस कड़ी में एक तीसरा शब्द आगामी 02 फरवरी 2025 (रविवार) को जुड़ने जा रहा है। यह शब्द है सामूहिक विवाह का। हजारीबाग में सामूहिक विवाह के सूत्रधार बने हैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल। बीते वर्ष 2023 में उन्होंने 25 जोड़ियों का सामूहिक विवाह डीपीएस स्कूल प्रांगण में कराया था और अब आगामी 02 फरवरी यानी रविवार को सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत 101 जोड़ियों का सामूहिक विवाह हजारीबाग स्टेडियम में करवाने जा रहें हैं। इस उत्सव को लेकर जहां 202 वर -वधू, उनके




परिवार, मित्र और रिश्तेदार उत्साह से लबरेज हैं वहीं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों से भी लोग इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने को आतुर हैं । सांसद मनीष जायसवाल की ओर से आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 को लेकर क्षेत्र का आम- जनमानस भी तैयारी में जुटा है क्योंकि लोगों को पता है कि जिंदगी दोबारा ना मिलेगी और यह अभूतपूर्ण व ऐतिहासिक क्षण छूटना नहीं चाहिए। क्षेत्र के यूट्यूबर और युवा पीढ़ी अपने कैमरे में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को कैद करने की कवायत में जुट गए हैं। शुक्रवार को सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 की तैयारी को लेकर विवाह स्थल पर जब जोड़ों को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से भेंट दिए जाने वाले सामग्री का एक मंडप पर प्रदर्शनी लगाया गया तो यहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। दुल्हन की तरह सजे विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम की एक झलक पाने को लोग आतुर दिखे। स्टेडियम के मुख्य द्वार से लेकर पैसेज और ग्राउंड के मुख्य मंच से लेकर मंडप तक को एक विशेष सज्जा कर अनुपम तरीके से तैयार किया गया है । सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 जोड़े के शाही शादी का सपना सांसद मनीष जायसवाल इस उत्सव के माध्यम से साकार करने जा रहें हैं। सामूहिक विवाह के उपरांत नवदंपत्ति सांसद मनीष जायसवाल की तरफ़ से भेंट दिए जा रहे स्कूटी पर सवार होकर और वैवाहिक परिधानों से लैस होकर विवाह स्थल से विदाई होंगे।

## केरेडारी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सायल का जमीन अतिक्रमण करने के विरुद्ध किया प्रदर्शन




**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सायल के जमीन को अतिक्रमण करने के विरोध में गांव सैकड़ो महिला पुरुष एवं बिद्यालय के बच्चों ने प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने बिद्यालय के जमीन को वापस करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था की खाता नम्बर 78 एवं पलॉट नम्बर 45 का जमीन बिद्यालय के अधीन है,जिसे गांव के दबंगो द्वारा अतिक्रमण किया गया है।इस बाबत कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए बिद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो ने कहा कि पूर्वजों से यह जमीन बिद्यालय के अधीन है,जिसे दबंगो ने कब्जा कर लिया है,जिसके कारण बिद्यालय के बच्चों को खेल कूद एवं बिद्यालय कार्यक्रम का आयोजन करने में काफी परेशानी होती है।इससे पूर्व भी अतिक्रमण के विरुद्ध हजारीबाग उपायुक्त, विधायक बड़कागांव, अचलधिकारी केरेडारी को ज्ञापन दिया गया है,इसके बावजूद भी अब तक कोई प्रशासनिक करवाई नही हुई है।मौके पर मुखिया पार्वती देवी,पंसस प्रतिनिधि कुँवर साव, नेमधारी यादव,टिकन महतो, झनकू महतो,जगलाल महतो, जितेंद्र यादव,रामेश्वर महतो, चरकु कुशवाहा, जीतन महतो, छोटु महतो, संजय महतो, बिनोद महतो,कुँवर महतो, झूमक यादव, मदन रजक, चुरामन महतो, बिनोद महतो, लालदेव महतो, राजेन्द्र महतो,संजय महतो समेत सैकड़ो बिद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बस कंडक्टर की मौत, छह घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** पटना रोड स्थित ओवरब्रिज के नजदीक अहले सुबह हुई सड़क दुर्घटना में बस कंडक्टर की मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय राम उम्र करीब 49 वर्ष पिता युगल राम, देवी मंडप रोड इंद्रपुरी मोहल्ला झुमरी तिलैया कोडरमा निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायलों में मैजिक चालक संजय कुमार उम्र 42 वर्ष पिता बिरेंद्र दास संबलपुर उत्तरप्रदेश, मो अफताब उम्र करीब 20 वर्ष पिता अबुबकर आगरा, मो तस्लीम उम्र 22 वर्ष पिता मो अनवर औरंगाबाद बिहार, सुधा देवी उम्र 65 वर्ष पति देवेंद्र राम, कांति देवी उम्र 45 वर्ष पति मंजू राम एवं भीगनी देवी उम्र 56 वर्ष पति प्रभु सिंह सभी की पहचान राजपुर चतरा निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय मां छिन्नमस्तिके स्टार बस जिसकी संख्या जेएच02क्यू 7562 कोडरमा से चतरा के लिए जा रही थी। इसी क्रम में बरही पटना रोड स्थित ओवरब्रिज के नजदीक बस कंडक्टर विजय राम बस के पीछे बनी लगेज बॉक्स से सामान उतारने



के लिए उतरा था। जहां पीछे से तेज गति से आ रही मैजिक वाहन जिसकी संख्या बीआर01जीएम 7954 ने बस कंडक्टर को टक्कर मार दी। जिससे बस कंडक्टर विजय राम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। बता दें कि घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। वहीं बरही पुलिस ने मैजिक चालक को अपने हिरासत में ले लिया है।

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने किया कंबल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए, परियोजना प्रभावित पेटो गांव में ग्रामवासियों एवं जरूरतमंदों को शुक्रवार को कंबल का वितरण किया साथ ही परियोजना ने शुक्रवार को ही निशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन केरेडारी मे करवाया जहां पर 147 ग्रामवासियों ने अपना मेडिकल चेक अप करवाया. इस कैंप मे ग्रामवासियों को मुफ्त में बुखार, सर्दी और खांसी की जाँच उपलब्ध कराई गयी जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा सभी ज़रूरत ग्रामीण लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा. कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी. मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगो के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है. यह कंबल वितरण और निशुल्क मेडिकल कैम्प का कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था. इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया. यह वितरण समारोह चट्टीबरियातु द्वारा परियोजना प्रभावित गावों में वृद्ध व्यक्तियों एवं महिलाओं के लिए बहुत ही लाभकारी रहा है और आगे भविष्य में भी ऐसे वितरण समारोह एनटीपीसी चट्टीबरियातु परियोजना द्वारा स्थानीय लोगों कि सुविधा के लिए आयोजित किए जाते रहेगें.

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Emali - jhumriltelayamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद् **गणतंत्र दिवस, 2025** के अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील करती है कि :-

- शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें एवं हेल्प लाईन (मोबाईल) नं0 89876 58581 पर साफ-सफाई व अन्य विषयों पर शिकायत दर्ज करवाये।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
- नियमित रूप से होल्डिग टैक्स (Holding Tax), वाटर यूजर चार्ज (Water User Charge) सहित अन्य करों का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।
- व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालक ट्रेड़ अनुज्ञप्ति (Trade Licence) आवश्य लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।
- शहर में सभी प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शित करने के पूर्व नगर परिषद् से अनुमति लेना अनिवार्य हैं
- धर्मशाला, विवाह भवन / बैंक्वट हॉल, लॉज, हॉस्टल संचालक नगर परिषद् से अनुज्ञप्ति (Licence) लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।

सफाई अपनाओ
बीमारी भगाओ

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

ज्ञापांक 4071
दिनांक 24/01/2025

## डीएवी बरकाकाना में सेवा निवृत्ति का विदाई समारोह किया गया आयोजित



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बरकाकाना में साधना सिंहा ने बत्तीस वर्ष तक अनवरत सेवा प्रदान की डीएवी बरकाकाना परिवार ने उनके सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया। मंच संचालन वरीय शिक्षक बीना सिंह ने किया। साधना सिंहा को अंग वस्त्र प्रदान कर,माला पहनाकर , प्रशस्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने साधना मैडम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।उन्होंने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को स्मृति हेतु उपहार प्रदान किया। उनके सम्मान में संगीत शिक्षिका सुवर्णा बसु ए एन बी तीर्की, अपर्णा तिवारी एवं स्वेता यादव ने प्रसिद्ध गीत गाये। विद्याधर चौधरी ने छोटी सी ये दुनिया पहचाने रास्ते हैं गीत गाया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि विदाई समारोह नियति है और हमें इसे स्वीकार करना चाहिए , हर व्यक्ति जो विदाई पाता है अपनी छाप छोड़कर जाता है।

## जेएसएलपीएस द्वारा रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 31 जनवरी 2025 को



रामगढ़ कॉलेज के प्रांगण में पलाश ( झारखंड स्टेट लाईवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक मनाए जा रहे चौथे जनजातीय गौरव दिवस के तहत व ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ जिले के युवक युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना व नियोक्ताओं के साथ सीधा संपर्क करना था।इस अवसर पर पूरे देश से 25 नियोक्ताओं ने अपना स्टॉल लगाया वही वे युवकों युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में योग्यता के आधार पर ट्रेनिंग देकर रोजगार प्रदान करते है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी उपस्थित हुई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में , जिला नियोजन पदाधिकारी रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, रामगढ़ कॉलेज के प्रिंसिपल, RSETI डायरेक्टर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, JSLPS, जिला प्रबंधक Skill and Jobs उपस्थित हुए। साथ ही राज्य कार्यालय से स्किल डोमेन से साइ दत्ता और अमित कुमार उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया ।जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उसके पश्चात जिला जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रीता सिंह के द्वारा आज के जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला के उद्देश्य के द्वारा बताया गया तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए युवक व युवतियों को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया । विधायिका ममता देवी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए युवक/युवतियों का हौसला बढ़ाया गया। उनके द्वारा रोजगार हेतु कोई भी समस्या का निराकरण हेतु सहमति जताई गई। साथ ही उन्होंने सभी से रोजगार मेला का पूरा लाभ लेने की अपील की।आज के जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने हेतु 25 नियोजकों ने हिस्सा लिया जिसके अंतर्गत युवाओं को अलग अलग कंपनियों में रोजगार दिलाया जायेगा। रोजगार प्रदान करने हेतु 25 विभिन्न कंपनियां ने भाग लिया। वही कुल पंजीकरण की संख्या 1000 रही रोजगार प्राप्त करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या - 800 रही। विधायक ममता देवी और जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा कुल 10 उम्मीद्वारों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया।आज के कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के जिला कार्यालय की तरफ से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह, जिला प्रबंधक जॉब्स एंड स्किल श्रीमती मेरी कुल्लू समेत सभी जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित जिला एवं पूरे प्रखंड की टीम उपस्थित थी। कार्यक्रम में लगभग 1200 युवक एवं युवती उपस्थित हुए। साथ ही मीडिया कर्मी भी उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:– **ई–निविदा सं.: C-710-CTQ-GCT (1) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** चेतर–(CTQ) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास **(2) चेतर स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू० 26,66,52,332/- **(3) ब्याने की राशि:** रू० 2,66,65,300/- **(4) निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 24.02.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 24.02.2025 को 15:30 बजे से। **(5) वेबसाइट, का विवरण: http://www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/02029/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/32

# लोहा काटने वाले चोरों के हौसले बुलंद, ड्यूटी पर तैनात सीसीएल कर्मियों के मोबाइल छिन कर खदेड़ा


**● बालू बंकर में काटे गए लोहा चोरों के दुस्साहिक होंसलो के आगे नतमस्तक है सीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना अंतर्गत उरीमारी होलेज घर के पीछे बने बालू बंकर में बिते सोमवार कि रात में 15 से 20 कि संख्या में पहुंचे चोरों ने सीसीएल कि संपत्ति पर हाथ साफ करते हुए सीसीएल को लाखों रुपए का चुना लगाया है। वहीं इस मामले कि गंभीरता को जांचने व समझने के लिए बालू बंकर के समीप होलेज घर में पुछताछ में पता चला कि चोरी कि घटना वाली रात होलेज घर में ड्यूटी पर तैनात सीसीएलकर्मी सुरेश राम व सीसीएलकर्मी डलेशर महतो ने पुछताछ में बताया कि दो बड़े गाडीयो से करीब पन्द्रह से बीस कि संख्या में चोरों का हुजूम उमड़ा था। वह अपने साथ दो गैस कटर सिलेंडर मशीन लेकर आए थे। वहीं दोनों सीसीएलकर्मी ने यह भी बताया कि वह दोनों शौच करने के लिए रात करीब तीन बजे होलेज से बाहर निकले थे। इसी क्रम में चोरों ने उन्हें देख लिया और दोनों सीसीएलकर्मीयो के मोबाइल छीन कर उसमें फुटेज कि जांच करने लगे। और उन्हें डरा धमका कर वहां से खदेड़ दिया। वहीं सीसीएलकर्मी ने बताया कि दोनों वाहनों पर चोरो ने लोहा लोड कर लिया था। और वह निकलने से पहले हम दोनों का मोबाइल वापस कर चलते बने।

**चोरो के गिरेबान तक पहुंची पुलिस,जल्द होगी गिरफ्तारी : रामकुमार राम**

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना अंतर्गत उरीमारी होलेज घर के पिछे बने बालू बंकर से काटे गए लोहा चोरी के मामले में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि सीसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर गुरुवार को ही मामला दर्ज कर लिया गया है और इस चोरी मामले कि तहकीकात शुरू कर दी गई है। वहीं ओपी प्रभारी ने बताया कि चोरों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच चुकी है जल्द ही सभी चोरो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## पतरातू पलानी में दो योजनाओं का शिलान्यास विधायक रोशनलाल चौधरी ने किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पलानी में जिला पार्षद उपाध्यक्ष रीता देवी के अनुशंसा से 15 वे वित्त मद अंतर्गत सावना महतो के घर से लेकर प्रभु मुंडा के घर तक नाली निर्माण लागत 13 लाख एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलानी विद्यालय के प्रांगण में फाइबर ब्लॉक निर्माण लागत 4 लाख 55 हजार के दो योजनाओं का विधिवत उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं पूर्व जिला पार्षद मनोज राम कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो तलाटांड पंचायत मुखिया रीझन देवी पूर्व मुखिया पंचम मुंडा के द्वारा किया गया। मौके पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मैं लगातार यहां के समस्याओं से अवगत हूं आने वाले दिन में बड़कागांव विधानसभा



क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी तथा विधायक के द्वारा लोगों को कहा गया की ओर भी अगर समस्या है तो उसे लिखित में आवेदन दे ताकि उस समस्या का भी निदान जल्द से जल्द हो सके विधायक का स्वागत सभी ग्राम वासियों ने बड़ी उत्साह के साथ फूलमाला एवं गुलदस्ते के साथ किया।मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो, किशोर कुमार महतो, मुखिया रिझन देवी,नागेश्वर महतो,प्रधान , परमेश्वर महतो, कैलाश महतो, राजेश, शंकर महतो, उमेश महतो, संदीप उराव,इरफान अंसारी, प्रभु मुंडा ,विगन मुंडा, दर्शन गोविंद महतो, वैजयंती देवी, यशोदा देवी, सुमन देवी, लक्ष्मी देवी, शांति देवी, लाल देवी, सुशीला कुमारी, बबीता देवी, गुलाबो देवी इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड सरकार श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय रामगढ़ द्वारा दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला 2025 का आयोजन 31 जनवरी 2025 को स्थानीय छावनी परिषद फुटबॉल मैदान रामगढ़ में किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रामगढ़ ममता देवी, विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक, माण्डू, निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, सासंद प्रतिनिधि, राजीव जयसवाल, श्रम अधीक्षक अभीषेक वर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला नियोजन पदाधिकारी रामगढ़ मनोज मनजीत के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 का सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत के मार्ग दर्शन में हुआ। उन्होने बताया कि इस रोजगार मेला में राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्रदान करने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से के स्थानीय नियोजको (Inland Power Ltd., Premsons Bajaj LLP, Globe Automobile, Radha Gobind Shiksha Swastya Trust, JIS Fundation, etc) एवं देश के अन्य भाग से आए नियोजकों से करीब 1970 रिक्तियों प्राप्त हुई है।मुख्य अतिथि ममता देवी ने भव्य रोजगार मेला के आयोजन के लिए एवं एक मंच पर नियोजको एवं नौकरी की चाह रखने वाले बेरोजगार युवक/युवतियों को साधन उपलब्ध करने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की।उन्होने बताया कि मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन के अथक प्रयास से स्थानीय बेरोजगार युवक/युवतियों को स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध हो रहा है। रामगढ़ जिले में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी द्वारा संचालित कुल 13 कौशल केन्द्र में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी बेरोजगार युवक/युवतियों इसका लाभ प्राप्त करे और साथ ही अपने जानने वालो के बीच सरकार द्वारा चलाए जा रहे ।

## लेप्रोसी कॉलोनी के परिवारो के बीच भोजन एवं कंबल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी शशि गुप्ता रवि प्रसाद साव रानी देवी संतोष साव रिंकी देवी सोनी देवी अपने पिता स्वर्गीय चतुर्थन प्रसाद साव के दूसरे पुण्यतिथि के मौके पर मौके पर 251 गरीब के लेप्रोसी कॉलोनी जरूरतमंदों को दोपहर का भोजन एवं कंबल का वितरण किया समाजसेवी शशि गुप्ता रवि साव ने कहा कि आगे भी अपने पिता के बताए हुए रास्ता एवं गरीब जरूरतमंद को मदद करने का कार्य किया जाएगा रानी देवी ने कहा कि हमारे पिता हमेशा गरीब जरूरतमंद को मदद एवं रोजगार से जोड़ने का कार्य किया करते थे जो आगे भी जारी रहेगा ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि समाज सेवी शशि गुप्ता आए दिन गरीब जरूरतमंद को मदद करने का कार्य करते हैं अपने स्वर्गीय पिता के पुण्यतिथि के मौके पर गरीबों को भोजन एवं कंबल का वितरण करना बहुत ही सराहनीय है गरीब महिलाएं व बच्चे लेप्रसी कॉलोनी के तमाम लोगों ने शशि गुप्ता जी का आभार प्रकट किया साथ ही उनके परिवार के तमाम लोगों को आशीर्वाद दिया।

## साइबर क्रिमिनल्स ने अपर समाहर्ता के बिजनेस एनालिस्ट को किया हाउस अरेस्ट, ठगे 8 लाख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** साइबर क्रिमिनल्स आम नागरिकों को हाउस अरेस्ट और अश्लील तस्वीरें दिखाकर अक्सर ठगने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। रामगढ़ शहर में अपर समाहर्ता कार्यालय के बिजनेस एनालिस्ट सुरेंद्र प्रसाद को भी साइबर क्रिमिनल्स ने अपना शिकार बनाया। उन्हें ऑनलाइन ही हाउस अरेस्ट कर दिया और इतना डराया की उन्होंने 8 लाख रुपए साइबर क्रिमिनल्स को ट्रांसफर कर दिया। उन्हें बाद में संदेह हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है, तो वह सीधे थाने पहुंचे।रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार अपर समाहर्ता के राजस्व शाखा में बिजनेस एनालिस्ट के रूप में कार्यरत सुरेंद्र प्रसाद रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया और कहा गया कि




उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद कर दिया जाएगा। अगर उन्हें इस बारे में ज्यादा जानकारी चाहिए तो दिल्ली पुलिस से बात करनी होगी, ताकि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड बंद ना हो। इस बातचीत के बाद उनका कॉल एक दूसरे नंबर पर ट्रांसफर किया गया। फिर व्हाट्सएप से मैसेज और वीडियो कॉल आना प्रारंभ हो गया। वीडियो कॉल से सुरेंद्र प्रसाद को बताया गया कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में सामने आया है। यह देश का सीक्रेट मिशन है, इसको वह किसी से भी शेयर नहीं करेंगे। इसके बाद उन्हें अरेस्ट का कागज भेजा गया, जिससे वे काफी डर गए। इसके बाद लगातार वीडियो कॉल और मैसेज आना प्रारंभ हो गया। इस दौरान उनसे पैसे की जांच के नाम पर 28 जनवरी को एक अकाउंट नंबर भेजा गया, जो फेडरल बैंक का था। अकाउंट होल्डर विकास यादव के नाम पर 29 जनवरी को उन्हें पैसे भेजने को कहा गया। सुरेंद्र प्रसाद इतना डर गए थे, कि उन्होंने अपने अकाउंट से 8 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। बाद में उन्हें शक हुआ कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## संपूर्ण व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में अधिवक्ता को नोटरी अधिनियम 1952 के तहत नोटरी नियुक्त होने पर जेएलकेएम में हर्ष : रमेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के समर्थक अधिवक्ता हरखनाथ महतो ग्राम व पोस्ट गंडके, थाना व जिला रामगढ़ के स्थाई निवासी को भारत सरकार के द्वारा नोटरी अधिनियम 1952 के अधीन नोटरी के रूप में नियुक्त किया गया है! और उन्हें नोटरी के रूप में संपूर्ण व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में व्यवसाय करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है ! पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की अधिवक्ता हरखनाथ महतो लगातार रामगढ़ अधिवक्ता संघ के लगभग 20 वर्षो से कोषाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं !और वर्तमान में भी वह कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं! इनका कार्यकाल काफी अच्छा सराहनीय रहा है। समय-समय पर पार्टी को लीगल एडवाइस के रूप में भी कार्य करते हैं।व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में नोटरी का कार्य मिलने से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ में हर्ष का माहौल है! बधाई देने में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, केन्द्रीय पदाधिकारी श्यामसुंदर महतो, केन्द्रीय युवा मोर्चा के सह सचिव भीम महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सचिव प्रभु दयाल महतो, प्रखंड महासचिव मांडू दीपक महतो, युवा मोर्चा पदाधिकारी नेमि महतो, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोरंजन महतो ,नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग महतो, जिला



कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष शंकर मेहता, केन्द्रीय संगठन सचिव लक्ष्मण महतो, जिला संगठन सचिव नंदकिशोर महतो, प्रखंड महामन्त्री मिथुन कुमार, बिरेंद्र कुमार, भवानी महतो, अनिल महतो, बुमरी पंचायत अध्यक्ष अरविंद गोप, बीरबल बेदिया, रवि बेदिया, बुमरी पंचायत मीडिया प्रभारी राकेश साहू, पंचायत सचिव रंजीत साव, रविंद्र कुमार महतो के अलावा सैकड़ो लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ,रामगढ़ कैंट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में फाइनल का प्रथम चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे सरदार तेजिंदर सिंह 'सोनी' थे। विद्यालय के छात्रों ने मुख्यातिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत करके किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ने दिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए नन्हें विद्यार्थियों के द्वारा मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के मध्य 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, सैक रेस, स्पून मार्बल रेस करवाया गया। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में खेल भावना पर बल देते हुए विद्यार्थियों को खेलकूद में उत्साहपूर्वक भाग



लेने की सलाह दी। उन्होंने जीवन में खेल का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ मन लगाकर एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने की बात भी कही। विद्यार्थियों को खेल शपथ सरदारनी जसविंदर होरा द्वारा दिलाई गई। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह के अनुसार विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तथा बच्चों की खेलों में रुचि के अनुसार उनको अपने भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है । खेल कूद प्रतियोगिता के पहले चरण में जो भी प्रतिभागी विजयी हुए उन्हें मेडल और सर्टिफ़िकेट देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रेसिडेंट सरदार परम दीप सिंह कालरा सहित रामगढ़ के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक , विद्यार्थी और सहायक कर्मचारियों ने योगदान दिया ।

## झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, दुलमी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की सुरक्षा को लेकर प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में दुलमी प्रखंड बीस अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, थाना प्रभारी नवीन पांडेय, बीडीओ अमित मिश्रा एवं सीओ किशोरी यादव उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय की चारदीवारी की ऊँचाई जल्द बढ़ाई जाएगी और पूरी चारदीवारी को कांटेदार तार से घेरा जाएगा। यह कदम विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया जा रहा है, ताकि वे एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहोल में शिक्षा ग्रहण कर सकें।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि संबंधित कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस पहल से विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और छात्राएं बिना किसी भय के शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। मौके पर वार्डेन रिंकी कुमारी पप्पू कुमार आदि थे ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद
रांची, शनिवार, 01 फरवरी 2025 | पेज 10

## अमरेश सिंह ने पहला कदम के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया शादी का सालगिरह




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जगजीवन नगर स्थित पहला कदम स्कूल में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह और उनकी धर्मपत्नी मृदुला सिंह ने अपनी शादी की 20वीं सालगिरह दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। दिव्यांग बच्चों के बीच केक काट कर बच्चों के साथ हंसी-खुशी के पल साझा किए। अमरेश सिंह और उनकी पत्नी ने दिव्यांग बच्चों के साथ बातचित करके काफी समय बिताया।इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीतों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।अमरेश सिंह ने पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों के साथ अपना विशेष दिन बिताने को सौभाग्य बताया और इन बच्चों के उत्थान, उज्जवल भविष्य के लिए साथ निभाने का संकल्प लिया। पहला कदम परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अमरेश सिंह और उनकी पत्नी मृदुला सिंह को स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने तुलसी का पौधा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने धनबाद में चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने धनबाद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के तहत, बड्स गार्डन स्कूल के 1000 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों को सड़क सुरक्षा की शिक्षा दी गई, जिससे एचएमएसआई की युवा पीढ़ी में जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता मजबूत हुई।युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारते हुए। एचएमएसआई ने इस अभियान को सुरक्षित सड़क प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव और रोचक गतिविधियों के माध्यम से डिजाइन किया। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाकर, एच एम एस आई सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और जिम्मेदार सड़क उपयोग की संस्कृति को विकसित करने का प्रयास कर रहा है।धनबाद में आयोजित इस अभियान में कई गतिविधियाँ शामिल थीं, जो सड़क सुरक्षा शिक्षा को व्यापक और इंटरैक्टिव बनाने के लिए तैयार की गई थीं। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक सुरक्षा पाठ, खतरे की पूर्वानुमान प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा क्विज़, हेलमेट जागरूकता सत्र, और व्यावहारिक राइडिंग ट्रेनर अभ्यास का अनुभव दिया गया। इन गतिविधियों को इस तरह डिजाइन किया गया था कि वे जानकारीपूर्ण और आकर्षक हों, जिससे प्रतिभागियों पर स्थायी प्रभाव पड़े। एच एम एस आई ने बड्स गार्डन स्कूल को इस अभियान को सफल बनाने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। यह साझेदारी सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात से संबंधित घटनाओं को कम करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जोरदार रही गूगल मीट पर भोजपुरी सरधा मंच की राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भोजपुरी सरधा मंच (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में गूगल मीट पर भोजपुरी भाषा की राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी के वयोवृद्ध कवि एवं पूर्व प्राचार्य जगदीश ओझा (बक्सर) ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश प्रियांशु (कोलकाता) एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. नीरा प्रसाद भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वयोवृद्ध कवि जगदीश ओझा ने झारखंड की ओजस्वी कवि व लोकप्रिय साहित्यकार प्रियदर्शिनी पुष्पा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की । मौके पर दो मिनट का मौन रखकर सभी कवियों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। तत्पश्चात सरस्वती वंदना साहित्यकार सरिता पांडेय ने करते हुए कार्यक्रम का आगाज किया।भोजपुरी के बहु चर्चित कवियों ने महाकुंभ, माँ सरस्वती, माँ और देश भक्ति कविताओं से शाम को शानदार बनाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथी के रूप मे वरिष्ठ पत्रकार व संस्था के मार्गदर्शक ज्ञान वर्धन मिश्र एवं वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी उपस्थित थे। जबकि अन्य कवियों में संस्था संस्थापक आचार्य संजय सिंह चंदन,संस्था की अध्यक्ष प्रमिला पांडेय,उपाध्यक्ष डॉ.शैलेश सिंह शौर्य, रिंकू दुबे वैष्णवी,रमेश हंसमुख(जमशेदपुर),सरिता पांडेय,डॉ. नीरा प्रसाद, भोजपुरी गीतकार गुड्डू गुलशन (सिवान), डॉ. रत्ना वर्मा राज, प्रकाश प्रियांशु सहित लोकप्रिय गायक गुड्डू गुलशन की गीत को खूब सराहा गया। सभी कवियों ने अपने मन मोहक अंदाज में भोजपुरी काव्य गोष्ठी में चार चाँद लगा दी। कार्यक्रम का विधिवत संचालन वरिष्ठ कवि संतोष ओझा प्रभाकर ने की। इस अवसर पर सभी कवियों के प्रति आभार व्यक्त वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य संजय सिंह चंदन ने की।

## नेहरू बालिका विद्यालय भूली की छात्रा चैंपियन की ओर अग्रसर : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू बालिका विद्यालय भूली के सचिव सह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने कहा है की भूली के नेहरू बालिका विद्यालय में एकमात्र केवल लड़कियों के लिए पढ़ाई के लिए अलग से व्यवस्था है। वहां केवल लड़किया ही शिक्षा ग्रहण करती है। श्री सिंह ने कहा की विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल जगत में भी यहां की छात्राएं प्रतिभावान है उन्होंने बताया की पहले विद्यालय के छात्रा संगीता सोरेन जो वर्ग दशम में थी। फुटबॉल में झारखंड में पहला स्थान बनाई थी और अब एक गांव की दूसरी लड़की बांस मुड़ी गांव की रहने वाली सोनी महतो जो विद्यालय के दसवीं क्लास की छात्रा है पिछले दिनों झारखंड राज्य में चतरा में हुए 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल की। इसके पहले 2024 में उसने महाराष्ट्र के नागपुर में पूरे देश में दौड़ में प्रथम स्थान पाई है 2023 में लखनऊ में 200 मीटर के दौड़ में भी पहला स्थान हासिल की थी और अब जो 6 फरवरी को उड़ीसा के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय चैंपियन के लिए दौड़ होने वाली है उसमें भी वह भाग लेने जाएगी हम विद्यालय की ओर से कामना करते हैं कि आने वाले दिनों में वह विद्यालय के साथ-साथ जिला और राज्य का भी नाम रोशन करें और धनबाद वासियों से आग्रह करेंगे की धनबाद की लड़की सोनी महतो दौड़ में ऑल इंडिया चैंपियन बने इसके लिए आप सभी की भी शुभकामनाएं जरूरी है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एसटी-पीआरओजे-केजीपी-एचडब्ल्यूएच-एमसीए, दिनांक 28.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (परियोजना)/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य के नाम का संक्षिप्त विवरण साथ में उसका स्थान:** खड़गपुर मंडल के मेचेदा में एक नई डिस्ट्रिब्यूटेड इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग द्वारा पुरानी पैनल इंटरलॉकिंग के प्रतिस्थान हेतु भवन के निर्माण के संबंध में सभी संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 24,34,42,304.35; **बयाना राशि:** रु. 13,67,200; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा प्रकाशित की गई है: www.ireps.gov.in**
(PR-1082)

# सबिले हुसैन ट्रस्ट की ओर से ग्लोबल सबिले हुसैन पब्लिक स्कूल एक उम्मीद भरी पहल : मौलाना आरिफ रज़ा कादरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** सबिले हुसैन ट्रस्ट, जो अपने शैक्षिक और सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, जल्द ही उम्मत मुस्लिम को एक नई सौगात देने जा रहा है। इंशा अल्लाह, सबिले हुसैन पब्लिक स्कूल की नींव रखी जाएगी। इस स्कूल का उद्देश्य एक मानक और आधुनिक शैक्षिक प्रणाली प्रदान करना है, जो विशेष रूप से मुस्लिम छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा।शैक्षिक मानक ¬ सबिले हुसैन पब्लिक स्कूल में शैक्षिक मानक को अत्यधिक महत्व दिया जाएगा। आधुनिक शिक्षण सामग्री, अनुभवी शिक्षक और उच्च शिक्षा की सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी, ताकि छात्रों (विशेष रूप से गरीब और पिछड़े बच्चों) को सबसे अच्छा शैक्षिक वातावरण मिल सके।नैतिक प्रशिक्षण ¬ स्कूल में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस्लामी सिद्धांतों के आधार पर नैतिक और सामाजिक शिक्षा दी जाएगी, ताकि छात्र न केवल ज्ञान में बल्कि चरित्र में भी प्रगति कर सकें।सुविधाएँ ¬ स्कूल में आधुनिक शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी, जिनमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी और खेल के मैदान शामिल होंगे। ये सुविधाएँ छात्रों की शैक्षिक और शारीरिक विकास में सहायक सिद्ध होंगी।समुदाय का विकास ¬ ग्लोबल साबिले हुसैन पब्लिक स्कूल की स्थापना न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि समुदाय के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस स्कूल के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के बच्चों को एक मानक शिक्षा प्रदान की जाएगी, जो उनके भविष्य की सफलता की गारंटी होगी।सारांश ¬ सबिले हुसैन ट्रस्ट की ओर से सबिले हुसैन पब्लिक स्कूल की स्थापना उम्मत मुस्लिम के लिए एक उम्मीद भरी पहल है। यह स्कूल न केवल मानक शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि छात्रों के नैतिक प्रशिक्षण और समुदाय के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस स्कूल के माध्यम से सबील हुसैन ट्रस्ट का संकल्प है कि मुस्लिम छात्रों को सर्वोत्तम शैक्षिक अवसर प्रदान करके उनके भविष्य को उज्जवल बनाया जाए। उपरोक्त सारी बातें सबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना आरिफ रज़ा कादरी ने कही।

## वित्त मंत्री का डीसी एवं एसएसपी ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड के मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य कर तथा संसदीय कार्य विभाग, राधाकृष्ण किशोर शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2024 - 25 अंतर्गत राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति तथा राजस्व वृद्धि के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा के लिए धनबाद पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सर्किट हाउस में माननीय मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# वित्त मंत्री ने दिया कर संग्रह लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश

### माइनिंग एरिया में चलने वाले वाहनों के कागजातों की जांच करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** माननीय मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य कर तथा संसदीय कार्य विभाग, राधाकृष्ण किशोर ने शुक्रवार को खनन, परिवहन, वाणिज्य कर, भू-राजस्व, नगर निगम सहित अन्य विभागों की वित्तीय वर्ष 2024 - 25 अंतर्गत राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति तथा उनके द्वारा राजस्व वृद्धि के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा।समीक्षा करने के बाद माननीय मंत्री ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने मीडिया से कहा कि राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि खनन एवं परिवहन विभाग को समन्वय स्थापित कर माइनिंग एरिया के अंदर चल रहे वाहनों के कागजातों की जांच करने तथा पर्याप्त कागजात नहीं होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।माननीय मंत्री ने कहा कि धनबाद जिले को विभिन्न स्रोत से राजस्व प्राप्त होता है। जिसमें कमर्शियल टैक्स में कतरास अंचल में सबसे कम राजस्व प्राप्त हुआ है। कतरास अंचल 58.91त्न लक्ष्य से पीछे है। पूछने पर कतरास अंचल के डीसी कमर्शियल टैक्सेस इसका संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। इसलिए उनको शोकोज किया है। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।माननीय मंत्री ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में बीसीसीएल से अब-तक 32 करोड़ रुपए कम मिले है। 31 मार्च से पहले और 13.62 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड से 197 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 208 करोड़, दामोदर वैली कारपोरेशन से 521 में 488 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। जीएसटी को लेकर माननीय मंत्री ने कहा कि अब डिफाल्टर का बैंक अकाउंट अटैच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी नंबर लेने में जो बैंक अकाउंट दिया जाएगा उसमें टर्नओवर के अनुरूप निश्चित राशि अकाउंट में रखना अनिवार्य होगा। पत्रकार वार्ता से पहले माननीय मंत्री ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि विधायिका और कार्यपालिका मिलकर काम करेगी तो राजस्व संग्रहण में वृद्धि होगी। उन्होंने वित्तीय अनुशासन को मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग को 31 मार्च 2025 तक राजस्व संग्रहण लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में माननीय वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राज्य कर सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार, राज्य कर अपर आयुक्त विनय कुमार सिन्हा, राज्य कर पदाधिकारी अनिरबान आईच, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, ध्रुव नारायण राय, गालिब अंसारी के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## गुरु नानक कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरु नानक कॉलेज के एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम, भूदा कैंपस में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एग्जीबिशन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक तरीके से मौडल्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर एस मोड़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवीन सिंह एवं डॉ. संजू कुमारी डीन सामाजिक विज्ञान बीबीएमकेयू ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के 80 छात्र - छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर 17 मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर एस मोड़ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवीण सिंह ने बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी बहुत ही शानदार है और हर महाविद्यालय को इस तरह के कार्यक्रम करने चाहिए। डॉ. संजू कुमारी ने विद्यार्थियों को आशीष देते हुए कहा कि इस विषय पर प्रदर्शनी की उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी।विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ. जितेंद्र आर्यन पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू,अमूल्य वेग पीजी डिपार्टमेंट बीबीएमकेयू, शर्मिला बनर्जी रिटायर्ड प्रोफेसर बीबीएमकेयू एवं राजीव कुमार सीनियर एडिटर दैनिक भास्कर ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और निर्णायक की भूमिका निभाई।कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने स्वागत भाषण देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं की प्रतिभाओं को प्लैटफॉर्म मिलता है।

## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति– अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

अति–अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/18/2024-25 (2nd Call)

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 03.02.2025
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 13.02.2025 अपराहन 04:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 14.02.2025 अपराहन् 04:00 बजे तक।
6. मद का नाम :– नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन
7. हेल्पलाईन नं0 :– 8084609105 8651204505

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | Construction of Pcc road from somen work shop to H/o Kuldeep mahto in ward no-01 (opposite of Agrasen dav school marar) | 1213772.00 | 24275.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 02 | 03 | Construction of Retaining wall at ward no-03 ( bongabar,bagadohar) | 1660203.00 | 33204.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 03 | 10 | Laying of Paver block road from a) PCC road to H/O jainul ansari b) h/o Charan munda to buklu mistri c) h/o arun gaderi to h/o Sanjay bediya in ward no-10 | 1116751.00 | 22335.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 04 | 13&14 | Construction of drain from a) H/o Ramdev Paswan to nishe dhoura jharna culvert b) Ambedkar chouk main drain to h/o S.K rai at chari mohalla Ambedkar chowk in ward no-12&14 | 1899412.00 | 37988.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 05 | 27 | laying of Paver Block and Boundary wall of Community Hall at Uppar Tola in ward no 27 | 1287500.00 | 25750.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 06 | 31 | Construction of Ghat at Kankebar Talab Near Shiv Mandir at Kankebar in Ward No-31 | 1354500.00 | 27090.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 07 | 31 | Construction of Step at Barka Bandh in Gausa Talab in Ward No 31 | 2213900.00 | 44278.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 08 | 32 | onstruction of Retaining wall at at Kurum Near Kurum Talab in Ward no 32 | 1592200.00 | 31844.00 | 5000.00 | 90 दिन |

नोटः–
1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।
7. वैसे सभी संवेदक जिन्होने इस कार्यालय के द्वारा निकाले गये पुर्व निविदाओं में **L1** होने के पश्चात अभी तक एकरारनामा नहीं किया है अथवा एकरारनामा होने के पश्चात कार्य प्रगति दिये गये अवधि के अंदर कार्य सुरू नही किया है उन्हें इस **NIT** में प्राथमिकता नही दी जायेगी/साथ ही उनके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.345590 District(24-25):D

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

—:आम सूचना :—

" दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | जरगा | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9934748130 |
| | | कोलगरमा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | लरियाडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | बेकोबार द0 | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | बेकोबार उ0 | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मेघातरी | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | लोकाई | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री सुदर्षन चौधरी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | इन्दरवा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | खरकोटा | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | झुमरी | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | पाण्डेडीह | पचांयत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | पथलडीहा | पचांयत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| 2 | सतगॉवा | मीरगंज | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री नीतीष कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | कटैया | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | टेहरों | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | अम्बावाद | पचांयत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | खुटटा | पचांयत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | नावाडीह | पचांयत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | बासोडीह | पचांयत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | मरचोई | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | इटाई | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | राजाबार | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | कोठियार | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| 3 | जयनगर | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2. श्री विषुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | नईटॉड | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | पिपचो | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | बेको | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | खरियोडोह | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | तेतरॉन | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | कटिया | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | गड़गी | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | गोहाल | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | तिलोकरी | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 01.डा0 शोएब खान प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जयनगर 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 7858096780 |
| | | घरौजा | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | रूपायडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | कन्द्रपडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | तमाय | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | करियावॉ | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | होरोडीह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | कटहाडीह | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| 4 | डोमचॉच | पारहों | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | खरखार | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ राजेष कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरीषचन्द्र मिश्र (अनुसेवक) | 8789914345 |
| | | नावाडीह | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | फूलवरिया | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | पूर्नाडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | घरगॉव | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मसमोहना | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | बेहराडीह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | मधुवन | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | कुण्डी धनवार | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | ढोढ़ाकोला | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | मसनोडीह | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| 5 | चन्दवारा | चन्दवारा पूर्वी | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | चन्दवारा पष्चिमी | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | पिपराडीह | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | मदनगुण्डी | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | ऊरवॉ | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | पथलगढ़ह | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | बडकीधमराय | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | कांको | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | थाम | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | खाण्डी | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 01.03.2025 03.02.2025 | | |
| 6 | मरकच्चो | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 01.02.2025 03.02.2025 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री कृष्णा सिंह (अनुसेवक) | 7903560601 |
| | | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 04.02.2025 05.02.2025 | | |
| | | जामू | पंचायत भवन | 06.02.2025 07.02.2025 | | |
| | | महुगाय | पंचायत भवन | 08.02.2025 10.02.2025 | | |
| | | मरकच्चो उत्तरी | पंचायत भवन | 11.02.2025 13.02.2025 | | |
| | | मरकच्चो दक्षिण | पंचायत भवन | 14.02.2025 15.02.2025 | | |
| | | सिमरिया | पंचायत भवन | 17.02.2025 18.02.2025 | | |
| | | तेलोडीह | पंचायत भवन | 19.02.2025 20.02.2025 | | |
| | | देवीपुर | पंचायत भवन | 21.02.2025 22.02.2025 | | |
| | | डगरनावां | पंचायत भवन | 24.02.2025 25.02.2025 | | |
| | | कादोडीह | पंचायत भवन | 27.02.2025 28.02.2025 | | |
| | | पूर्णानगर | पंचायत भवन | 01.03.2025 03.03.2025 | | |
| | | मरकच्चो मध्य | पंचायत भवन | 04.03.2025 05.03.2025 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदकः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 345530 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के मार्गदर्शन में 31 जनवरी 2025 को सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानों से आए पुलिस अधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे द्वितीय श्रीमती नीरजा आसरी, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, लोक अभियोजक श्रीमती मिनी लकड़ा, डा स्मृति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने श्री राजकमल मिश्रा ने कहा कि पॉक्सो काफी गंभीर प्रवृत्ति का अपराध है। जिसमें पीड़िता पर शारीरिक के साथ मानसिक प्रभाव पड़ता हैं। पोक्सो अधिनियम अंतर्गत चाइल्ड को लेकर परिभाषित किया गया है। जिसे साबित करना आवश्यक है। वहीं साबित करने से पूर्व साक्ष्य एकत्र करें। साक्ष्य दो प्रकार से एकत्र हो सकते मेडिकल साक्ष्य और दस्तावेजी साक्ष्य। उन्होंने कहा कि मामले पर संवेदनशील होना आवश्यक है। साथ ही मानवीय दृष्टिकोण अपना कर ही मामले को अच्छे तरह से अनुसंधान कर सकते हैं। वहीं प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष ने कहा कि पॉक्सो काफी गंभीर मामला है। मामले में उम्र पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उम्र के आधार पर ही सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का मेडिकल आवश्यक है। साथ ही साक्ष्य को अच्छे ढंग से एकत्रित करें। लोक अभियोजक श्रीमती मिनी लकड़ा ने पॉक्सो मामले पुलिस द्वारा किए जाने वाले अनुसंधान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पीड़िता किसी भी नजदीकी थाने में मामला दर्ज करा सकते हैं। वहीं यदि मामला दर्ज होने में देरी होने पर पुलिस को देरी होने के कारण को अंकित करना होता है। उन्होंने कहा कि पीड़िता की बातों को संवेदनशीलता के साथ सुने। साथ ही मामले पर अच्छे से साक्ष्य संग्रह करने व एफआईआर को सही और अच्छे ढंग से लिखने की बात कही। ताकि मामले को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। वहीं डा स्मृति ने पॉक्सो मामले में सही तरीके और बारीकी से साक्ष्य को एकत्र करने की बात कही। इसके पूर्व डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कार्यशाला के उपस्थित लोगों को विषय वस्तु की विस्तृत जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ किसी प्रकार से यौन शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। इस कानून का निर्माण नाबालिक बच्चों के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामले को रोकने के लिए किया गया था। इस कानून के द्वारा अलग-अलग अपराधों के लिए अलग अलग सजा का प्रावधान है।

# सैनिकों की ड्यूटी जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक तपस्या : मधुमिता शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शुक्रवार को एनसीसी के महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। भारतीय सेना में कार्यरत एनसीसी के कार्यकर्ता हवलदार संजीव सिंह,हवलदार इमकोग सुपेन गुमला से उपस्थित थे। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। अमन आचार्य जी के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि सैनिक निर्भीक होकर सीमा पर तैनात हैं,सैनिकों की ड्यूटी महज एक जिम्मेदारी नहीं एक तपस्या है। जहां दुश्मनों के साथ कठिन मौसम में भी लड़ते हैं। 46 झारखंड बटालियन द्वारा एनसीसी प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त हवलदार संजीव सिंह ने एनसीसी में भाग लिए गए भैया-बहनों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से मजबूत होना पड़ता है। एनसीसी कैडेट्स समाज में अनुशासन, कर्तव्य,निष्ठा का भी मिसाल कायम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र साहस, अनुशासन नेतृत्व,धर्मनिरपेक्ष व निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास कर उपयोगी नागरिक बनाना होता है। हम सब भारतीय हैं। इस कार्यक्रम में वीणा तिवारी,अमन कुमार, सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे। विद्यालय के 50 कैडेट्स और सभी आचार्य आचार्या मौजूद थे।

# अविराम सचिव इंद्रजीत भारती ने स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह को उनके पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वालो वीरों से से झारखंड के लोहरदगा की भूमि भरी हुई है, स्वंत्रत्रता सेनानी स्वर्गीय बुधन सिंह का नाम इसमें अग्रणी है। उन्होंने देश की आजादी के लिए उच्च वर्गीय जमींदार परिवार से होने के बाद भी संघर्ष किया और इस मिथक को तोड़ा की उच्च वर्ग शोषक है जबकि आजादी के लिए सबने एक होकर संघर्ष किया। इस संघर्ष में उन्हें जेल जाना पड़ा जहां अनेकों यातनाओं को देश की आजादी के लिए हंसते हंसते स्वीकार किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते हुए अविराम के सचिव इंद्रजीत भारती ने कहा कि हम ऐसी विभूतियों से देश सेवा का पाठ ले और देश को गुलाम मानसिकता से बचाएं और एकजुट होकर रहें।

# सरस्वती पूजा का महत्व धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि सरस्वती पूजा व बसंत पंचमी हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष में माघ पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होगी, जो अगले दिन यानी 3 फरवरी को सुबह 6 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। इस साल सरस्वती पूजा रविवार 2 फरवरी को मनाई जाएगी। वहीं बहुत से लोग उदयातिथि के आधार पर इसे 3 फरवरी को भी मनाएंगे। इस प्रकार इस वर्ष सरस्वती पूजा 2 दिन मनाई जा रही है। इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। मां सरस्वती का एक नाम 'श्री' भी है, इसलिए इस दिन को 'श्री पंचमी' भी कहते हैं। तथा विशेष रूप से विद्या की देवी, सरस्वती की पूजा के रूप में मनाया जाता है। बसंत पंचमी का दिन बसंत ऋतु के आगमन का संकेत भी है, जो शीतकाल के बाद खुशहाली और नूतनता का प्रतीक मानी जाती है। इस दिन को खासतौर पर ज्ञान, कला, संगीत, और विज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा के लिए समर्पित किया जाता है। सरस्वती देवी को विद्या,बुद्धि,संगीत और कला की देवी माना जाता है। हिन्दू धर्म में यह विश्वास है कि उनकी पूजा से जीवन में ज्ञान और सदबुद्धि का वास होता है। विद्यार्थियों, शिक्षकों, कलाकारों और संगीतज्ञों के लिए यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि वे अपनी पुस्तकों, लेखन सामग्रियों और संगीत वाद्ययंत्रों की पूजा करते हैं ताकि देवी की कृपा से उन्हें सफलता और उन्नति प्राप्त हो। बसंत पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पूजा स्थल को स्वच्छ किया जाता है। फिर सरस्वती देवी की प्रतिमा या चित्र को पीले वस्त्र पहनाए जाते हैं,क्योंकि पीला रंग बसंत ऋतु का प्रतीक है।

# अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी खेल महोत्सव में दिखी बच्चों की प्रतिभा करण कुमार राम बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी टिको कुरू में खेल कूद महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सचिव इंद्रजीत भारती द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए खेल शरीर मस्तिष्क के साथ साथ हमे अच्छा व्यक्ति बनाता है निर्णय क्षमता को बेहतर करता है। सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार करण कुमार राम को प्राप्त हुआ। बिस्कीट रेस में क्लास नर्सरी के मनीष साहू प्रथम स्थान, अब्दुल सफीक ने द्वितीय स्थान तथा अनिकेत लकड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर रेस में प्रथम स्थान अंकुश कुमार प्रजापति तथा विजय कुमार ने प्राप्त किया। सुई धागा रेस में पूजा कुमारी प्रथम स्थान, माधुरी सिंह द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान वर्षा कुमारी ने प्राप्त किया। हाई जंप में अभिषेक उरांव ने प्रथम स्थान, कुशाल शहदेव ने द्वितीय स्थान तथा हम्माद अकरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी को मुख्य अतिथि इंद्रजीत भारती द्वारा मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्यारी, शशि, चिनीवास, सुनीता, शबनम, रोशन, संगीता, काजल, अफसाना, तारामनी, बबीता यादव, पुजा, प्राची, पूना, खुशबू, अनुषा तथा शुभम बागवार आदि सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी सभी के प्रेरणास्रोत होते है : साजीद अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह की पुन्यतिथी पर बुधन सिंह लेन स्थित उनकी प्रतिमा पर लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजीद अहमद ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सांसद प्रतिनिघि साजीद अहमद ने कहा की स्वतंत्रता सेनानी सभी के दिल मे बसते है। सांसद सुखदेव भगत के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह की प्रतिमा अपने विद्यायकी काल मे स्थापित कराया ,साथ ही साथ लोहरदगा जिले के विभिन्न स्थानो पर सांसद ने स्वतंत्रता सेनानियो की कई प्रतिमाये स्थापित करवाई है ।आने वाले17 फरवरी 2025 को माननीय सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से अमर शहीद वीर बुधु भगत की ज्यन्ती समारोह भव्य रूप से मनायी जायेगी माननीय सांसद सुखदेव भगत ने हमेशा स्वतंत्रता सेनानियो को सम्मान देने का कार्य किया है। पुन्यतिथी के अवसर पर रितेष सिंह मनोज सोन तिर्की मनोज भगत ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# त्यौहार मे कानुन व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन को आप सभी का सहयोग आवश्यक : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 31 जनवरी शुक्रवार को आगामी त्योहार 03 फरवरी को सरस्वती पुजा एवं 04 फरवरी को प्रतिमा विसर्जन को लेकर कैरो थाना परिसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य के अध्यक्षता मे शांति समिति सदस्यों एवं विभिन्न पुजा पंडालो के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में बैठक आहुत की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रविपदा0 सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि सरस्वती पुजा में किसी भी प्रकार आपतिजनक कार्य मोबाईल, फेसबुक, ट्विटर पर करना दंडनीय अपराध हैं, इन सब से आप पुजा पण्डालो के सद्स्यो को बचना है,त्योहार में कानुन व्यवस्था बनाये रखने मे पुजा समिति व गणमान्य प्रखंड प्रशासन का करें सहयोग वही किसी प्रकार की आशंका पर अविलंब प्रशासन को करें सुचित, अफवाहों पर न दे ध्यान। अंचल अधिकारी सुश्री शीला उराँव ने कहा कि तेज ध्वनि से डीजे बजाना समाज के बयोवृद्ध लोगों के लिए हानिकारक है इसे भी रखे ख्याल। वही थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने प्रखंड के गजनी, हनहट, सढ़ाबे, कैरो, नरौली व गुड़ि पंचायत के विभिन्न ग्रामो से आये पुजा पंडालों के सदस्यो से मुर्ति विसर्जन के निमित परंपरागत मार्ग एवं समय का विशेष ख्याल रखने का निर्देश पुजा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया।

# ट्रक ओनर एसोसिएशन ने गरीब असहाय एवं विकलांग लोगों के बीच बाटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार के द्वारा पावरगंज, मैना बगीचा आदि क्षेत्रों में गरीबों, असहायों एवं विकलांगों के बीच इस ठंड के मौसम पर कंबल एवं गर्म टोपी दिया गया। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों एवं असहायों की जितनी भी मदद की जाए कम है, और कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है। सचिव मो0 कैश ने कहा की हर ठंड के मौसम पर यथासंभव जरूरतमंदों के बीच यह मदद की जाती है, और कहा कि असहायों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। विकलांग जरा उरांव, लुथर उरांव, बुजुर्ग राम प्यारी उरांव, गुड्डू महली ने कहा कि हमें इसकी बहुत ही आवश्यकता थी अब हमें बहुत राहत मिलेगी, आज इस वितरण में कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ, सचिव मोहम्मद कैश, रामानंद प्रसाद सिंह, हलीम अहमद, श्रवण साहू, चंदन यादव, शुभम शर्मा, हर्षित कुमार सोनी आदि थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर कुडू थाना परिसर में शांति समिति का बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सरस्वती पूजा को लेकर कुडू थाना परिसर में शान्ति समिति का बैठक कुडू सीओ श्रीमती मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित शांति समिति बैठक को संबोधित करते हुए सीओ श्रीमती मधुश्री मिश्रा ने कही कि सरस्वती पूजा सभी लोग भाई चारे के साथ आपसी सौहार्द से पर्व को मनाए। वहीं उपस्थित शांति समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न तरह के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा किया।इस मौके पर कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि सभी लोग शान्ति और सौहार्द के साथ त्योहार मिल जुल कर मनायें, मोबाइल पर किसी तरह का गलत और आपत्तिजनक पोस्ट न करें अफवाह पर ध्यान ना दें। भड़काऊ गाना ना बजाएं। इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा की त्यौहार भाई चारे के साथ मनाएं कुछ ऐसा ना करें जिससे किसी तरह का गलत अफवाह फैले और क्षेत्र में शान्ति भंग हो। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि शांति समिति सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में पर्व के दौरान आपसी सौहार्द को कायम रखने में योगदान देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें।

# अनुशासन में रहकर लगन से पढ़ाई करेंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत संत इग्नासियस मध्य विद्यालय सोसो गुमला पहुंचने पर सांसद का शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया ।मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मिशन संस्था का पूरे देश में शिक्षा को आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र को आगे ले सकते हैं। शिक्षित समाज विकास का पैमाना होता है। श्री भगत ने बच्चों से कहा कि आप अनुशासन में रहकर लगन से पढ़ाई करेंगे तो आपको लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अलेक्स किंडो, पुरोहित गेब्रियल केस, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, सांसद के निजी सहायक आलोककुमार साहू, रवि रोशन बेक, मोती चौबे सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

# ओबीसी समुदायों ने ओ.बी.सी.का आरक्षण निर्धारित करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शुक्रवार को समस्त ओबीसी समुदायों ने जिला उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण को अपना ज्ञापन सौंपा जिसमे विनम्रता पुर्वक कहना है कि राज्य के नगर निकाय चुनाव से पूर्व ओ.बी.सी. का आरक्षण निर्धारित करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे शुरू किया गया।जिसे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर निकायों में बीसी-वन और बीसी-टू वर्ग के नागरिकों का अध्ययन किया जाना है। जिसके तहत आयोग द्वारा सभी जिलों को प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है। जिसके तहत निकायों में मतदाता संख्या, मतदाता का नाम, पिता या पति का नाम, उम्र, लिंग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बीसी वन व बीसी-टू की पूरी जानकारी भर कर अयोग को सौपने का निर्देश दिया गया है। यह डेटा, पहले बूथ स्तर पर।फिर कार्ड स्तर और उसके बाद निकाय के स्तर पर कुल आबादी का डोर-टू-डोर सर्वे के आधार पर 31 जनवरी तक तैयार किया जाना है।पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी की जानी है। किन्तु सर्वे इस प्रकार नहीं किया जा रहा है।इस दौरान प्रिंट मिडिया से प्राप्त जानकारी के आधार पर ज्ञात हुआ है कि झारखण्ड के जिलों धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूँटी, गोड्डा, लातेहार, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, पलामु आदि 15 जिलों के शहरी क्षेत्रों में ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया पूरा हो गया है। इस सम्बन्ध में कहना है कि यह बात पूरी तरह से भ्रामक, छलावा और मिथ्या है क्योंकि लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्रों में अभी तक इस प्रकार कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है और न ही डोर-टू-डोर सर्वे के लिए हमारे घर कोई आया है।जिसे यह प्रतीत होता है कि ट्रिपल टेस्ट सर्वे प्रक्रिया में भारी अनियमित्ता व लापरवाही बरतते हुए खानापूर्ति की जा रही है। पिछली जनगणनाओं में भी ओ.बी.सी. की जनसंख्या को नहीं दिखया गया और इस बार भी राज्य में ओ.बी.सी. की जनसंख्या को छुपाने की साजिस रची जा रही है। इससे जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु के होने वाले बहुत से नए वोटर्स भी वोट देने से वंचित रह जाएँगे। हम ओ.बी.सी. वर्ग के लोग मूल रूप से यहाँ निवास करने वाले आदिवासी हैं।जबकि हमारे हक और अधिकारों के हित में ऐसा खिलवाड घोर आपत्ति जनक और निन्दनीय है और ऐसा कृत्य हम ओ.बी.सी.वर्ग के लोगों को पारदर्शिता पूर्ण ट्रिपल टेस्ट मांग को लेकर पुनः आन्दोलन करने व न्यायालय की शरण में जाने पर मजबूर कर सकता है।ओ.बी.सी.वर्ग के आरक्षण के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया सम्पन्न किया जाए। इस कार्य हेतु समस्त ओ.बी.सी.वर्ग के लोग आपके सदा आभारी रहेंगे।

# प्रबुद्ध लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की 56 वीं पुण्यतिथि में उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुबे के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी, सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी व निर्धन परिवार के बुद्धन सिंह की56वीं पुण्यतिथि में उनके प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित करने जिले के क्या आम और क्या खास सभी लोगों ने अपना शीश नवाया।बुद्धन सिंह अंग्रेजों के आंख के किरकीरि थे तथा उन्होंने उनके नाको में दम कर रखा था।सन् 1932 में स्थानीय डाकघर व कोयल पुल को बम से उड़ाने की साजिश में भागलपुर, हजारीबाग, दानापुर व रांची जेल में 2 वर्ष बिताए। 1943 में अपने सहयोगी शिव शंकर राम आर्य, छेदीलाल आजाद, बरन अहीर, छट्ठू प्रकाश केसरी आदि के साथ लोहरदगा थाना का जबरदस्त घेराव तथा धरना प्रदर्शन किया उसके बाद जुलूस की अगवाई करते हुए पोस्ट ऑफिस में जबरन तिरंगा फहराने पर पुनः दो वर्ष की सजा हुई। कांग्रेस के 1942 रामगढ़ अधिवेशन में शर्त के अनुसार नियमित खादीधारी वाहन चालक ही डॉ राजेंद्र प्रसाद को मंच तक पहुंचाएगा और यह सुअवसर बुधन सिंह को प्राप्त हुआ। 1953 में लोहरदगा में आयोजित आदि मानव सेवा मंडल कार्यक्रम में राष्ट्रपति बनकर शिरकत करने आए डॉ राजेंद्र बाबू शास्त्री चौक में अपने वाहन को रोक कर बुधन सिंह से कुशल क्षेम पूछा।ठाकुरबाड़ी मंदिर में मुकदमा लड़कर हरिजनो को प्रवेश दिलवाया। जेष्ठ पुत्र की शादी पर रस्म अदायगी के तौर पर सवा रुपए लिए। जगजीवन राम के बेटी से अपने बेटा का शादी का प्रस्ताव भी भेजा था।आजादी के बाद राजस्व मंत्री बने केबी सहाय द्वारा उनके योगदान हेतु 18 एकड़ जमीन दिए गए जिसे विनोबा भावे के भू-दान आंदोलन से प्रभावित होकर 12 एकड़ भू-दान कर दिए।उनकी इच्छा के अनुसार उन्हें खादी वस्त्र से लिपटाकर दाह संस्कार किया गया था।ऐसे अनेकों कृति उनके नाम दर्ज है।मौके पर झारखंड आरएसएस के प्रांत प्रमुख सच्चिदा नंद अग्र, शिक्षाविद् मदन मोहन पांडेय,शांति आश्रम प्रबंधक शरद चंद्र आर्य, लोहरदगा लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, लोहरदगा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, वनवासी कल्याण केंद्र संचालक कृपा शंकर सिंह, थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर,लाल राजेंद्र देव, सीताराम सराफ, बृज बिहारी प्रसाद, गोवर्धन शर्मा, प्रवीण सिंह, प्रोफेसर डॉ शशि गुप्ता, डॉ कुमुद कुमार, महेश सांवरिया, लाल नवल, शिवदत्त ठाकुर, श्री चंद प्रजापति, शिवराज राजगढ़िया, बीके बालाजीनप्पा, बलवीर देव, इंद्रजीत भारती, चंद्र किशोर प्रसाद, अनिल गुप्ता, मनोज दास, सहादत हुसैन,अजय पंकज, फिरोज शाह रिंकू, मनोज सोन तिर्की, मनोज भगत, अशोक शाह, नंदलाल साहू, लक्ष्मीनारायण भगत, परमेश्वर साहू, रमेश साहू, किशोर बंका, बंटू जायसवाल, रितेश सिंह, चंद्रशेखर मेहता, अशोक खत्री, शिरीष केसरी, उदय केसरी, राजकिशोर महतो, प्रणीत जायसवाल, विनोद राय, मो.मुमताज, मुकेश दुबे, दिनेश अग्र, नीरज नलिन, मुरली अग्रवाल, राकेश प्रसाद, डब्लू राय, संजीव साहू, राजू गुप्ता, उमेश कांस्यकार, अशोक उरांव, मदन पाठक, सतीश जायसवाल, दीपक सराफ, पशुपति पारस, दीपक अग्र, रमेश केसरी, विजय गुप्ता,सुधीर अग्र, संजय बर्म्मन व परिवार के गोपाल सिंह, ओम सिंह, विजय, मृणाल, शशि, जितेंद्र, गुंजन, नाव्या आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शनिवार, 01 फरवरी 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### सरस्वती पूजा के लिए भव्य पंडालों का निर्माण जारी




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी रांची में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में हटिया रेलवे कॉलोनी बी टाइप में लक्ष्मी नारायण समिति द्वारा लगातार नौ वर्षों से भव्य आयोजन किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष जितेन कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष पूजा स्थल पर एक विशेष पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लबाई आठ फीट और चौड़ाई 10 फीट होगी। इस पंडाल को बनाने में 50 हजार रुपए खर्च हो रहे हैं। पंडाल में अजंता आर्ट से सुसज्जित 12 फीट ऊंची और 6 फीट चौड़ी स्वर्णिम मूर्ति के रूप में मां सरस्वती विराजमान होंगी, जिसकी कीमत 20 हजार रुपये है। यह भव्य आयोजन 3 फरवरी से 5 फरवरी तक चलेगा। वहीं, दूसरी ओर छात्र जागृति संगम, लेक रोड द्वारा 65 वर्षों से सरस्वती पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी समिति ने एक विशेष पंडाल का निर्माण किया है, जिसकी चौड़ाई 12 फीट और ऊंचाई 15 फीट है। इस पंडाल की कुल लागत लगभग 45 हजार रुपए है। आयोजन समिति के संयोजक शंकर कुमार ने बताया कि इस बार मां सरस्वती की 12 फीट ऊंची भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी, जिसकी कीमत 21 हजार रुपए है। इस मूर्ति में एक हाथ में बड़ा शिवलिंग होगा, जबकि दूसरे ओर ऊपर हनुमान जी रौद्र रूप में विराजमान होंगे।

### मोरहबादी मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोरहबादी मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज शुक्रवार को हुआ। हातमा मौजा के प्रमुख पाहन जगलाल पाहन, मुकेश मुंडा, महादेव मुंडा ने संयुक्त रूप से जतरा का आदिवासी रूढ़िवादी परंपरा के तहत पूजा पाठ कर विधिवत शुरुआत की। राष्टीय जतरा महोत्सव समिति आयोजन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। महोत्सव में 24 जिले से 33 अनुसूचित जनजाति समुदाय के विभिन्न संगठनों के नेतृत्व में खोडहा दल का आना शुरू हुआ है। इस दौरान मोरहाबादी मैदान में आदिवासी संस्कृति, परंपरा की झलक दिखी। इस महोत्सव में झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, आसाम और बिहार और के आदिवासी समुदायों के पारंपरिक भोजन, कला, संस्कृति, साहित्य और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया गया है। महोत्सव में खाने के भी स्टॉल लगाये गये है, जहां आदिवासी व्यंजनों का आनंद लोगों ने उठाया।

भाकपा के जिला सचिव रुचिर तिवारी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

## भ्रष्ट हैं सदर मेदिनीनगर के भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जल्द हो कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने मुख्य सचिव रांची झारखण्ड सरकार को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार में लिप्त भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सदर मेदिनीनगर पर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री तिवारी ने अपने लिखे पत्र के माध्यम से कहा है कि भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर मेदिनीनगर पलामू घूसखोरी में लिफ्त रहते हुए आज पलामू जिला के नंबर वन घूसखोर पदाधिकारी बने हुए हैं। रेवेन्यू एवं सीलिंग संबंधी केस के मामले में वे लाखों रुपये तक का उगाही कर रहे हैं। साथ ही पैसा के बल पर गैर कानूनी रूप से फैसला करते हैं। इस पैसे के बल पर वह अचूक संपत्ति भी अर्जित कर चुके हैं। जिसकी जांच जरूरी है। इस कार्य में उनके पेरस्कार की भी संलिपता है। ऐसे में श्री तिवारी ने मुख्य सचिव झारखंड सरकार से मांग किया है कि पलामू जिला स्थित सदर मेदिनीनगर के भूमि सुधार

उप समाहर्ता के कदाचार एवं भ्रष्टाचार का जांच कर उन पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त पलामू करने का कष्ट करें। बता दें कि इससे पूर्व भी रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू उपायुक्त युक्त को पत्र लिखकर सदर मेदिनीनगर के भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्यारेलाल पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहकर काम करने का आरोप लगाकर बर्खास्त करने की मांग किया था। जिला सचिव श्री तिवारी ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त को कहा था कि उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर मेदिनीनगर के द्वारा सुनवाई के दरमियान मामले को लंबित रखा जाता है तथा केस (वाद) के दोनों पक्षकारों का इंतजार करते हैं कि कौन व्यक्ति इस मामले में ज्यादा पैसा देगा। और उसी के पक्ष में फैसला देते हैं। इस कार्य में उनकी मदद पेस्कार भी करते हैं।

## महाकुंभ भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को कौशल ने दी श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने इंडोनेशिया से भारत के महाकुंभ में मौनी अमावस्या की रात हुई भगदड़ में मारे गए श्रद्धालओं की आत्मा की शांति के लिए अपने साथियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने उनके परिजनों के इस विपदा की घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से अचानक आयी इस विपदा में धैर्य व साहस प्रदान करने की कामना की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय मिश्रा, दीपक ठाकुर और वागेश पांडेय का नाम शामिल है। बतादें पर्यावरणविद कौशल तीन दिवसीय दौरे पर अभी इंडोनेशिया में हैं। वहां वे पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने गए हुए हैं।

## थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना के प्रभारी मनोज कुमार को चंद्र रश्मि पिंगुआ के नेतृत्व में शांति समिति के लोगों द्वारा शॉल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता दे कर सम्मानित किया गया । ज्ञात हो की 26 जनवरी को मोराबादी में राज्यपाल के द्वारा उनको उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया था। चंद्र रश्मि पिंगुआ ने कहा कि हमारे बरियातू थाना क्षेत्र के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया है। इससे आने वाले भविष्य में पुलिस के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और वह अपने कर्तव्य निष्ठा के लिए जाने जाएंगे और हमारा झारखंड राज्य एक खुशहाल राज्य की श्रेणी में रहेगा। उन्होंने झारखंड कैडर के तीन डी. जी रैंक के आई.पी.एस अधिकारियों के सेवा निवृत्त होने पर बधाई दिया है और कहां की उन्हें अपने दायित्व का निर्वाह जिम्मेदारी पूर्वक किया इसके लिए राज्य की जनता आपकी सदा आभारी रहेगी एवं श्री अजय कुमार सिंह, अशोक मल्लिक एवं राज कुमार लकड़ा के उज्जवल भविष्य के एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना किया है। उन्होंने झारखंड कैडर के 1993 बैच के आई.पी.एस अधिकारी श्री एम. एस. भाटिया जी को स्वागत संदेश देते हुए कहा कि आपका झारखंड में पुनः आना हम राज्य वासियो के लिए खुशी का क्षण है। इस मौके पर चंद्र रश्मि पिंगुआ, शौकत अंसारी, रीना मजूमदार, संतोष कुमार, मनदीप राम, अनिल शर्मा एवं रिया तुलिका शामिल हुए।

## क्या शहर में लगे सीसीटीवी कमीशन की भेंट चढ़ गई : प्रथम महापौर

*** पुलिस प्रशासन की चुप्पी कोयल रिवर फ्रंट की पहचान मिटा रहा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट में लगे धौलपुर ग्रिल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने के पांच दिन के उपरांत आज तक दुहसहसी युवक को नहीं पकड़े जाने की निंदा की है। कहा कि इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि जिस सीसीटीवी पर सुरक्षा के लिए लाखों खर्च किए गए उसका क्या क्वालिटी है, जो घटनास्थल पर लगे रहने के बाद भी क्लियर फोटो नहीं दे पाया। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन ऐसे सीसीटीवी के भरोसे कैसे बड़ी घटना को पकड़ पाएगी। इस छोटी सी घटना से अंदाज लगाया जा सकता है या फिर, शहर में लगे सीसीटीवी कमीशन की भेंट चढ़ गई। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि जिस कोयल रिवर फ्रंट की चर्चा पूरे झारखंड में होती है, जहां सैकड़ो लोगों को रोजगार मिल रहा है, जहां शहर के लोग बाहर से आए अतिथियों को फक्र के साथ घूमाने ले जाते हैं और सरकार भी पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है। वही प्रशासन आज तक तोड़ने वाले को पूर्व में भी और अभी भी पकड़ना क्यों नहीं चाहती। यह विचारणीय विषय है। प्रथम महापौर ने प्रशासन से भी कहा है कि शहर की सुंदरता को बर्बाद ना होने दे। बहुत मुश्किल से हम सबों ठुह्र इसे सवारा है। इसे बचाने में सहयोग करें। प्रथम महापौर ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस घटना को गंभीरता से ली जाए। अन्यथा उपद्रवियों का मन बढ़ेगा और देखते देखते कोयल रिवर फ्रंट पूर्व की तरह अय्याशी और गंदगी का अड्डा बन कर रह जाएगा।

संत मरियम स्कूल में कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का हुआ आयोजन

## मोटिवेशनल स्पीकर आनंद जायसवाल ने दिया बच्चों को टिप्स




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल, विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, रिजिनल डायरेक्टर राहुल राजा प्रवीण दुबे व अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के चेयरमैन व प्राचार्य ने आए अतिथियों को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विदित हो की विद्यालय ने देश के उच्च स्तरीय परीक्षा की तैयारी कराने वाली झारखंड बिहार का श्रेष्ठ संस्थान मेंटर्स एडूसर्व के साथ जुडकर छात्रों के हित में नई पहल की शुरुआत की है, जहाँ मेंटर्स एडूसर्व के फाउंडर आनंद जायसवाल ने स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की विशेष जानकारी दी, साथ ही उनके शिक्षा से संबंधित उलझे विचारों को नयी राह प्रशस्त कर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

वही विद्यालय के चेयरमैन श्री देव ने आये अतिथियों व मेंटर्स एडूसर्व के समस्त सम्मानित शिक्षकों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो मैंने वर्षो पहले पलामू के शिक्षा की परिकल्पना की थी वह आज विद्यालय परिसर में हमें देखने को मिल रहा है। अब पलामू के मेधावी छात्रों को दिल्ली कोटा जाने की आवश्यकता नहीं है और ना ही पैसों के अभाव में उन्हें पढ़ाई छोड़ने की आवश्यकता है संत मरियम उनके भविष्य के लिए सदैव कृत संकल्पित है, और जो विद्यालय ने इस नई पहल की शुरुआत की है निश्चित रूप से आने वाले दिनों मे संत मरियम के विद्यार्थी अपनी कामयाबी का परचम लहराएंगे। उक्त मौके पर अभिभावक व हजारों बच्चे मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में रांची में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**रांची :** शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में शुक्रवार को विद्यालय के आचार्य श्रीमती सरिता कुमारी तथा कार्यालय प्रमुख श्री रंजीत कुमार सिंह की विदाई समारोह (सेवानिवृत) का आयोजन किया गया। विद्यालय के माननीय अध्यक्ष श्री शक्तिनाथ लाल दास ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया । विद्यालय के माननीय मंत्री श्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र जी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनके कार्यो की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की शुभ कामना की । विद्यालय के माननीय सह मंत्री डा. धनेश्वर महतो जी ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री एस वेंकट रमण ने उन्हें समिति द्वारा प्रदत राशि प्रदान किया । ज्ञात हो कि श्रीमती सरिता कुमारी ने 1994 में विद्यालय में टी.जी.टी संस्कृत के पद पर योगदान दिया था।

## पीएम आवास योजना : बेघर लोगों को मिला सेल्फ सर्वे का अधिकार



एजेंसी

**हमीरपुर :** पीएम ग्रामीण आवास योजना में अब केन्द्र सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। पहले पात्र लोगों के सर्वे कराए जाने के लिए अफसरों की कई टीमें लगाई गई थीं लेकिन पहली बार पात्र और गरीबों को सेल्फ सर्वे करने की सौगात दी गई है। इससे गरीबों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) का कहना है कि सरकार की मंशा है कि गरीब और पात्र लोग पीएम आवास के लिए सेल्फ सर्वे करें। इसके लिए एप बनाया गया है।पीएम ग्रामीण आवास योजना को लेकर अर्से से बड़ी संख्या में गरीब दर-दर भटक रहे हैं। जिले में अभी तक सत्ताईस हजार से अधिक आवास की सौगात गरीबों को मिला है। पात्र होने के बावजूद इससे कई गुना गरीब आज भी इस योजना से वंचित हैं। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, मुस्करा, राठ, सरीला और गोहांड आदि ब्लाकों के सैकड़ों गांवों में पीएम ग्रामीण आवास योजना के लिए हजारों गरीब परिवार अधिकारियों की परिक्रमाकर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र सरकार ने पीएम आवास योजना ग्रामीण का विस्तार वर्ष 2024-25 से वर्ष 2029 तक कर दिया है। पात्र लोगों को आवास की सौगात दिए जाने के लिए सर्वे कराए जाने की हरी झंडी दी गई थी। सर्वे के लिए ब्लाक और न्याय पंचायत स्तर पर टीमें गठित की गई थीं। अब केन्द्र सरकार ने योजना में बड़ा बदलाव करते हुए गरीबों को बड़ी सौगात दी है। इससे यहां गरीब परिवारों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। चंदुलीतीर, कलौलीतीर समेत तमाम गांवों के गरीब परिवारों ने बताया कि केन्द्र सरकार का यह फैसला गरीब और आवास विहीन लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।बेघर लोगों को अब मिला सेल्फ सर्वे का अधिकारहमीरपुर के सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीणों की तमाम शिकायतों को लेकर केन्द्र सरकार ने अब पात्र गरीब और लाभार्थी को बड़ी राहत दी है। लाभार्थी पीएम आवास ग्रामीण योजना की सौगात पाने के लिए अब खुद (सेल्फ) सर्वे कर सकता है।

## दिल्ली एनसीआर में 80 तस्कर गैंग सक्रिय





एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सहित उत्तर भारत के राज्यों में नशा तस्करी, संगठित अपराध रोकने एवं गैंगस्टरों पर शिकंजा कसने को लेकर शुक्रवार को पंचकूला में सात राज्यों के पुलिस महानिदेशकों, एनआईए, एनसीबी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा और स्पेशल टास्क फोर्स हरियाणा के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सात राज्यों- हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान तथा उत्तराखंड आदि राज्यों में अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने के बारे में चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय के कार्यान्वन और सीमा पार चल रहे नशा तस्करी एवं संगठित अपराध को रोकने और प्रदेश पुलिस के बेहतर तालमेल पर चर्चा की गई। बैठक में इस बारे में बताया गया कि नशे की आवाजाही के लिए अपराधियों द्वारा किस प्रकार युवाओं को निशाना बनाया जाता है। बैठक में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर सभी राज्यों के बीच को-आर्डिनेशन होने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सभी अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि राज्यों के बीच में अपराधियों का डाटा बेस साझा करने के लिए राज्यों की संयुक्त टीम बनाई जानी चाहिए। राज्य अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय के बेहतर कार्यान्वन के लिए अपने प्रदेश में एसपी रैंक में नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे ताकि सूचनाओं का वास्तविक समय में आदान प्रदान किया जायेगा। बैठक में एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की ज़रूरत है ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें। एनआईए के डीआईजी संतोष कुमार मीणा ने बताया कि संगठित अपराध रोकने के लिए अपराधियों की पहचान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।हरियाणा में संगठित हिंसक अपराध के बारे में एसपी स्पेशल टास्क फोर्स वसीम अकरम ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 80 आपराधिक गैंग सक्रिय हैं। इनमें से आठ बड़े गैंग ऐसे हैं जिनके द्वारा दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र में फिरौती आदि की मांग की जाती है। सभी गैंग ने विदेशों में अपने पॉइंट ऑफ़ कांटेक्ट बना लिए है और वहीं से बैठकर अपनी गैंग चला रहे है। इस दिशा में सभी राज्यों की पुलिस के संगठित प्रयास अत्यंत आवश्यक है। दुबई, पाकिस्तान, अर्मेनिआ, बैंकाक, थाईलैंड जैसे देशों से लेकर अमेरिका, पुर्तगाल और कनाडा में भी ये कुख्यात अपराधी छुपे हुए है जिनको वापस लाने के लिए पुलिस इंटरपोल के साथ संपर्क में है। प्रदेश पुलिस द्वारा इनका जल्द ही डिपोर्टेशन करवा लिया जाएगा। बताया गया कि हरियाणा पुलिस द्वारा वर्तमान में 35 लुक आउट नोटिस जारी किये गए हैं, वहीं 22 पासपोर्ट रिवोक किये गए हैं।

## शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन की अध्यक्ष ने किया महाकुंभ में शिव शिष्यों के साथ स्नान

**रांची :** विश्व कल्याण हेतू त्रिवेणी संगम में मांगा आशीर्वाद, शिव शिष्य परिवार की कार्यकारी अध्यक्ष और शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन की अध्यक्ष बरखा आनंद ने प्रयागराज महाकुंभ में शिव शिष्यों के साथ पवित्र स्नान किया।बरखा आनंद जी ने बताया कि इस महाकुंभ में स्नान का एक अलग ही महत्व है इस संगम के महान स्थल पर पहुँचने मात्र से ही मन पवित्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी शिव के शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानंद जी एवं दीदी नीलम के उद्देश्य के निमित चल रहे हैं जिसमें महेश्वर शिव को जन जन का गुरु बनाना है।प्रयागराज में शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन(न्यास) का शिविर भी स्नानार्थियों की सेवा के निमित लगा हुआ है,इसमें प्रतिदिन सैकड़ो लोगों के भोजन और सेवा का प्रबंध है। उनके साथ इस अवसर पर श्री सोमेन्द्र,श्री राजेश,श्री राहुल श्री आलोक,श्री शिव कुमार सहित अन्य लोगों ने संगम पर स्नान किया ।

## भारत वैश्विक सेवाओं में महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा : वी. अनंथा




एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक सेवाओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है। हालांकि, वैश्विक बाजार में चीन की मौजूदगी और प्रभुत्व को कम नहीं आंका जा सकता। सीईए ने कहा कि भारत को वृद्धि की ऊंची रफ्तार बनाए रखने के लिए अगले दो दशक में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को लगातार बढ़ाने की जरूरत है।डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन आज केंद्रीय वित्त मंत्री के संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश करने के बाद नई दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैश्विक सेवाओं में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में देश के के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि चीन ने पिछले कुछ दशकों में उच्च तकनीक और मध्यम तकनीक उद्योगों में एक प्रमुख उपस्थिति बनाए रखी है। सीईए ने कहा कि चीन की निर्माण क्षमता पर जोर दिया गया है, जिसके साथ दुनिया के सकल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी अगले 10 देशों के संयुक्त हिस्से से अधिक होने की उम्मीद है।मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि भारत को घरेलू विकास के मामले में जोर देना होगा, क्योंकि वैश्विक संदर्भ और विकास के लिए रूपरेखा बदल गई है। उन्होंने कहा की वैश्वीकरण, व्यापार और वस्तुओं और सेवाओं की तेज और बड़ी आवाजाही का युग हमारे पीछे रह गया है। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' की अपनी आकांक्षा को साकार करने के लिए भारत के लिए विकास के तीन लीवर की पहचान की, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण विकास के लिए विनियमन में ढील, राष्ट्र निर्माण में निजी क्षेत्र की भूमिका और भारत की प्राथमिकताओं के साथ ऊर्जा परिवर्तन है।सीईए ने उद्यमियों और परिवारों के लिए समय और मानसिक बैंडविड्थ को बहाल करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर विनियमन को कम करने पर जोर दिया, जिसका अर्थ है ,विनियमन को काफी हद तक वापस लेना। उन्होंने कहा,इसका मतलब है आर्थिक गतिविधि को सूक्ष्म रूप से प्रबंधित करना बंद करने और जोखिम-आधारित विनियमन को अपनाने की शपथ लेना और कार्य करना। नागेश्वरन ने कहा,इसका मतलब विनियमन के संचालन सिद्धांतों को 'निर्दोष साबित होने तक दोषी' से बदलकर 'दोषी साबित होने तक निर्दोष' करना है।